निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स



झारखंड में जेट परीक्षा देकर बाहर आते अभ्यर्थी

• बोकारो, सोमवार 27 अप्रैल 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 338 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित

# सभी योजनाओं की खुद से निगरानी करेंगे सीएम हेमंत

## रांची में बनेगा इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन योजनाओं की निचले पायदान तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए योजनाओं की सीधे आनलाइन निगरानी करेंगे। अभी तक योजनाओं की प्रगति तथा निचले स्तर तक पहुंचने की मुख्यमंत्री को जानकारी विभिन्न समीक्षा बैठकों में पदाधिकारी देते थे लेकिन अब मुख्यमंत्री को योजनाओं की स्थिति की जानकारी सीधे मिलेगी। यह संभव होगा सीएम डेटा इंटेलिजेंस प्लेटफार्म से। इस प्लेटफार्म के लिए राज्य मुख्यालय में इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर की स्थापना होगी। सूचना तकनीक एवं ई-गवर्नेंस विभाग के निर्देश पर जैप आइटी ने इस इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर की स्थापना के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की है। साथ ही सीएम डेटा इंटेलिजेंस प्लेटफार्म का भी प्रस्ताव सीएम डैशबोर्ड-2 योजना के तहत तैयार किया गया है। अगले माह हैदराबाद में एआइ तथा आइटी क्षेत्र में निवेश पर



आयोजित होनेवाले कार्यक्रम में इसपर देशभर के विशेषज्ञों से राय ली जाएगी, जिसके बाद इसे अंतिम रूप दिया जाएगा। सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से मुख्यमंत्री को न केवल योजनाओं की स्थिति की रियल टाइम और समग्र जानकारी मिलेगी बल्कि मुख्यमंत्री विभिन्न सूचकांकों (इंडीकेटर्स) में सुधार पर भी सीधे नजर रख सकेंगे। इससे पदाधिकारी समीक्षा बैठकों में सरकार को गुमराह नहीं कर सकेंगे। विभिन्न माध्यमों से विभागों में पहुंचनेवाली आम जनता की शिकायतों के निष्पादन पर भी मुख्यमंत्री नजर रखा सकेंगे। मुख्यमंत्री अपने कार्यालय कक्ष के साथ-साथ आवासीय कार्यालय से भी योजनाओं की निगरानी रख सकेंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हाल में आयोजित कार्यक्रमों में सरकार के जिला व प्रखंड स्तर के उन कर्मचारियों के साथ सीधे लिंक होने पर जोर दिया है। उनके अनुसार यह लिंक टूटने से गड़बड़ियों की संभावना बढ़ जाती है। शिक्षकों, सहिया (आशा), जल सहिया, आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका आदि को सरकार द्वारा टैब दिए जाने का उद्देश्य भी सरकार के साथ उनका लिंक जोड़ना है। हाल के दिनों में पंचायतों में विकास कार्य के लिए बड़े पैमाने पर 15वें वित्त आयोग की राशि भेजी गई है। साथ ही राज्य वित्त आयोग की अनुशंसा पर भी राशि पंचायतों को भेजी गई है। इन राशि से गांवों में पुल-पुलिया, सड़क का निर्माण होना है तथा पेयजल, सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य की सुविधाएं बढ़ाई जानी है। इन कार्यों की प्रगति पर निगरानी के लिए भी सीएम डेटा इंटेलिजेंस प्लेटफार्म के उपयोग पर जोर दिया गया है। यह परियोजना लागू होने पर मुखिया, पंचायत प्रमुख तथा जिला परिषद के अध्यक्षों को टैब भी दिया जा सकता है।

# अपहरण के बाद युवक की हत्या, कई लोग हिरासत में

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** टाउन थाना क्षेत्र में अपहरण के बाद एक युवक की हत्या हुई है। शनिवार की रात युवक का रेड़मा के समदा आहर के पास से अपहरण हुआ था और रविवार को सदर थाना क्षेत्र के जोरकट इलाके से उसका शव बरामद हुआ है। युवक की पहचान विनीत तिवारी के रूप में हुई है। अपहरण का आरोप विनीत के पड़ोस में रहने वाले प्रदीप तिवारी और उसके भाई पर लगा था, जो फिलहाल फरार चल रहे हैं। शव बरामद होने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंच पूरे मामले में छानबीन शुरू कर दी। पलामू एसपी कपिल चौधरी खुद घटनास्थल पर पहुंचे और पूरे मामले में छानबीन की है। इस दौरान स्निफर डॉग के माध्यम से भी अपराधियों का पता लगाने का प्रयास किया गया है। इधर घटना से नाराज लोगों ने रेड़मा में रोड जाम कर दिया है। डीएसपी राजीव रंजन ने शव बरामद होने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि पूरे मामले में आगे की छानबीन की जा रही है। कई लोग हिरासत में लिए गए हैं। वहीं एसपी कपिल चौधरी ने बताया कि घटना को लेकर पुलिस को आवेदन मिले हैं। पुलिस का अनुसंधान जारी है। अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने लोगों से आग्रह



मृतक की फाइल फोटो

किया कि इस घटना से संबंधित कोई भी जानकारी हो तो पुलिस के साथ साझा करें। उनकी पहचान को गोपनीय रखा जाएगा। एसपी ने कहा कि जमीन विवाद में अपराधीकरण को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। दरअसल, शनिवार रात विनीत तिवारी नामक युवक समदा आहर के पास मौजूद था। इसी दौरान कुछ लोग मौके पर पहुंचे और उसके साथ गाली गलौज की। इसके बाद युवक का अपहरण कर लिया गया। परिजनों ने इस पूरे मामले की जानकारी पुलिस को दी है। घटना की जानकारी मिलने के बाद टाउन थाना प्रभारी ज्योतिलाल रजवार के नेतृत्व में पुलिस बल मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। घटनास्थल से एक कार भी बरामद की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### राहगीरों से छिनतई करने वाला गिरफ्तार

**गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)।** शहर के सुरक्षित क्षेत्र से गुजर रहे राहगीरों संग छिनतई करने वाले गिरोह का अहम सदस्य गिरफ्तार हो गया है। गिरोह के सदस्य की गिरफ्तारी देवघर से की गई है। इसके पास से लूटा गया आई फोन, नगद राशि के साथ-साथ अन्य सामान भी बरामद कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपी नगर थाना इलाके के न्यू चूड़ी मोहल्ला निवासी अफरोज शेख है। इसकी जानकारी रविवार को सदर एसडीपीओ जीतबाहन उरांव ने दी है। इस दौरान नगर थाना प्रभारी रतन कुमार सिंह भी मौजूद थे।

### बस से उतरते समय महिला की गिरने से मौत

**चतरा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के सदर थाना क्षेत्र में बस से उतरने के दौरान सिर के बल 32 वर्षीय रीता देवी गिर गई। इस हादसे में उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार महिला राज यात्री बस से चतरा से टंडवा लौट रही थीं। सीमा चौक पर बस रुकने के बाद रीता देवी उतर रही थीं तभी उनका एक पैर अभी पायदान पर ही था कि चालक ने अचानक बस आगे बढ़ा दी। असंतुलित होकर वह सड़क पर सिर के बल गिर पड़ीं और गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजन और ग्रामीण आनन-फानन में उन्हें सदर अस्पताल ले जाने लगे लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।

### युवक ने घर में फंदा लगाकर दी जान

**चाईबासा(नबिटा ब्यूरो)।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा में एक 18 वर्षीय युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के पांड्रासाली ओपी अंतर्गत माटकोबेरा गांव की है। मृतक की पहचान सूरज मछुवा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार सूरज ने अपने घर के कमरे में ओढ़नी के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना का खुलासा तब हुआ जब उसका भाई राधु मछुवा कमरे में पहुंचा और अंदर का दृश्य देखकर शोर मचाया। इसके बाद परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। लोगों ने उसे नीचे उतारने का प्रयास किया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

### रांची नगर निगम के प्रशासक को सशरीर हाजिर होने का निर्देश

**रांची (नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड हाईकोर्ट ने रांची नगर निगम से जुड़े गौरव कुमार बेसरा के अवमानना मामले में बेहद सख्त रुख अपनाया है। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद व जस्टिस संजय प्रसाद की खंडपीठ ने नगर निगम के प्रशासक को व्यक्तिगत रूप से अदालत में हाजिर होने का निर्देश दिया है। अदालत ने स्पष्ट कहा है कि प्रशासक स्वयं उपस्थित होकर यह स्पष्ट करें कि 22 जुलाई 2025 को पारित आदेश के अनुपालन में आखिर क्या बाधा आ रही है। सुनवाई के दौरान खंडपीठ ने चेतावनी दी कि यदि अगली तिथि पर संतोषजनक जवाब नहीं मिला, तो अदालत कानून के अनुसार उनके खिलाफ आरोप तय करने की प्रक्रिया शुरू कर सकती है।

# जेट परीक्षा में लापरवाही : बोकारो-रांची के दो केंद्रों की परीक्षा रद्द

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में 26 अप्रैल को आयोजित झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा के दौरान बड़ी अव्यवस्था सामने आई है। बोकारो और रांची के दो परीक्षा केंद्रों पर गंभीर गड़बड़ी के कारण परीक्षा रद्द कर दी गई। इस घटना ने परीक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं और अभ्यर्थियों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। जानकारी के मुताबिक बोकारो के सेक्टर 9 स्थित सरदार पटेल पब्लिक स्कूल परीक्षा केंद्र पर प्रश्न पत्र की कमी और अधूरा पैकेट मिलने के कारण परीक्षा आयोजित नहीं हो सकी। सुबह 8 बजे से ही केंद्र पर पहुंचे परीक्षार्थियों को घंटों इंतजार करना पड़ा लेकिन जब दोपहर 12:30 बजे तक भी परीक्षा शुरू नहीं हो पाई तो उन्हें केंद्र से बाहर कर दिया गया। इससे नाराज छात्रों ने परीक्षा केंद्र के बाहर जमकर हंगामा किया और परीक्षा प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया। वहीं रांची के एएसटीवीएस डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, शहीद चौक स्थित केंद्र पर उड़िया विषय की परीक्षा के प्रश्न पत्र अपठनीय पाए गए। परीक्षार्थियों ने बताया कि प्रश्न पत्र स्पष्ट नहीं था जिससे परीक्षा देना संभव नहीं हो पाया। इसके बाद प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से इस केंद्र की परीक्षा भी रद्द कर दी। शुरुआती जांच में सामने आया है कि दोनों केंद्रों पर गड़बड़ी की मुख्य वजह प्रश्न पत्र का समय पर उपलब्ध नहीं होना और तकनीकी त्रुटियों के कारण पेपर का सही तरीके से प्रिंट नहीं होना है। इस लापरवाही ने हजारों अभ्यर्थियों की मेहनत पर असर डाला है। झारखंड लोक सेवा आयोग ने इन दोनों केंद्रों की परीक्षा को आधिकारिक रूप से रद्द करने की पुष्टि की है। आयोग ने कहा है कि प्रभावित अभ्यर्थियों के लिए नई परीक्षा तिथि जल्द ही आधिकारिक वेबसाइट पर जारी की जाएगी। साथ ही मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की भी बात कही गई है।

# रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने किया नेत्रदान, जागरूकता अभियान को मिली नई गति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** नेत्रदान जैसे महादान को जन-आंदोलन बनाने की दिशा में रविवार को एक महत्वपूर्ण पहल देखने को मिली, जब भारत सरकार के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने स्वयं नेत्रदान का संकल्प लेते हुए समाज को प्रेरित किया। उन्होंने न केवल नेत्रदान का फॉर्म भरा बल्कि लोगों से भी इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के समाज कल्याण (महिला) एवं कला प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित नेत्रदान-अंगदान सह नेत्र जांच शिविर में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे मंत्री श्री सेठ ने कहा कि नेत्रदान एक ऐसा दान है, जो किसी के जीवन में अंधकार को स्थायी रूप से दूर कर सकता है। उन्होंने इसे सामाजिक जिम्मेदारी बताते हुए अधिक से अधिक लोगों को इससे जुड़ने का आह्वान किया। प्रकोष्ठ की अध्यक्ष स्मिता ने मंत्री के इस कदम को प्रेरणादायक बताते हुए आभार व्यक्त किया और कहा कि इससे समाज में सकारात्मक संदेश जाएगा तथा अधिक लोग नेत्रदान और अंगदान के लिए आगे आएंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित पी.के. लाला (मानवाधिकार आयोग) और डॉ. पी. सिन्हा (झारखंड आई बैंक) ने भी नेत्रदान



के महत्व पर प्रकाश डालते हुए लोगों से इसमें सक्रिय भागीदारी की अपील की। महासभा के झारखंड अध्यक्ष डॉ. सी.बी. सहाय ने नेत्रदान से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करते हुए वैज्ञानिक तथ्यों के साथ इसकी उपयोगिता समझाई। वहीं, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश कुमार ने इस पहल को अभियान का रूप देने का आह्वान करते हुए आयोजक टीम का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) की आई बैंक एवं स्टेट ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गनाइजेशन, झारखंड द्वारा पावर पॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से लोगों को नेत्रदान और अंगदान की प्रक्रिया एवं महत्व की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में नेत्रदान एवं अंगदान के लिए पंजीकरण कराने वाले लोगों को सम्मानित भी किया गया। आयोजन को सफल बनाने में प्रकोष्ठ अध्यक्ष स्मिता के साथ प्रीति, उमा सिन्हा, निर्मला कर्ण, इंदु, रंगोली, सत्या, गुप्तेश्वर जी और पवन किशोर सहित अन्य सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई।सेवा और मानवता के मूल्यों को सशक्त करने की दिशा में एक प्रभावी कदम साबित हुआ।

# शादी समारोह से लौट रहा वाहन पलटा, दो की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गुमला।** जिले के कुरकुरा थाना क्षेत्र के वेतरकेरा मोड़ के पास बारातियों से भरा वाहन पलट गया। हादसे में दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि इस घटना में एक गंभीर रूप से जख्मी है। उसे कामडरा स्वास्थ्य केंद्र से रिम्स रेफर किया गया है। इसकी पुष्टि कामडरा चिकित्सक सुनील खलखो ने की है। घटना के विषय में जानकारी देते हुए मृतक के परिजन हरखू महतो ने बताया है कि टाटी भंडार टोली से योगेंद्र महतो के बेटे तुच्छी महतो की शादी में शामिल होने के लिए सभी लोग लचरागढ़ में



शामिल होने के लिए गए थे। वहां से लौटने के दौरान यह हादसा हुआ है। इस दौरान चालक ने अपना नियंत्रण खो दिया और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। वहीं वाहन में अन्य सवार लोगों को भी मामूली चोटें आई हैं जिनको प्रारंभिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। घटना की सूचना मिलते ही कुरकुरा थाने के एसआई संजय रजक मौके पर पहुंचे और दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया है। घटना की पुष्टि करते हुए कुरकुरा थाना प्रभारी संजय मुंडा ने बताया कि दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और दुर्घटनाग्रस्त वाहन को जब्त कर लिया है। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की छानबीन की जा रही है।

# ड्रोन मैपिंग से बदलेगी रांची की तस्वीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची में नदियों और तालाबों को स्वच्छ और पुनर्जीवित करने के लिए अब आधुनिक तकनीक का सहारा लिया जा रहा है। इसी कड़ी में ड्रोन मैपिंग को केंद्र में रखते हुए एक व्यापक योजना तैयार की जा रही है। इसके जरिए स्वर्णरेखा और हरमू नदी सहित शहर के प्रमुख जल स्रोतों की वास्तविक स्थिति का सटीक आकलन किया जाएगा। प्रशासन का मानना है कि इस पहल से जल संरक्षण और पर्यावरण संतुलन की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकेंगे। ड्रोन सर्वे के माध्यम से जल स्रोतों में गंदगी के प्रवेश बिंदु, अवैध अतिक्रमण, जल प्रवाह में आ रही बाधाएं और आसपास की भौगोलिक स्थिति की विस्तृत जानकारी एकत्र की जाएगी। इससे न केवल वर्तमान स्थिति स्पष्ट होगी बल्कि भविष्य की योजनाओं को भी वैज्ञानिक आधार मिलेगा। अधिकारियों के अनुसार पारंपरिक सर्वे के मुकाबले ड्रोन मैपिंग अधिक सटीक, तेज और प्रभावी साबित हो रही है। इस परियोजना को मजबूती देने के लिए देश के कई प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग कॉलेजों की विशेषज्ञ टीम रांची पहुंच कर विभिन्न नदी-तालाबों का निरीक्षण कर तकनीकी सुझाव भी निगम को सौंप चुकी है। विशेषज्ञों ने बताया कि ड्रोन मैपिंग के जरिए माइक्रो-लेवल पर प्लानिंग संभव हो सकेगी जिससे हर छोटे-बड़े बदलाव को ध्यान में रखते हुए योजनाएं बनाई जा सकेंगी। इसके अलावा राष्ट्रीय स्तर की एजेंसियों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए परियोजना को अधिक व्यावहारिक और प्रभावी बनाने के सुझाव निगम को दिए हैं। ड्रोन सर्वे के आधार पर शहर की सीवरेज व्यवस्था को भी सुदृढ़ करने की योजना बनाई जा रही है। वर्तमान में कई इलाकों में गंदा पानी सीधे नदियों और नालों में गिर रहा है जिससे प्रदूषण की समस्या गंभीर बनी हुई है। इसे नियंत्रित करने के लिए पुराने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को फिर से सक्रिय करने और जरूरत के अनुसार नए प्लांट स्थापित करने की दिशा में काम किया जा रहा है। इसके साथ ही नालों के डायवर्जन और ट्रीटमेंट की भी योजना तैयार की जा रही है। प्रशासन का मानना है कि केवल सरकारी प्रयासों से नदियों और तालाबों को पूरी तरह स्वच्छ नहीं बनाया जा सकता। इसके लिए आम नागरिकों की भागीदारी भी उतनी ही आवश्यक है। नदी किनारे रहने वाले लोगों को जागरूक करने, कचरा प्रबंधन को बेहतर बनाने और जल संरक्षण के प्रति लोगों को प्रेरित करने के लिए विशेष अभियान चलाने की तैयारी है। स्कूल-कॉलेजों के छात्रों और युवाओं को भी इस अभियान से जोड़ने की योजना बनाई जा रही है ताकि समाज के हर वर्ग की सहभागिता सुनिश्चित हो सके। इस पर रिसर्च कर रहे भूगर्भ शास्त्री विनोद कुमार भार्गव का मानना है कि यदि तकनीक, प्रशासनिक इच्छाशक्ति और जनसहभागिता का सही समंवय हो तो रांची की नदियों और तालाबों को फिर से जीवंत बनाया जा सकता है। इससे न केवल पर्यावरण में सुधार होगा बल्कि शहर की सुंदरता और जल संकट की समस्या को भी काफी हद तक कम किया जा सकेगा।



# पुलिस अधीक्षक ने चौपारण थाना व चोरदाहा ओपी का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हजारीबाग ब्यूरो ।** हजारीबाग के पुलिस अधीक्षक द्वारा चौपारण थाना एवं चोरदाहा ओपी का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान थाना में पदस्थापित थाना प्रभारी एवं ओपी प्रभारी को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के क्रम में पुलिस अधीक्षक ने विधि-व्यवस्था की स्थिति, सुरक्षा व्यवस्था तथा थाने के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं आम जनता के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष जोर दिया।

पुलिस पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे क्षेत्र में सतर्कता बरतें, अपराध नियंत्रण के लिए सक्रिय रूप से कार्य करें तथा आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। साथ ही जनसंपर्क को मजबूत करने और जनता का विश्वास बनाए रखने के लिए संवेदनशीलता के साथ कार्य करने की बात कही गई। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि कानून व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी पुलिसकर्मियों को अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करना होगा।

## दनुआ घाटी में दुर्घटनाओं पर प्रशासन सख्त, डीटीओ ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हजारीबाग ब्यूरो ।** हजारीबाग जिले के चौपारण थाना क्षेत्र अंतर्गत दनुआ घाटी में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए जिला परिवहन पदाधिकारी हजारीबाग अधिकारियों ने संयुक्त रूप से स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट रूप से सभी अवैध कट को तत्काल बंद करने का निर्देश दिया। साथ ही दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए एडवांस साइन बोर्ड एवं स्पीड लिमिट बोर्ड लगाने को कहा गया। सभी वैध कट पर लाइनमैन की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे। दनुआ घाटी के खतरनाक हिस्सों में मौजूद बॉटलनेक को दुरुस्त करने, आवश्यक स्थानों पर स्पीड ब्रेकर लगाने तथा निर्माण कार्य वाले क्षेत्रों में प्रतिदिन दो बार पानी का छिड़काव करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा एम्बुलेंस सेवा को पूरी तरह सक्रिय रखने और ड्राइवर को सतर्क रहने के लिए कहा गया। निरीक्षण के दौरान ब्लैक स्पॉट की भी पहचान कर उनकी जांच की गई तथा सड़क सुरक्षा को लेकर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए गए। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि आम लोगों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## सुरक्षा को लेकर बैठक, सीसीटीवी व्यवस्था मजबूत करने पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** मुफस्सिल थाना परिसर में थाना प्रभारी इंस्पेक्टर श्याम किशोर महतो की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर थाना प्रभारी रतन कुमार सिंह के साथ गिरिडीह जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष निर्मल झुनझुनवाला एवं कोयलांचल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष राहुल बर्मन उपस्थित रहे बैठक में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई।



इस दौरान यह बात सामने आई कि ऑरेंज मीडिया द्वारा लगाए गए अधिकांश सीसीटीवी कैमरे खराब हो चुके हैं और अब उपयोग योग्य नहीं हैं, जिससे सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है व्यवसायियों द्वारा अपने प्रतिष्ठानों और घरों में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों को लेकर भी चर्चा हुई। पाया गया कि अधिकतर कैमरे केवल अंदरूनी हिस्सों तक सीमित हैं, जिससे सड़क का दृश्य स्पष्ट नहीं मिल पाता और अपराध की जांच में पुलिस को कठिनाई होती है इस पर दोनों थाना प्रभारियों ने शहर के व्यवसायियों से अपील की कि वे अपने प्रतिष्ठान और आवास में कम से कम एक या दो सीसीटीवी कैमरे मुख्य सड़क की ओर फेस करके अवश्य लगाएं, ताकि अपराध नियंत्रण में सहयोग मिल सके बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि अनुमंडल प्रशासन के प्रयास से नगर आवास विभाग के माननीय मंत्री एवं स्थानीय विधायक सुदिव्य कुमार सोनू द्वारा पूरे गिरिडीह जिले में सीसीटीवी कैमरे लगाने का प्रस्ताव विचाराधीन है।अंत में निर्णय लिया गया कि दोनों चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष मंत्री से मुलाकात कर इस योजना को जल्द से जल्द लागू कराने का आग्रह करेंगे, ताकि जिले की सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### बरोरा फायरिंग में दो आरोपी गिरफ्तार

**धनबाद (नबिटासं)।** बरोरा थाना क्षेत्र में शनिवार को हुई फायरिंग की सनसनीखेज घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है. इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. जबकि अन्य की तलाश जारी है. गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस ने पिस्टल और कट्टा बरामद किया है. साथ ही जिंदा कारतूस भी.रविवार को ग्रामीण एसपी मोहम्मद याकूब ने प्रेस वार्ता कर पूरे मामले का खुलासा करते हुए बताया कि पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए छापेमारी कर दो आरोपी विशाल चौहान और अनीश चौहान को गिरफ्तार कर लिया है. उन्होंने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपियों का आपराधिक इतिहास रहा है. इनके खिलाफ पहले से भी कई मामले दर्ज हैं.पुलिस के अनुसार शुरूआती जांच में यह मामला पुरानी रंजिश से जुड़ा सामने आया है. फिलहाल अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है. पुलिस ने जल्द ही पूरे गिरोह को पकड़ने का भरोसा जताया है. घटना शनिवार सुबह करीब 10 बजे की है. जब बरोरा निवासी रविंद्र चौहान पर पुरानी रंजिश के चलते जानलेवा हमला किया गया.जानकारी के अनुसार चार बाइक पर सवार करीब आठ हमलावर माथाबांध ग्राउंड के पास बरोराझ्रडुमरा मुख्य मार्ग पर पहुंचे और अचानक अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी. इस हमले में रविंद्र चौहान घायल हो गए थे, जिन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया था. घटना के बाद पीड़ित के बयान पर बरोरा थाना में गौरव चौहान, अनीश चौहान, पवन यादव, विशाल चौहान, नीरज उर्फ मोटका समेत तीन अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की

### लू लगना एक मेडिकल इमरजेंसी है देरी जानलेवा हो सकती है: डॉ. मिथिलेश कुमार

**मेदिनीनगर/पलामू (नबिटासं)।** जिले के पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डॉ.मिथिलेश कुमार ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान बढ़ते गर्मी में हिट वेव के मद्देनजर इसके लक्षण व बचाव के लिए कुछ आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि लू (हीट वेव) एक मेडिकल इमरजेंसी है और इसमें देर होने पर यह जानलेवा भी हो सकती है। इसके बचाव हेतु उन्होंने आवश्यक स्वास्थ्य सलाह दिए कहा कि पानी पिएं, प्यास न लगे तब भी बार-बार पानी, ओआरएस, घर का बना नींबू पानी, लस्सी, छाछ पिएं। धूप से बचें, दोपहर 12 से 3 बजे तक अनावश्यक बाहर न निकलें। जरूरी हो तो छाता, टोपी, गमछा का प्रयोग करें।हल्के कपड़े पहनें : सूती, ढीले और हल्के रंग के कपड़े पहनें।घर ठंडा रखें , खिड़कियों पर हल्के पर्दे/खस लगाएं, दिन में कमरे बंद रखें, रात को हवा के लिए खुला रखें।भोजन, बासी भोजन न खाएं। ताजे फल, सलाद, तरबूज, खीरा, ककड़ी खाएं। डॉ. मिथिलेश ने बताया कि हीट वेव से बचने के लिए यह ना करें, खाली पेट बाहर न जाएं और तेज धूप में अधिक शारीरिक मेहनत/व्यायाम न करें। बच्चों या बुजुर्गों या बीमारों को बंद वाहन में अकेला न छोड़ें ।शराब, चाय, कॉफी, काबोर्नेटेड कोल्ड ड्रिंक का सेवन कम करें, ये शरीर में पानी की कमी करते हैं।गहरे रंग के तंग व सिंथेटिक या ब्लैक कपड़े न पहनें। लू लगने के लक्षण : तेज बुखार >40त्ठ, तेज सिरदर्द, चक्कर आना, उल्टी, बेहोशी, पसीना न आना, त्वचा का गर्म-लाल-सूखी होना, नाड़ी तेज चलना इत्यादि लक्षण हो सकते हैं। लू लगने पर तुरंत करें यह काम प्राथमिक उपचार,रोगी को तुरंत छायादार या ठंडी जगह पर लिटाएं। कपड़े ढीले करें, शरीर पर ठंडे पानी की पट्टियां रखें,पंखा करें। होश में हो तो डफ्र या नींबू पानी पिलाएं।तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाएं या 108 एम्बुलेंस को बुलाएं। उन्होंने बताया कि इस तरह के उपाय को अपना कर हम इससे बच सकते हैं या इसके खतरों को कुछ कम कर सकते हैं।

### अपहरण के बाद निर्मम हत्या: मेदिनीनगर में युवक का शव मिलने से सनसनी, आरोपी फरार

**मेदिनीनगर/पलामू (नबिटासं)।** पलामू जिले के मेदिनीनगर में अपहरण के बाद एक युवक की हत्या का मामला सामने आने से पूरे इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल है। टाउन थाना क्षेत्र से लापता हुए युवक का शव रविवार को सदर थाना क्षेत्र के जोरकट इलाके से बरामद किया गया। मृतक की पहचान विनीत तिवारी के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार रात विनीत तिवारी रेडमा स्थित समदा आहर के पास मौजूद था। इसी दौरान कुछ लोग वहां पहुंचे और उसके साथ विवाद करते हुए उसे जबरन अपने साथ ले गए। इसके बाद से ही युवक का कोई पता नहीं चल सका। परिजनों द्वारा अपहरण की सूचना पुलिस को दी गई थी। परिजनों ने इस घटना में पड़ोस में रहने वाले प्रदीप तिवारी और रौशन तिवारी पर अपहरण का आरोप लगाया है। घटना के बाद से दोनों आरोपी फरार बताए जा रहे हैं। रविवार को युवक का शव जोरकट क्षेत्र से बरामद होने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। घटनास्थल पर स्निफर डॉग की मदद से भी सुराग जुटाने का प्रयास किया गया। वहीं, एक संदिग्ध कार भी बरामद की गई है, जिसकी जांच की जा रही है। डीएसपी राजीव रंजन ने शव मिलने की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। वहीं, एसपी कपिल चौधरी ने कहा कि पुलिस को आवेदन प्राप्त हुआ है और पूरे मामले का अनुसंधान जारी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### साहित्य सम्मेलन में मृत्युंजय गोविंद के गजल-संग्रह 'पत्थरों का शहर' का लोकार्पण

**पटना (नबिटासं)।** विना कोई शोर मचाएँ अथवा मंचों पर ऊधम मचाए, निरंतर एकांतिक साधना में रत कवि मृत्युंजय गोविन्द की कविताएँ छायावादी और उत्तर-छायावादी काव्य-प्रवृत्तियों के बहुत निकट दिखाई देती हैं, जहाँ से एक रहस्य-लोक उजागर होता है। विम्ब और प्रतीकों के माध्यम से ये कविता के रहस्य-लोक तक भी पहुँचते हैं और पाठकों को उसके दिव्य आनन्द की अनुभूति भी कराते हैं। यह बातें, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आयोजित श्री गोविंद के गजल-संग्रह 'पत्थरों का शहर' के लोकार्पण-समारोह और कवि-सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए सम्मेलन-अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने कहा कि गीत-गंधी १२८ गजलों का यह खूबसूरत गुलदस्ता, विभिन्न रंग, रूप और गंध के पुष्पों के गुच्छ की भाँति ही, जीवन के अनेक रस, रूप और गंध लिए है। इसमें समाज की कारुणिक-वेदना भी है और प्रेम की झंकार भी। जीवन के प्रति महान आस्था भी और मूल्यों के हो रहे क्षरण का प्रतिरोध भी। जीवन के संघर्ष भी और संघर्षों की अंतः प्रेरणा भी। अपने सुकुमार शब्दों से वितंडाओं पर कठोर प्रहार भी करते हैं, गोविन्द। पाँव की मिट्टी पहाड़ों तक गयी होगी।

## अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद की प्रांतीय बैठक रजरप्पा मंदिर में संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रामगढ़ ।** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद, झारखंड प्रांत की महत्वपूर्ण बैठक आज रजरप्पा मंदिर परिसर में संपन्न हुई। बैठक में संगठन के विस्तार, राष्ट्रीय बजरंग दल एवं राष्ट्रीय महिला परिषद के प्रांतीय प्रशिक्षण वर्ग, हनुमान चालीसा केंद्रों के लक्ष्य निर्धारण तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई बैठक के दौरान गिरिडीह जिले से जुड़े कार्यकताओं को विभिन्न दायित्व सौंपे गए। इसमें श्री रविशंकर पाण्डेय को अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद झारखंड प्रांत मंत्री, श्री रितेश पांडे को धनबाद विभाग अध्यक्ष, वहीं गिरिडीह जिला के लिए पंकज कुमार पांडेय को जिला महामंत्री एवं श्री पंकज कंधवे को जिला मंत्री की जिम्मेदारी दी गई।

इस अवसर पर राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला मंत्री शुभम झा, राष्ट्रीय महिला परिषद की जिला अध्यक्ष पूनम सिन्हा, जिला मंत्री शिवानी शर्मा, हिंदू हेल्प लाइन के जिला मंत्री बसंत सिंह, राष्ट्रीय मजदूर परिषद के जिला अध्यक्ष अजय देव, जिला महामंत्री राजेंद्र रवानी तथा ॐ श्री परिवार के जिला अध्यक्ष रौनक मिश्रा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।बैठक में संगठन को मजबूत बनाने और आगामी कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक संचालित करने का संकल्प लिया गया।

## हेल्थकेयर लीडरशिप का नया नजरिया प्रबंधन नहीं, समग्र व्यवस्था पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नेतृत्व की भूमिका को लेकर एक नया दृष्टिकोण सामने आया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. परम हंस मिश्रा ने कहा कि हेल्थकेयर लीडरशिप केवल अस्पतालों के प्रबंधन तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि यह एक ऐसे समग्र इकोसिस्टम के निर्माण पर केंद्रित होनी चाहिए, जहां देखभाल, नैतिकता और कार्यकुशलता एक साथ विकसित हों उन्होंने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि एक प्रभावी स्वास्थ्य प्रणाली के लिए मरीज केंद्रित सेवाएं, नैतिक नेतृत्व, परिचालन उत्कृष्टता और दूरदर्शी सोच बेहद आवश्यक हैं। इन सभी तत्वों के संतुलन से ही बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित की जा सकती हैं।

डॉ. मिश्रा ने यह भी स्पष्ट किया कि आज के दौर में हेल्थकेयर सेक्टर को केवल प्रशासनिक ढांचे से आगे बढ़कर एक संवेदनशील और जिम्मेदार प्रणाली के रूप में विकसित करने की जरूरत है, जहां मरीजों की जरूरतों को प्राथमिकता दी जाए और सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार हो विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह का दृष्टिकोण न केवल स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाएगा, बल्कि समाज में भरोसा और संतुलन भी स्थापित करेगा।

## प्रखंड संवाद कार्यक्रम में बीएलए को दिया गया प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से पीरटांड़ प्रखंड के मधुबन में प्रखंड संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आगामी एसआईआर स्पेशल इंटेंसिव रेविशन को लेकर पार्टी द्वारा नियुक्त बीएलए बूथ लिवेल एजेंट को प्रशिक्षित करना था। इस दौरान कार्यकताओं को बताया गया कि सरकार द्वारा नियुक्त बीएलओ बूथ लिवेल अफसर के साथ समन्वय बनाकर किस प्रकार कार्य करना है, ताकि कोई भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से हटने न पाए और सभी योग्य मतदाताओं का नाम नई सूची में जोड़ा जा सके कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सतीश केडिया उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यकताओं को




संबोधित करते हुए कहा कि आगामी एसआईआर में मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए और हर कार्यकर्ता को पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना होगा जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं गिरिडीह विधानसभा प्रभारी मोहम्मद शमीम ने अपने संबोधन में केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए मनरेगा कानून को समाप्त करने तथा उसकी जगह नई योजनाएं लागू करने के प्रयासों की आलोचना की।

उन्होंने कार्यकताओं को इन मुद्दों की जानकारी देते हुए जागरूक रहने की अपील की वहीं, उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने कहा कि बीएलए को अत्यधिक सतर्क और सक्रिय रहने की जरूरत है, ताकि किसी भी मतदाता को भेदभावपूर्ण तरीके से चुनावी प्रक्रिया से बाहर न किया जा सके कार्यक्रम में प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धनंजय गोस्वामी सहित सोनाराम टुडू, राजकुमार सिंह, मंसूर अंसारी, एजाज अहमद, गोपीन मांझी, इस्माइल अंसारी, शौकत अंसारी, मोहम्मद एजाज अंसारी, नीतू कुमारी, रोहिणी कुमारी, राजेश हेंब्रम, सुशील कुमार मुरमू, नितिन मुर्मू, दशरथ किस्कू, महेंद्र सिंह, संदीप कुमार यादव, अतुल कुमार, विक्की कुमार तुरी, चंदन कुमार तुरी, इसाक अंसारी, गुलाम मुस्तफा, विष्णु मरांडी, लाल मोहम्मद शाहिद समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जिला स्वास्थ्य समिति के स्वास्थ्य प्रकोष्ठ का गठन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** आज आयोजित बैठक में जिला स्वास्थ्य समिति के स्वास्थ्य प्रकोष्ठ का गठन किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मोहम्मद मेराज अहमद ने विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों की घोषणा की बैठक में विकास कुमार पांडे, मंगरुडी, गुलाम मुस्तफा कुरैशी एवं इरफान अंसारी को महासचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई।



वहीं स्वास्थ्य प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष पद पर प्रकाश पंडित एवं नवाज उर्फ टीपू पुत्र मुख्तार साहब, अम्बाटांड़ को नियुक्त किया गया सचिव पद के लिए असलम अंसारी गांधी गली, एहसान भाई बुढ़िया खाद मेराज भाई गोल्डी गाड़ी मोहल्ला आसिफ भाई बरवाडी, मदीना कॉलोनी शाहिद उर्फ सुद्दू कर्बला मैदान, बरवाडी मोहम्मद रियाज पहाड़ी एवं गुलाम मुस्तफा अंसारी बरवाडी को जिम्मेदारी दी गई इस गोष्ठी की अध्यक्षता पैट्रन के रूप में साबिर अहमद खान भंडारी ने की, जबकि कार्यक्रम का संचालन जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव सुलेमान अख्तर के नेतृत्व में किया गया।

## एएसपी अजय ने किया स्वैच्छिक रक्तदान, लोगों से की अपील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** रांची जगुआर में एएसपी के पद पर पदस्थापित अजय कुमार ने आज गिरिडीह ब्लड बैंक पहुंचकर स्वैच्छिक रक्तदान किया। वे एक निजी शादी समारोह में शामिल होने गिरिडीह आए थे, इसी दौरान उन्होंने रक्तदान कर सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय दिया एएसपी अजय कुमार हर 90 दिन में नियमित रूप से रक्तदान करते हैं और साथ ही अन्य स्वस्थ लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करते रहते हैं।



रक्तदान के बाद उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति स्वस्थ है तो उसे दानपात्र में दान करने की तरह ही ब्लड बैंक जाकर रक्तदान जरूर करना चाहिए। इससे किसी जरूरतमंद को नया जीवन मिल सकता है उन्होंने यह भी बताया कि रक्तदान करने से न केवल दूसरों की मदद होती है, बल्कि रक्तदाता खुद भी स्वस्थ रहता है। नियमित रक्तदान समाज के प्रति एक महत्वपूर्ण योगदान है और इससे अनजाने में ही हम किसी की जान बचाने में सहयोगी बन सकते हैं इस मौके पर अरविंद कुमार, डॉ शोहेल अख्तर, संत कुमार समेत कई लोग उपस्थित रहे।

## बुनियादी सवालों का समाधान करे सरकार : फॉरवर्ड ब्लॉक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** झारखंड निर्माण के 26 वर्ष होने को हैं, लेकिन आज तक यहां की बुनियादी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है। इससे लोगों में काफी निराशा है। सरकार को जनता के बुनियादी सवालों का समाधान करना चाहिए उक्त बातें पूर्व जिप सदस्य एवं फॉरवर्ड ब्लॉक के जिला संयोजक राजेश यादव ने बेंगाबाद प्रखंड के चितमाडीह गांव में आयोजित स्थानीय लोगों की एक बैठक में बातचीत करते हुए कही।



स्थानीय लोगों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन, पानी, खेती आदि से जुड़े मूलभूत सवालों को उनके सामने रखा यादव ने लोगों की बातों को सुनने के बाद कहा कि, इस इलाके से जीते हुए सांसद/विधायकों की दिल्ली और झारखंड में सरकार है। इसके बावजूद स्कूलों में मास्टर नहीं हैं और अस्पताल बिना डॉक्टर के चल रहे हैं। सभी गरीबों को आवास नहीं मिल रहा, गरीबों के राशन की चोरी बदस्तूर जारी है। पेयजल के नाम पर करोड़ों खर्च होने पर भी लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा। विकास के नाम पर तो खुली लूट मची है उन्होंने लोगों से ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक से जुड़कर अपने हक अधिकार की लड़ाई तेज करने की अपील की, जिसपर लोगों ने सहमति जताते हुए एक ग्राम कमेटी का गठन कर भावी संघर्ष का ऐलान किया मौके पर प्रदीप कुमार ठाकुर, बालेश्वर राम, सुधीर वर्मा, योगेंद्र सिंह, सहदेव महतो, श्रीकांत राम, सुरेश राम, भीम कुमार वर्मा, सुखदेव महतो, रामलखन सिंह, मोहम्मद अली, प्रभु महतो, सबेरा बीबी, चिंता देवी, मजीदा बीबी, कौशल्या देवी, आरती देवी सहित अन्य मौजूद थे।

## आयुक्त ने विशेष बच्चों संग बिताए पल, बांटी खुशियां और भरोसा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** प्रमंडलीय आयुक्त कुमुद सहाय आज वात्सल्य धाम का औचक निरीक्षण कर वहां संचालित व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां रह रहे बच्चों से आत्मीय बातचीत की और उनकी दिनचर्या, आवश्यकताओं तथा उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। आयुक्त ने यहां रह रहे विशेष बच्चों संग कुछ पल बिताये, उनसे बातचीत की, खुशियां बांटी और उनका विशेष ख्याल रखने का भरोसा दिया। बच्चों के बीच लूडो, गर्मी के मद्देनजर बिस्किट, फल एवं पेयजल (पानी बोतल) एवं स्लीपर(चप्पल) सहित अन्य आवश्यक सामग्री का वितरण कर उनका उत्साहवर्धन भी किया। निरीक्षण के क्रम में आयुक्त ने बाल संरक्षण पदाधिकारी मो. जिसान अहमद, अधीक्षक शिलवी शालवी एवं गृहपति राकेश कुमार से विशेष बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, भोजन एवं नाश्ते की गुणवत्ता, नियमितता तथा मेन्यू के पालन की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि निर्धारित मेन्यू के अनुसार बच्चों को पौष्टिक एवं संतुलित आहार उपलब्ध कराया जाए और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए। स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर आयुक्त ने विशेष जोर देते हुए निर्देश दिया कि मेडिकल टीम द्वारा सभी बच्चों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित किया जाए।

# बोकारो-रांची के दो केंद्रों पर पेपर गड़बड़ी के बाद परीक्षा रद्द

**जेईटी परीक्षा में भारी लापरवाही:**



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** झारखंड में 26 अप्रैल को आयोजित झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा के दौरान बड़ी अव्यवस्था सामने आई है। बोकारो और रांची के दो परीक्षा केंद्रों पर गंभीर गड़बड़ी के कारण परीक्षा रद्द कर दी गई। इस घटना ने परीक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं और अभ्यर्थियों में भारी नाराजगी देखी जा रही है।

**परीक्षा केंद्र के बाहर जमकर हंगामा**

जानकारी के मुताबिक, बोकारो के सेक्टर 9 स्थित सरदार पटेल पब्लिक स्कूल परीक्षा केंद्र पर प्रश्न पत्र की कमी और अधूरा पैकेट मिलने के कारण परीक्षा आयोजित नहीं हो सकी। सुबह 8 बजे से ही केंद्र पर पहुंचे परीक्षार्थियों को घंटों इंतजार करना पड़ा लेकिन जब दोपहर 12:30 बजे तक भी परीक्षा शुरू नहीं हो पाई तो उन्हें केंद्र से बाहर कर दिया गया। इससे नाराज छात्रों ने परीक्षा केंद्र के बाहर जमकर हंगामा किया और परीक्षा प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया।

**प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से परीक्षा रद्द की**

वहीं रांची के एएसटीवीएस डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, शहीद चौक स्थित केंद्र पर उड़िया विषय की परीक्षा के प्रश्न पत्र अपठनीय पाए गए। परीक्षार्थियों ने बताया कि प्रश्न पत्र स्पष्ट नहीं था, जिससे परीक्षा देना संभव नहीं हो पाया। इसके बाद प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से इस केंद्र की परीक्षा भी रद्द कर दी।

**दोनों केंद्रों पर गड़बड़ी**

शुरुआती जांच में सामने आया है कि दोनों केंद्रों पर गड़बड़ी की मुख्य वजह प्रश्न पत्र का समय पर उपलब्ध नहीं होना और तकनीकी त्रुटियों के कारण पेपर का सही तरीके से प्रिंट नहीं होना है। इस लापरवाही ने हजारों अभ्यर्थियों की मेहनत पर असर डाला है।

**आधिकारिक रूप से परीक्षा रद्द की पुष्टि**

झारखंड लोक सेवा आयोग ने इन दोनों केंद्रों की परीक्षा को आधिकारिक रूप से रद्द करने की पुष्टि की है। आयोग ने कहा है कि प्रभावित अभ्यर्थियों के लिए नई परीक्षा तिथि जल्द ही आधिकारिक वेबसाइट पर जारी की जाएगी। साथ ही मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की भी बात कही गई है। इस पूरे घटनाक्रम के बाद अभ्यर्थियों में आक्रोश है और वे परीक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग कर रहे हैं। ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न हो।

# रविवार को झारखंड में सबसे गर्म रहा पलामू, 44.9 पहुंचा तापमान

नबिटा संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिले में हर दिन तापमान के रिकॉर्ड टूट रहे हैं। पलामू का इलाका भीषण गर्मी की चपेट में है और हर दिन नए तापमान को रिकॉर्ड किया जा रहा है। रविवार को एक बार फिर से पलामू में सबसे अधिक तापमान को रिकॉर्ड किया गया है। पलामू के मेदिनीनगर शहर में रविवार को पूरे झारखंड में सबसे अधिक तापमान रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, रविवार को पलामू का तापमान 44.9 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सबसे अधिक है।



**अलर्ट मोड पर जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग**

शनिवार को पलामू का तापमान 44.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था। इस भीषण गर्मी के बीच पलामू के इलाके में फिलहाल कहीं से भी लू लगने से मौत की खबर नहीं है। हालात को देखते हुए पलामू जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने पहले ही हाई अलर्ट जारी किया है और गाइडलाइन भी जारी किया है। स्वास्थ्य विभाग ने बेवजह लोगों से घर से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है और गाइडलाइन का पालन करने को कहा है। शुक्रवार को पलामू का तापमान 43।6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था।

**हर साल रिकॉर्ड तोड़ रहा है पलामू**

इससे पहले 2024 के मई महीने में पलामू में 47.4 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकार्ड किया गया था। पलामू के इलाके में 2020 के बाद से लगातार औसत तापमान बढ़ रहा है। अप्रैल के महीने में पलामू के इलाके में औसत तापमान 42 से 44 डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंच गया है। 2020 से पहले पलामू में अप्रैल के महीने में औसत तापमान 40 से 42 डिग्री सेल्सियस के बीच रहता था।

# झारखंड कांग्रेस अब जिलों में भी बनाएगी कार्यकारी अध्यक्ष

नबिटा संवाददाता

**रांची।** वर्ष 2025 को संगठन सृजन वर्ष के रूप में मनाने वाली झारखंड कांग्रेस अब राज्य संगठन में एक नए प्रयोग की तैयारी में है। अक्टूबर 2025 में ही झारखंड कांग्रेस ने नए जिलाध्यक्षों की नियुक्ति इस ऐलान के साथ किया था कि कांग्रेस अपने जिलाध्यक्षों को विशेष पावर से लैस करेगी। विधानसभा और लोकसभा के उम्मीदवारों के नाम तय करने तक में जिलाध्यक्ष की राय बेहद अहम होगी। लेकिन छह महीने में ही कांग्रेस में सबकुछ बदलने जा रहा है।




जिलाध्यक्षों को पावरफुल बनाने की घोषणा अब कहीं पीछे छूटती दिख रही है और कई जिलों में वर्तमान जिलाध्यक्षों के पावर को कम करने के लिए कार्यकारी अध्यक्ष बनाने की तैयारी है। इसे लेकर झारखंड कांग्रेस के प्रवक्ता जगदीश साहू कहते हैं कि वैसे जिलों में कार्यकारी जिलाध्यक्ष बनाया जा रहा है, जहां के वर्तमान अध्यक्ष डिएक्टिव या पार्टी की उम्मीदों पर खड़े नहीं उतरे हैं। वहीं पार्टी के प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा कहते हैं कि कांग्रेस ने पिछले साल अक्टूबर में ही जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की थी। अब इन्हीं में से कई जिलों में कार्यकारी अध्यक्ष की नियुक्ति की तैयारी इसलिए चल रही है, क्योंकि कई जिलों में सांगठनिक कार्यों के लिए कार्यकारी अध्यक्ष की जरूरत पड़ रही है। इससे किसी का पावर कट नहीं होगा, बल्कि वर्तमान जिलाध्यक्षों को एक सहयोगी मिलेगा और इससे संगठन का काम करने में सहायता ही मिलेगी।

# बिहार के विजन को यूपी ले जाएगी लोजपा रामविलास

उपेंद्र कश्यप /लेखक/पत्रकार

वर्ष 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में लोक जनशक्ति पार्टी एनडीए से अलग होकर अकेले 135 सीट पर चुनाव लड़ी। नतीजा जदयू अपने सबसे बुरे दौर में पहुंच गई थी। तब इस पार्टी के सुप्रीमो चिराग पासवान ने बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट का नारा दिया था। जिसे डॉक्यूमेंट विजन बताया गया था। हालांकि चुनाव अकेले लड़ने को लेकर हुए मतभेद के कारण पार्टी में विभाजन हुआ और वर्ष 2021 में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास का गठन हुआ। जिसके सर्वे सर्वे चिराग पासवान हैं। अब पार्टी बिहार के छह साल पुराने डॉक्यूमेंट विजन को नए रंग ढंग में डालकर उत्तर प्रदेश ले जाने की तैयारी में है। वर्ष 2027 में उत्तर प्रदेश में चुनाव होना है और वहां यह पार्टी सभी 403 सीटों पर चुनाव लड़ने की





तैयारी में है। तैयारी आरंभ हो गई है। पॉलिटिक्स की चाल बड़ी टेढ़ी होती है। शतरंज में घोड़ा भले ढाई चाल चलता है, लेकिन राजनीति की चाल को अंकों में बताना लगभग असंभव है। पार्टी अपना विस्तार करना चाहती है। इसके लिए उत्तर प्रदेश में उसने नारा दिया है - यूपी फर्स्ट- यूपी वाले फर्स्ट। यानी बिहार में जो नारा चिराग पासवान ने 2020 में दिया था, और 2025 में एनडीए के साथ रहकर चुनाव लड़ते हुए इसी नारे को आगे बढ़ाती रही उसका उसे लाभ भी हुआ। अब इसी विजन के साथ वह उत्तर प्रदेश पहुंच रही है। कोशिश यह है कि पार्टी इस तरह के नारे से यूपी वालों को प्रभावित कर सके। भले ही केंद्र में एनडीए का हिस्सा है पार्टी, लेकिन उत्तर प्रदेश में चुनाव अकेले लड़ने की तैयारी है। स्थानीय मुद्दों और सामाजिक समूह विशेष कर दलित और बहुजनों के प्रतिनिधि के रूप में खुद को स्थापित करने की पार्टी कोशिश करती हुई दिख रही है। अब इसमें सफलता कितनी मिलेगी यह वक्त बताएगा। परिणाम आने के लिए अभी लंबा इंतजार करना पड़ेगा। पार्टी की कोशिश यह भी है कि पूर्वांचलियों को प्रभावित किया जाए और अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचा जाए। महत्वपूर्ण यह है कि उत्तर प्रदेश की राजनीति में दलित बहुजन काफी प्रभावशाली जातीय समूह है। इस वोट बैंक पर कई नेताओं के दावे हैं। ऐसे में लोजपा रामविलास की यह कोशिश एनडीए को लाभ पहुंचा सकती है। पार्टी के पिछड़ा अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के महाराजगंज जिला प्रभारी बनाए गए ओबरा के विधायक डॉ प्रकाश चंद्र तथा उत्तर प्रदेश के देवरिया जिला के प्रभारी बनाए गए पार्टी के प्रदेश महासचिव सह डिहरी ऑन सोन के विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने बताया कि संगठन विस्तार के लिए 30 अप्रैल को उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। पार्टी के तमाम विधायक और सांसदों को संगठन विस्तार की जिम्मेदारी दी गई है। महत्वपूर्ण है कि लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के कुल 27 विधायक और पांच सांसद हैं। जिसमें बिहार से 29 विधायक और पांच सांसद हैं। जबकि झारखंड से एक तथा नागालैंड व मणिपुर से छह विधायक हैं। सभी को संगठन विस्तार की जिम्मेदारी दी गई है ताकि 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में पार्टी मजबूती से खड़ी हो सके।

# भीषण गर्मी को देखते हुए वन्य जीव को लेकर हाई अलर्ट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिले में भीषण गर्मी सितम ढा रही है। यहां का तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। यह इलाका भीषण गर्मी की चपेट में है। गर्मी ने आम जनजीवन को प्रभावित किया है और इससे अन्य जीव भी प्रभावित हुए हैं। भीषण गर्मी को देखते हुए वन्यजीवों को लेकर हाई अलर्ट जारी किया गया है।

**पलामू टाइगर रिजर्व में एक्सपर्ट टीम तैनात**

झारखंड में पलामू टाइगर रिजर्व वन्यजीवों के लिए संरक्षित एरिया है। तापमान को देखते हुए इस इलाके में खास निगरानी शुरू की गई है और अलग-अलग टीमों को तैनात किया गया है। वेटरनरी डॉक्टर के साथ-साथ अन्य एक्सपर्ट की अलग-अलग टीम तैयार की गई है, जो वन्यजीवों के स्वास्थ्य पर निगरानी रखे हुए हैं।

**टैंकर से भी पानी की सप्लाई**

स्पेशल टीम भीषण गर्मी और लू की चपेट में आने वाले वन्यजीव का रेस्क्यू करेगी और उनका इलाज करेगी। हालात को देखते हुए पलामू टाइगर रिजर्व के इलाके में टैंकर से भी पानी की सप्लाई शुरू हो गई है जबकि सोलर सिस्टम से भी वन्यजीवों को पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। पलामू टाइगर रिजर्व में 375 से भी अधिक विभिन्न प्रकार के जल स्रोत हैं।

**वन्यजीवों के स्वास्थ्य पर निगरानी**

कृत्रिम जल स्त्रोत में सोलर सिस्टम और टैंकर से पानी की सप्लाई की जा रही है। पलामू टाइगर रिजर्व के बेतला पार्क के इलाके में 100 से भी अधिक वाटर टब है, जिनमें कृत्रिम तरीके से पानी की सप्लाई की जाती है। पलामू टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक प्रजेशकांत जेना ने बताया कि गर्मी को देखते हुए स्पेशल टीम को तैनात किया गया है और वन्यजीवों के स्वास्थ्य पर निगरानी रखी जा रही है।

**पलामू में भीषम गर्मी का कहर जारी**

वन्यजीवों के लिए पानी की उपलब्धता को लेकर ध्यान रखा जा रहा है और जल स्रोत पर भी निगरानी रखी जा रही है। दरअसल 2024 में पलामू के पांकी इलाके में भीषण गर्मी के कारण 32 बंदरों की मौत हुई थी। प्यासे बंदर पानी की तलाश में कुएं में कूद गए थे और सभी की डूबने से मौत हो गई थी। इस घटना ने पूरे देश में पलामू की गर्मी का ध्यान आकृष्ट कराया था।

# भारतीय जीवन मूल्यों और शोध-प्रकाशन के प्रति समर्पण जरूरी : कुलपति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दरभंगा।** बिहार के प्रतिष्ठित ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. चौधरी ने भारतीय जीवन मूल्यों, शोध एवं प्रकाशन के प्रति निरंतर समर्पित रहने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि लक्षित उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए विद्यार्थी और शिक्षक दोनों को समान रूप से प्रतिबद्ध होकर कार्य करना होगा। विश्वविद्यालय के वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग के तत्वावधान में 22 अप्रैल से जुबली हॉल में आयोजित पांच दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार के समापन सत्र की अध्यक्षता करते हुए कुलपति ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए अकादमिक जगत की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने शिक्षा के साथ शोध और नवाचार को भी प्राथमिकता देने की बात कही। कार्यक्रम में केंद्रीय विश्वविद्यालय, रांची के पूर्व कुलपति प्रो. एन. के. यादव इंदु ने भारतीय चिंतन की श्रेष्ठता को रेखांकित करते हुए इसे पाश्चात्य दर्शन से अलग बताया। उन्होंने धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष के चार पुरुषार्थों की व्याख्या करते हुए 'शुभ-लाभ' की अवधारणा के साथ व्यावसायिक दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दिया। वहीं, वाणिज्य एवं व्यवसाय प्रशासन विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष सह निदेशक प्रो. बी. बी. एल. दास ने अपने उद्बोधन में शोधार्थियों को सतत विकास की अवधारणा के अनुरूप पर्यावरण हितैषी नवाचार करने की सलाह दी। उन्होंने 'बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय' के सिद्धांत को आत्मसात करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। सत्र की शुरुआत में सम्मेलन सचिव डॉ. राज कुमार शाह ने अतिथियों का स्वागत किया, जबकि संरक्षक प्रो. एच. के. सिंह ने स्वागत भाषण दिया। इस दौरान प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए और डॉ. ललित शर्मा ने प्रतिवेदकों की रिपोर्ट प्रस्तुत की।

# बिहार पेंशनर समाज की पटेल पुस्तकालय में हुई बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** शहर के हाईस्कूल मोड़ स्थित लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल पुस्तकालय में बिहार पेंशनर समाज के सदस्यों की बैठक हुई, जिसमे पेंशनरों ने अपनी समस्याओं सहित समाज हित विषय पर गहन चर्चा से किया। जिसकी अध्यक्षता पेंशनर समाज के प्रखंड अध्यक्ष जगदानंद लाल कर्ण ने किया। प्रखंड उपाध्यक्ष हृदयानंद सिंह, गणेश प्रसाद सिंह ने पेंशनरों की समस्याओं पर विमर्श किया। वहीं परशुराम शर्मा, रामजीत प्रसाद बैठक के दौरान पेंशनभोगियों को आ रही विभिन्न प्रशासनिक और वित्तीय समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान सदस्यों ने पेंशन भुगतान में होने वाली देरी और मेडिकल भत्ते जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। संगठन मजबूती पर कहा एकजुटता ही संघर्ष की



ताकत है। जिसमें सेवानिवृत्ति के बाद पेंशनरों को अपने हक और सम्मान के लिए संगठित रहने की आवश्यकता है।

**नियमित बैठक का निर्णय:** संगठन को मजबूत बनाने के लिए निर्णय लिया गया कि भविष्य में भी इस तरह की बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाएंगी ताकि सदस्यों की समस्याओं का त्वरित निष्पादन हो सके। जयराम प्रसाद, शिवदयाल चौधरी सहित सभी ने एक स्वर में सरकार से पेंशनरों के कल्याणार्थ योजनाओं को और सरल बनाने की मांग की। बैठक के अंत में संगठन की मजबूती और आपसी सहयोग का संकल्प लिया गया।

# सफाई के नाम पर लाखों रुपये हो रहे खर्च, गंदगी बरकरार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** शहर में सफाई को लेकर हमेशा हंगामा होता रहता है। सफाई का मुद्दा लगातार चर्चा में बना रहता है। नगर परिषद की कार्यप्रणाली इस मामले में अबतक असफल रही है। कचरा फेंकने को लेकर विवाद आम है और कई बार नागरिक इस पर हंगामा भी किया है। हाल के दिनों में नगर परिषद द्वारा कचरे का उठाव सही तरीके से नहीं किया जा रहा है जिससे नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि प्रतिदिन शहर में 30 से 40 टन कचरे का उठाव होता है। इसके बावजूद सफाई पर हर माह लगभग लाखों रुपये खर्च होते हैं। यह स्थिति समझ से परे हैं कि इतनी बड़ी राशि खर्च होने के बावजूद शहर स्वच्छ नहीं हो पा रहा है। शहर के हर गली और



मोहल्लों में कचरे का अंबार दिखाई देता है। नगर परिषद को कचरे के निस्तारण के लिए स्थान नहीं मिल रहा है जिससे सफाई कर्मी कचरा लेकर भटकते रहते हैं। नागरिक विकास सिंह, प्रदीप कुमार ने बताया कि शहर में कचरे की समस्या गंभीर होती जा रही है। रमेश चौक, महाराजगंज रोड, मुख्य बाजार पर कचरे का ढ़ेर लगा रहता है। नगर परिषद का रवैया इस मामले में उदासीन हैं जिससे जानवर कचरे को तितर-बितर कर रहे हैं और दुर्गंध फैल रही है। इस दुर्गंध के कारण लोगों को सड़कों पर चलना मुश्किल हो रहा है। सब्जी बाजार में दुर्गंध के कारण रुकना भी मुश्किल हो गया। जब यह मामला अधिकारियों के संज्ञान में आता है तब ही नगर परिषद के प्रतिनिधि सक्रिय होते हैं। बता दें कि शहर में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं परंतु सफाई की कोई व्यवस्था न होने के कारण यह विकास बेमानी लगता है। सम्राट अशोक भवन परिसर में हमेशा 10 से 12 ट्रैक्टर कचरा लादे नजर आते हैं। बता दें कि औरंगाबाद को नगर परिषद बने 24 वर्ष हो चुके हैं परंतु अबतक कचरा प्रोसेसिंग प्लांट नहीं लगाना जा सकता है। जमीन की कमी के कारण्सा

# जिले में आज तेज आंधी-बारिश और वज्रपात के आसार

**40-50 किमी की रफ्तार से चलेंगी हवाएं**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** बिहार में भीषण धूप और हीटवेव से जूझ रहे औरंगाबाद समेत पूरे बिहार के लोगों के लिए राहत की खबर है। मौसम विभाग ने आंधी, बारिश और वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिक डा. अनूप कुमार चौबे के मुताबिक अगले चार-पांच दिनों तक गर्मी का असर कम होगा। डा. चौबे ने बताया कि सोमवार 27 अप्रैल को हल्की बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने एवं 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। औरंगाबाद समेत कई जिलों में मौसम बदलने के आसार हैं। मौसम वैज्ञानिक ने सलाह दी है कि जिन किसानों ने अब तक गेहूं की फसल की थ्रेसिग नहीं कराई है वे इसे तुरंत पूरा कर अनाज को सुरक्षित स्थान पर भंडारित कर लें। साथ ही भूसा और कुट्टी को भी संजोने की आवश्यकता है ताकि खराब मौसम में नुकसान न हो। वेटेनरी सर्जन डा. कुमार शैलेंद्र ने सुझाव दिया कि पशुपालक पशुओं को खुले में अथवा पेड़ के नीचे न बांधें। वज्रपात के खतरे को देखते हुए पशुओं को सुरक्षित जगह रखें। मौसम विभाग का अनुमान है कि आगामी एक मई तक लोगों को भीषण गर्मी और हीटवेब से राहत मिलेगी। यह बदलाव जनजीवन को सुकून देने वाला है।

# सड़क के गड्ढे ने ली महिला की जान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** मदनपुर थाना क्षेत्र के शैलूपुर गांव के समीप सड़क पर बने गड्ढे के कारण हुए दर्दनाक हादसे में एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पोईवां गांव निवासी जितेंद्र राम की 37 वर्षीय पत्नी संगीता देवी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, संगीता देवी शनिवार को मदनपुर के मंजखड़ गांव स्थित अपने रिश्तेदार के घर शादी समारोह में शामिल होने गई थीं। रविवार पूर्वाह्न लगभग 11:30 बजे वह एक रिश्तेदार के साथ बाइक से अपने घर लौट रही थीं। इसी दौरान शैलूपुर गांव के पास सड़क पर बने गड्ढे में बाइक का पहिया पड़ गया, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में संगीता देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत सदर अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो चुकी थी। चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। संगीता देवी अपने पीछे दो बेटे और एक बेटी छोड़ गई हैं। बेटों की उम्र 17 एवं 15 वर्ष है, जबकि बेटी की उम्र मात्र 8 वर्ष है। परिवार की जिम्मेदारी अब पूरी तरह उनके पति पर आ गई है, जो पेशे से राजमिस्त्री हैं। परिजनों ने सड़क की बदहाल स्थिति पर गहरा आक्रोश जताया। उनका कहना है कि यदि सड़क पर गड्ढे न होते, तो आज संगीता देवी जीवित होती। यह हादसा एक बार फिर खराब सड़कों और लापरवाहीपूर्ण रखरखाव पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

# अग्नि कांड के पीड़ितों के बीच आवासन व भोजन की व्यवस्था

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर।** बीते दिनों प्रखंड क्षेत्र के पुरन बिगहा में अग्नि कांड के पीड़ितों को सरकारी स्तर से राशन व टेंट की व्यवस्था की गई है। सीओ मो. अकबर हुसैन ने बताया कि एक सौ से अधिक अग्नि पीड़ितों को तीन टाइम भोजन व्यवस्था किया गया है। टेंट में शुद्ध पेयजल, भोजन एवं अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने बताया कि 23 लोगों का झोपड़ीनुमा घर जले थे। इन पीड़ितों में जिन लोगों को पूर्व में आवास योजना का लाभ मिल चुका है। उन्हें चिह्नित कर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ से लाभान्वित कराने के लिए व्यवस्था किया जा रहा है। आवास योजना प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। बेरी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह पूर्व जिला परिषद् सदस्य प्रफुल्ल कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ितों को उचित मुआवजा दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

# हसपुरा स्टेडियम निर्माण कार्य वर्षों से अधूरा

**स्थानीय खिलाड़ियों को खेलने में होती है परेशानी**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** हसपुरा में लंबे समय से स्टेडियम के निर्माण का कार्य अधूरा पड़ा है। जब भी फुटबॉल या क्रिकेट मैच का आयोजन होता है तब इस मुद्दे पर चर्चा होती है। चुनाव के समय ग्रामीणों के बीच यह विषय और भी गर्म हो जाता है। हसपुरा में हर वर्ष प्रसिद्ध फुटबॉल और क्रि केट मैच आयोजित होते हैं परंतु स्टेडियम की कमी यहां के खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए एक बड़ी समस्या बन गई है। स्टेडियम के निर्माण के लिए करोड़ों रुपये की आवश्यकता है परंतु यह ग्रामीणों के लिए केवल एक सपना बनकर रह गया है। प्रखंड मुख्यालय में दो खेल मैदान हैं जिनमें से एक प्रखंड कार्यालय के समीप है और दूसरा कन्या उच्च विद्यालय के पीछे स्थित है। हालांकि इन मैदानों की स्थिति ऐसर है कि भव्य खेल आयोजनों को तो दूर सामान्य मैचों का आयोजन भी मुश्किल हो जाता है। स्टेडियम की कमी के कारण महिला फुटबॉल का आयोजन भी अबतक नहीं हो सका है। ग्रामीण लोरिक सिह का कहना है कि स्टेडियम के अभाव में स्थानीय खिलाड़ियों को न तो उचित अभ्यास मिल पाता है और न ही राज्य स्तरीय मैच देखने का अवसर मिलता है। ग्रामीणों का मानना है कि सरकार को प्रत्येक प्रखंड में खेल सुविधाओं का निर्माण करना चाहिए ताकि खेल को बढ़ावा मिल सके।

# गैस सिलेंडर से लगी आग में दर्जन भर लोग झुलसे

मौके पर मची अफरा-तफरी ■ समारोह में बन रहा था खाना ■ शादी का माहौल गम में तब्दील



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना**। जहानाबाद जिले में एक शादी समारोह उस वक्त हादसे में बदल गया, जब खाना बनाने के दौरान गैस सिलेंडर से रिसाव होने पर अचानक आग लग गई। इस घटना में परिवार के सदस्य और रिश्तेदार समेत एक दर्जन से अधिक लोग झुलस गए। सभी घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

यह घटना जहानाबाद के काको प्रखंड के भेलावर थाना क्षेत्र अंतर्गत धरमपुर गांव की है। यहां एक घर में शादी का माहौल था और सभी लोग खुशी और उत्साह में शामिल थे। इसी दौरान खाना बनाने के समय गैस सिलेंडर से रिसाव हुआ और अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग फैल गई और मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

आग की चपेट में आकर परिवार के सदस्य और रिश्तेदार मिलाकर करीब एक दर्जन से अधिक लोग झुलस गए। घायलों में ममता कुमारी, संगीता देवी, सिताबो देवी, लक्ष्मी देवी, पूजा कुमारी सहित कई लोग शामिल हैं। सभी घायलों को तुरंत जहानाबाद सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों द्वारा उनका इलाज किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि इनमें से दो-तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घटना के बाद कुछ देर के लिए पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। गांव के बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जुट गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दमकल की गाड़ी भी बुलाकर आग पर काबू पाया गया। जानकारी के अनुसार, जहानाबाद जिले में बढ़ती गर्मी के बीच 12 घंटे के अंदर आग लगने की यह दूसरी घटना है। इससे पहले एक बारात जा रही सुमो गाड़ी में अचानक धुआं उठने के बाद आग लग गई थी, हालांकि उसमें सवार बाराती बाल-बाल बच गए थे।

शादी का जो माहौल खुशी और उत्साह से भरा था, वह इस हादसे के बाद अचानक मातम में बदल गया। पूरे गांव में चीख-पुकार और रोने की आवाजें गूंजने लगीं, जिससे माहौल गमगीन हो गया है। घटना के बाद प्रशासन मामले की जांच में जुट गया है और आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

## संदिग्ध परिस्थिति में महिला की मौत

**सहरसा**। जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां 28 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद से उसका पति घर छोड़कर फरार है। मायके पक्ष ने महिला की करंट लगाकर हत्या करने और सबूत मिटाने की कोशिश का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

यह मामला सहरसा जिले के सौरबाजार थाना क्षेत्र के कढ़िया पंचायत स्थित कचरा (वार्ड 10) का है। मृतका की पहचान निकम कुमारी (28) के रूप में हुई है, जो राजा कुमार की पत्नी थी। निकम की मौत के बाद उसके तीन छोटे बच्चों–सात वर्षीय बेटी स्मृति, छह वर्षीय बेटी जिया और दो वर्षीय बेटा प्रसिद्ध राठौर–के सिर से मां का साया उठ गया है।

मृतका की बड़ी गोतनी रूपम देवी ने पुलिस को बताया कि शनिवार शाम को दोनों घर के पास एक शादी समारोह में मटकोर की रस्म देखने गई थीं, जहां डीजे बज रहा था।

# पुलिस ने दिखाई जाबांजी, इनामी को मारी गोली

## किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में था बदमाश



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा**। जिले के रोह थाना क्षेत्र में पुलिस और एक इनामी बदमाश के बीच देर रात मुठभेड़ हो गई। पुलिस टीम पर फायरिंग करने के बाद जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लग गई, जिसके बाद उसे घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया गया। घटना के बाद इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, सूचना मिली थी कि वांछित अपराधी टिंकू यादव क्षेत्र में किसी वारदात की फिराक में घूम रहा है। इसी सूचना के आधार पर पुलिस ने इलाके में घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही आरोपी ने भागने की कोशिश की और पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी।

इसके बाद पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें आरोपी के पैर में गोली लग गई। घायल होने के बाद पुलिस ने उसे मौके से दबोच लिया और तुरंत इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उसका उपचार जारी है।

पुलिस का कहना है कि आरोपी पर पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं और वह लंबे समय से फरार चल रहा था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस उससे अन्य मामलों के संबंध में पूछताछ कर रही है। इस कार्रवाई को क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाने की दिशा में बड़ी सफलता माना जा रहा है।

# नदी में नहाने गए एक ही परिवार के दो बच्चे डूबे

## परिवार में मातम, गांव में पसरा सन्नाटा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सीतामढ़ी**। जिले से एक बेहद दर्दनाक खबर सामने आई है, जहां एक ही परिवार के दो मासूम बच्चों की डूबने से मौत हो गई। इस हादसे के बाद पूरे इलाके में मातम का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना रुन्नीसैदपुर प्रखंड के बघौनी गांव की है।

मिली जानकारी के अनुसार, गांव निवासी शिव नारायण साह की 10 वर्षीय बेटी निशा कुमारी और 12 वर्षीय अनिल कुमार रविवार की सुबह करीब 9 बजे अपने घर से निकलकर पास से बहने वाली बागमती नदी में स्नान करने गए थे। बताया जा रहा है कि दोनों बच्चे रोज की तरह ही नदी में नहाने पहुंचे थे, लेकिन उन्हें यह अंदाजा नहीं था कि यह दिन उनके जीवन का आखिरी दिन साबित होगा।

नहाने के दौरान अचानक दोनों बच्चे गहरे पानी में चले गए और देखते ही देखते नदी की तेज धारा में लापता हो गए। जब काफी देर तक बच्चे घर नहीं लौटे, तो परिजनों को चिंता हुई। इसी बीच गांव के कुछ लोगों ने नदी किनारे बच्चों के कपड़े और चप्पल देखे, जिसके बाद आशंका गहराई और तत्काल खोजबीन शुरू की गई।

# स्वच्छ फल्गु, स्वच्छ गयाजी अभियान के तहत किया गया जनजागरण

## मौके पर झिझक छोड़ें, श्रमदान करें का किया आह्वान




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी**। विश्व प्रसिद्ध, अंतह सलिला, मोक्ष दायिनी फल्गु नदी को स्वच्छ और साफ रखने हेतु स्वच्छ फल्गु, स्वच्छ गयाजी बैनर के तले आज पांचवे रविवार को स्थानीय पिता महेश्वर घाट पर श्रमदान एवं जनजागरण अभियान चलाया गया।

आज के श्रमदान एवं जनजागरण अभियान में शामिल कार्यक्रम के संयोजक विजय कुमार मिट्ठू, सह संयोजक मनोज चंद्रवंशी, टिंकू गिरी, मुन्ना मांझी, सौरभ, रातू, शिव, बाबु आदि ने कहा कि फल्गु नदी को हम गया जी वासी हर हाल में घनी आबादी के बीच प्रमुख ऐतिहासिक घाटों को स्वच्छ और साफ रखने का काम करेंगे आज अभियान के पांचवे रविवार को पिता माहेश्वर घाट पर छोटे- छोटे बच्चे भी अभियान में शामिल होकर शहर वासियों को श्रमदान हेतु जागरुक करने का काम कर रहे हैं।

शामिल लोगों ने कहा कि फल्गु नदी के सभी ऐतिहासिक घाटों का सौंदर्यीकरण एवं सुंदरी करण करने, पश्चिमी छोर पर बोधगया से चाकन्द तक मैरीन ड्राईव, तथा पूर्वी छोर पर सलेमपूर से अलीपूर तक सड़क का निर्माण कराने, रबर डैम को हमेशा साफ रखने तथा सालों भर पानी का इंतजाम सुनिश्चित कराने की मांग स्थानीय प्रशासन तथा राज्य सरकार से किया है। नेताओं ने कहा कि झिझक छोड़े, श्रमदान करे, फल्गु को स्वच्छ और साफ रखने में अभियान को आगे बढ़ाने में सहयोग करे, क्योंकि यह अभियान अनवरत प्रत्येक रविवार को जारी रहेगा।

# दो पत्नियों के विवाद में एक पत्नी की पीट-पीटकर हत्या

## आरोपित गिरफ्तार, बेटी बनी गवाह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा**। जिले के बिरौल थाना क्षेत्र के कमरकला गांव में एक मदरसा शिक्षक ने अपनी दो पत्नियों के विवाद में एक की पीट-पीटकर हत्या कर दी।

घटना की जानकारी मिलते ही बिरौल थाना की पुलिस ने आरोपी पति मो. अब्दुल खालीक उर्फ खुदाबख्श को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया है। इस मामले में बेटी ने ही अपने पिता के खिलाफ मां की हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। मौके पर पहुंची एफएसएल टीम ने सैंपल जुटाए हैं, जिन्हें जांच के लिए भेजा गया है।

मृतका की बेटी मोमिना खातून ने बताया कि उसके पिता ने दो शादियां कर रखी थीं। वह दो भाई-बहन हैं। उसकी मां की शादी करीब 30 साल पहले हुई थी, जबकि उसके पिता ने दूसरी शादी तीन साल पहले की थी। दूसरी पत्नी से भी एक बेटी है। दूसरी शादी के बाद से ही पिता मारपीट किया करता था।

शुक्रवार की रात भी मारपीट के दौरान ही उसकी हत्या कर दी गई, जबकि उसकी मां के शव को घर से करीब 100 मीटर दूर लावारिस अवस्था में फेंक दिया।

शनिवार की सुबह गांव के एक व्यक्ति को सड़क किनारे शव पड़ा हुआ दिखाई पड़ा, जिसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। शव को गड्ढे से निकाला गया तो उसकी पहचान मदरसा शिक्षक अब्दुल खालिक रहमानी की 52 वर्षीय पत्नी अमरुल खातून के रूप में की गई। इस मामले में बेटी मोमिना खातून के आवेदन पर पिता के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# झारखण्ड के भगवान बिरसा मुंडा जैविक उद्यान में जानवरों के लिए लगा कूलर

## शाकाहारी जानवरों को दिया जा रहा मौसमी फल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

रांची। झारखण्ड में पड़ रही तेज गर्मी का असर इंसानों के साथ-साथ वन्यजीवों पर भी साफ दिखाई दे रहा है। लगातार बढ़ते तापमान और लू के बीच ओरमांझी स्थित भगवान बिरसा मुंडा जैविक उद्यान में जानवरों को सुरक्षित और स्वस्थ रखने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। उद्यान प्रबंधन और वन विभाग ने मिलकर कई ऐसे उपाय किए हैं, जिनसे जानवरों को गर्मी से राहत मिल सके। उद्यान के पशु चिकित्सक डॉ. ओम प्रकाश साहू के अनुसार, गर्मी को ध्यान में रखते हुए शेर, बाघ और तेंदुए जैसे मांसाहारी जानवरों के बाड़ों में कूलर लगाए गए हैं, ताकि उन्हें ठंडा वातावरण मिल सके। वहीं हाथियों और हिमालयन भालुओं के लिए बड़े-बड़े पानी के टब बनाए गए हैं, जिनमें उन्हें नियमित रूप से नहलाया जाता है। इससे उनके शरीर का तापमान नियंत्रित रहता है और वे सक्रिय बने रहते हैं। जानवरों को गर्मी से बचाने के लिए बाड़ों के आसपास पुआल की दीवारें तैयार की गई हैं, जो प्राकृतिक रूप से ठंडक बनाए रखने में मदद करती हैं। इसके साथ ही उनके खानपान में भी बदलाव किया गया है। शाकाहारी जानवरों को मौसमी फल, विशेष रूप से आम दिए जा रहे हैं, जबकि सभी जानवरों को डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए समय-समय पर ग्लूकोज का घोल उपलब्ध कराया जा रहा है। घने पेड़-पौधों और प्राकृतिक हरियाली के कारण यह जैविक उद्यान अपेक्षाकृत ठंडा रहता है, जिससे यहां आने वाले पर्यटकों को भी राहत महसूस होती है। कई पर्यटकों ने बताया कि गर्मी के बावजूद उद्यान का माहौल काफी आरामदायक है और अधिकांश जानवर सामान्य रूप से सक्रिय नजर आए।

# दिव्यांग की पीट-पीटकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय**। वीरपुर थाना क्षेत्र की वीरपुर पूर्वी पंचायत के वार्ड संख्या-एक मुनीचक में जमीन विवाद को लेकर 32 वर्षीय दिव्यांग युवक गोविंद पासवान की पीट-पीटकर हत्या कर दिए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना शनिवार की देर रात्रि 12 बजे के आसपास की है। हत्या के बाद शव को घर के समीप पहुंचाकर आरोपित फरार हो गया। घटना के बाद पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा है और स्वजनों में कोहराम मचा हुआ है। मृतक गोविंद पासवान दिवंगत रामबालक पासवान का पुत्र था और दाहिने पैर से दिव्यांग था। स्वजनों के मुताबिक वह तीन दिन पूर्व ही बेंगलुरु से गांव लौटा था।पूर्व से चल रहे जमीन विवाद को लेकर गांव के ही आरोपितों ने उसे घेर लिया और रस्सी से हाथ-पैर बांधकर ईंट-पत्थर एवं डंडे से बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी।

मृतक के गर्दन, चेहरा, पैर सहित कई जगह गहरे जख्म के निशान मिले हैं। स्वजनों ने गांव के ही छोटू यादव, धर्मेंद्र यादव एवं वार्ड सदस्य रवि कुमार पर हत्या का आरोप लगाया है।

मृतक की भाभी चांदनी देवी ने आरोप लगाया कि मारपीट के दौरान गोविंद की मौत हो जाने के बाद आरोपित शनिवार की रात्रि करीब 12 बजे शव को घर पहुंचाकर यह कहकर फरार हो गए कि वह शराब के नशे में बेहोश है।

स्वजनों ने आशंका जताई कि पहले गोविंद को शराब पिलाई गई, फिर योजनाबद्ध तरीके से घटना को अंजाम दिया गया। मृतक की मां ने बताया कि वार्ड सदस्य रवि के कहने पर मृतक के पैर में बंधी रस्सी खोली गई थी। स्वजनों ने बताया कि गोविंद तीन दिन पहले ही बाहर से लौटा था। भूमि विवाद को लेकर पूर्व में भी आरोपितों से विवाद और मारपीट हो चुकी थी।

## लाश घर पहुंचाकर आरोपित फरार

मृतक की जमीन से सटे आरोपित का डेरा है, जहां मवेशी बांधने को लेकर भी विवाद चल रहा था। इसी रंजिश को हत्या की वजह बताया जा रहा है।

पुलिस ने छानबीन के दौरान आरोपित के डेरे से खून से सना खूंटा बरामद किया है। पुलिस उसे अपने साथ जांच के लिए ले गई। इसे हत्या से जुड़े अहम साक्ष्य के तौर पर देखा जा रहा है। घटनास्थल से कुछ दूरी पर खून के धब्बे भी मिले हैं।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल टीम ने घटनास्थल पहुंचकर वैज्ञानिक तरीके से जांच की। टीम ने मृतक के शरीर पर मिले चोट के निशानों की तस्वीरें ली और नमूने एकत्र किए। आरोपित के डेरे की भी गहन पड़ताल की गई।

घटना की सूचना पर वीरपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने लगी। इस दौरान स्वजन आरोपितों की गिरफ्तारी से पहले शव उठाने देने को तैयार नहीं थे, जिससे पुलिस और स्वजनों के बीच तीखी नोंक-झोंक हुई। काफी समझाने-बुझाने के बाद पुलिस शव को सदर अस्पताल बेगूसराय पोस्टमार्टम के लिए भेज सकी।

# जमीन विवाद में भाई की हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर**। रिश्तों की डोर जब जमीन के छोटे से टुकड़े में उलझ जाती है, तो उसका अंजाम कितना भयावह हो सकता है, इसका दर्दनाक उदाहरण रविवार की सुबह मुरार थाना क्षेत्र के बनजरियां गांव में देखने को मिला। जहां महज एक कट्ठा जमीन के लिए सगे भाई ने ही अपने भाई को हमेशा के लिए मौत की नींद सुला दिया। इस घटना से एक परिवार ही नहीं, पूरा गांव शोक में डूब गया है।

मृतक की पहचान अक्षय लाल यादव (50 वर्ष), पिता रामाशीष यादव के रूप में हुई है। बताया जाता है कि पिता की मृत्यु के बाद दोनों भाई अलग-अलग रहने लगे थे, लेकिन एक कट्ठा जमीन को लेकर पिछले दो-तीन वर्षों से विवाद लगातार जारी था। रविवार की सुबह करीब छह बजे इसी विवाद ने अचानक उग्र रूप ले लिया।

आरोप है कि इसी दौरान भाई कृष्ण यादव ने गुस्से में आकर धारदार हथियार से अक्षय लाल यादव पर हमला कर दिया। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। बीच-बचाव करने पहुंची उनकी पत्नी मीना देवी एवं पुत्र विकास यादव भी हमले में घायल हो गए। दोनों का इलाज जारी है।

मृतक के परिवार में दो पुत्रियां खुशबू देवी एवं उषा देवी तथा एक पुत्र हैं। घटना के बाद स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घर में चीख-पुकार मची हुई है, वहीं गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

घटना की सूचना मिलते ही मुरार, कोरान सराय एवं बगेन थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल में जुट गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपित कृष्ण यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है। वहीं, इस हृदयविदारक घटना ने एक बार फिर यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि आखिर जमीन के छोटे से टुकड़े के लिए रिश्तों की कीमत कब तक चुकानी पड़ेगी।

## तीन होमगार्डों को भेजा गया जेल

जमुई। जिले में शराबबंदी कानून के नाम पर चल रहे अवैध वसूली के खेल का एक और चौंकाने वाला मामला सामने आया है। नवादा उत्पाद चेकपोस्ट पर फिरौती कांड की गूंज अभी थमी भी नहीं थी कि सोनो थाना क्षेत्र के डुमरी चेकपोस्ट पर तैनात उत्पाद विभाग के तीन होमगार्ड जवानों की करतूत ने पूरे सिस्टम पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार जवानों में सूर्यमणि कुमार, नवीन कुमार और आशीष कुमार शामिल हैं। इन पर आरोप है कि इन्होंने वाहन जांच के दौरान यात्रियों को शराब सेवन के नाम पर डराया-धमकाया और फिर उनसे मोटी रकम वसूल कर छोड़ दिया। घटना 21 अप्रैल की बताई जा रही है। झारखंड के गिरिडीह निवासी श्यामसुंदर यादव अपने पांच साथियों के साथ सिकंदरा के महादेव सिमरिया में एक तिलक समारोह में शामिल होने जा रहे थे। जैसे ही उनकी स्कॉर्पियो गाड़ी डुमरी चेकपोस्ट पहुंची, वहां तैनात जवानों ने वाहन को रोककर सघन जांच शुरू कर दी। गाड़ी की तलाशी के साथ-साथ सभी यात्रियों की शराब सेवन की जांच मशीन से कराई गई।

## मिठाई खाने से दो दर्जन बच्चे बीमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा**। रजौली थाना क्षेत्र के मनहर गांव में शादी की खुशियां उस समय चिंता में बदल गईं, जब बासी मिठाई खाने से करीब दर्जन भर बच्चे बीमार पड़ गए। बताया जाता है कि गांव निवासी ओंकार सिंह के बेटे की शादी 20 तारीख को हुई थी। शादी के बाद बची मिठाइयों को 23 तारीख को गांव में बांटा गया था। मिठाई खाने के कुछ ही देर बाद बच्चों में पेट दर्द, उल्टी, गैस और बेचैनी जैसी शिकायतें शुरू हो गईं। देखते ही देखते कई बच्चे एक साथ बीमार पड़ने लगे, जिससे गांव में अफरातफरी मच गई। स्वजन घबराकर देर रात करीब 12 बजे बच्चों को गोद में उठाकर रजौली अनुमंडल अस्पताल पहुंचे। बीमार बच्चों में नीरज कुमार, पलक कुमारी समेत कई अन्य शामिल हैं। अस्पताल में तैनात डॉक्टर सूरज कुमार ने सभी बच्चों का प्राथमिक उपचार किया। डॉक्टर के अनुसार सभी बच्चे अब खतरे से बाहर हैं, लेकिन एहतियातन निगरानी में रखा गया है।

# 90 हजार घूस लेते दारोगा धराया



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

बिहारशरीफ। राजगीर में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई सामने आई है। निगरानी टीम ने थाना में तैनात दारोगा को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार दारोगा की पहचान देवकांत कुमार के रूप में हुई है। टीम ने उन्हें 90 हजार रुपये रिश्वत लेते ही मौके पर पकड़ लिया।

पीड़ित ने मामले की शिकायत पटना स्थित निगरानी अन्वेषण ब्यूरो में की थी। गुप्त जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद कार्रवाई की तैयारी की गई।

निगरानी विभाग ने एक विशेष धावा दल का गठन किया। पूर्व योजना के तहत पीड़ित को पैसे देकर दारोगा के पास भेजा गया।

जैसे ही दारोगा ने रिश्वत की रकम ली, टीम ने तुरंत कार्रवाई की। सादे लिबास में मौजूद अधिकारियों ने उन्हें मौके पर ही पकड़ लिया।

गिरफ्तारी के बाद दारोगा के हाथ धुलवाए गए। उनके हाथ गुलाबी हो गए, जो रिश्वत लेने का पुख्ता सबूत माना जाता है।

निगरानी टीम ने मौके से पूरे 90 हजार रुपये बरामद कर लिए। यह रकम केस में मदद करने के नाम पर ली जा रही थी।

आरोपी दारोगा को टीम अपने साथ पटना ले गई है। वहां उनसे पूछताछ की जा रही है और आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है।

इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। सरकार और निगरानी विभाग का यह कदम भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त संदेश माना जा रहा है।

## बदमाशों ने युवक को मारी गोली, मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ**। स्थानीय थाना क्षेत्र के सदरपुर गांव में एक दर्दनाक घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। गांव निवासी मुकेश कुमार के 26 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार की अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी।

घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। बताया जाता है कि राहुल कुमार की शादी इसी महीने 20 अप्रैल को भागनबीघा थाना क्षेत्र के पैठना गांव की जूही कुमारी से हुई थी।

शादी की खुशियां अभी खत्म भी नहीं हुई थी कि घर में कोहराम मच गया। दुल्हन के हाथों की मेहंदी भी नहीं उतरी थी और पति की अर्थी उठ गई। घर में लगा टेंट-सामियाना तक अभी नहीं हटाया गया है, जिससे माहौल और भी गमगीन हो गया है।

मृतक राहुल गांव में रहकर ट्रैक्टर चलाने और टेंट का काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। वह तीन भाइयों में सबसे बड़ा था और मिलनसार व शांत स्वभाव का युवक माना जाता था।

मृतक के पिता मुकेश कुमार ने बताया कि शनिवार देर रात करीब 9:30 बजे गांव के ही दो युवक राहुल को बुलाकर जिराइन नदी किनारे स्थित सूर्य मंदिर के पास ले गए।

रात करीब तीन बजे उनके मंझले पुत्र कुंदन के मोबाइल पर फोन आया, जिसमें बताया गया कि राहुल को गोली लग गई है। स्वजन जब मौके पर पहुंचे तो राहुल खून से लथपथ नदी किनारे पड़ा था। इलाज के लिए ले जाने का प्रयास किया गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

# बंगाल निर्णायक मोड़ पर, बचाने का यही सही समय : जी. किशन रेड्डी

## केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री का कोलकाता में बौद्धिक वर्ग के साथ संवाद





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोलकाता।** केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी की पहल पर शहर के बौद्धिक वर्ग के साथ एक महत्वपूर्ण संवाद आयोजित हुआ जिसमें समाज के प्रबुद्ध नागरिकों, शिक्षाविदों, पेशेवरों और जनमत को प्रभावित करने वाले लोगों ने भाग लिया। इस विचारोत्तेजक बैठक को बंगाल के वर्तमान परिदृश्य और उसके भविष्य को लेकर एक व्यापक सामाजिक पहल की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। इस कार्यक्रम में पद्मश्री नारायण चक्रवर्ती, जिष्णु बोस सहित कई प्रतिष्ठित व्यक्तियों की उपस्थिति रही जिससे संवाद की गंभीरता और मुद्दों की तात्कालिकता स्पष्ट हुई। बैठक का उद्देश्य केवल राजनीतिक चर्चा तक सीमित नहीं था, बल्कि इसे सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में प्रस्तुत किया गया जहां कोलकाता के जागरूक और प्रभावशाली मतदाताओं को एक मंच पर लाकर राज्य के भविष्य पर विमर्श किया गया। अपने संबोधन में जी. किशन रेड्डी ने कहा कि वे किसी राजनीतिक दल के प्रतिनिधि के रूप में नहीं, बल्कि एक चिंतित नागरिक के रूप में उपस्थित हैं। उन्होंने कहा कि बंगाल बेहतर का हकदार है और इसके पुनर्निर्माण के लिए जनभागीदारी आवश्यक है। उन्होंने राज्य में हो रहे जनसांख्यिकीय बदलावों पर चिंता जताते हुए कहा कि इनका प्रभाव सामाजिक संरचना और दीर्घकालिक स्थिरता पर पड़ रहा है। साथ ही उन्होंने तुष्टीकरण की राजनीति को शासन और विकास में बाधा बताया। बैठक में बंगाल के ऐतिहासिक गौरव और वर्तमान चुनौतियों के बीच तुलना की गई। कभी शिक्षा, उद्योग और सांस्कृतिक नेतृत्व में अग्रणी रहा यह राज्य आज कई सवालों का सामना कर रहा है। औद्योगिक ठहराव, पूंजी का पलायन और रोजगार के सीमित अवसरों को प्रमुख चिंताओं के रूप में रेखांकित किया गया। संवाद में शहरी मतदाताओं की भूमिका पर विशेष जोर दिया गया। यह वर्ग, जो हमेशा से विचारशील और सक्रिय रहा है, उसे अब निष्क्रियता छोड़कर निर्णायक भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। उनसे अपील की गई कि वे सवाल उठाएं, संवाद करें और स्पष्ट सोच के साथ मतदान करें। बैठक में बंगाल के पुनरुत्थान के लिए शिक्षा में सुधार, उद्योगों के पुनर्जीवन, सुशासन की बहाली और सांस्कृतिक आत्मविश्वास को पुनर्स्थापित करने जैसे बिंदुओं पर जोर दिया गया। अंत में यह संदेश स्पष्ट रहा कि अब केवल चर्चा का समय नहीं, बल्कि निर्णय और दिशा तय करने का समय है। बंगाल के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है।

# आलोक चोपड़ा नागालैंड के राज्यपाल के हाथों हुए सम्मानित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार हितैषी जिला केंद्रीय पुस्तकालय के द्वारा आयोजित 142वें वर्षगांठ समारोह व कवि सम्मेलन के अवसर पर लघु कथाकार व रंगकर्मी आलोक चोपड़ा को नागालैंड के राज्यपाल नंदकिशोर यादव के हाथों सम्मान दिया गया। सम्मान स्वरूप रूप इन्हें प्रतीक चिन्ह और अंगवस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया। उनके सम्मान मिलने पर पटना एवं पटना के बाहर के कलाकार व साहित्यकारों के बीच हर्ष व्याप्त है। नारायणी कन्या विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर नसीरुद्दीन,चर्चित बिहार कलाश्री पुरस्कार परिषद के संस्थापक विश्वमोहन चौधरीसंत, बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन के डॉक्टर अनिल सुलभ, मानवोदय के प्रभात कुमार धवन, क्रिएटिव नोशन के जितेंद्र मोहन, आर्ट विंग के संजय रॉय, कलाकार अरुण कुमार गौतम, ज्योति प्रसाद तांती, प्रियंका श्रीवास्तव, उषा कुमारी, सुचित्रा कुमारी, पिंकी मेहता, शबनम परवीन, नाहिद परवीन व अमीना खातून ने उन्हें बधाई देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# भामाशाह का त्याग और समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणादायी : संजय सरावगी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ द्वारा दानवीर शूरवीर भामाशाह की जयंती के मौके पर एक समारोह का आयोजन किया गया। पटना स्थित बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के सभागार में आयोजित इस समारोह का उद्घाटन बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सहित उपस्थित लोगों ने भामाशाह की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया और उनके जीवन और उनके आदर्शों को याद किया। बिहार भाजपा के अध्यक्ष संजय सरावगी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भामाशाह ने अपनी पूरी संपत्ति राष्ट्र की रक्षा के लिए समर्पित कर दी थी। उनका यह योगदान उस समय अत्यंत महत्वपूर्ण था और आज भी राष्ट्रभक्ति की सर्वोच्च मिसाल के रूप में देखा जाता है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि शूरवीर भामाशाह का त्याग, समर्पण और राष्ट्र के प्रति उनका अतुलनीय योगदान हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। उनके आदर्शों पर चलकर समाज और राष्ट्र की सेवा करने का संकल्प ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने वर्तमान समय में भामाशाह के आदर्शों की प्रासंगिकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज समाज को उनके विचारों और मूल्यों की अधिक आवश्यकता है।

# समाज सेवा एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु नूतन पांडेय को 'राष्ट्र गौरव सम्मान'



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** समाज सेवा एवं शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए नूतन पांडेय को प्रतिष्ठित 'राष्ट्र गौरव सम्मान' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान पटना में आयोजित एसएचएसएस'25 स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर प्रदान किया गया जहां विभिन्न क्षेत्रों की विशिष्ट हस्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकास वैभव (आईपीएस) ने नूतन पांडेय को सम्मानित करते हुए उनके कार्यों की सराहना की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए शिक्षा सबसे सशक्त माध्यम है और नूतन पांडेय का प्रयास इस दिशा में अत्यंत प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि परिवार और नौकरी की जिम्मेदारियों के साथ समाज सेवा में सक्रिय योगदान देना किसी भी महिला के लिए चुनौतीपूर्ण कार्य होता है, लेकिन नूतन पांडेय ने इन सभी बाधाओं को पीछे छोड़ते हुए शिक्षा के क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम की है।

# 'मन की बात' ने फिर छुआ देशवासियों का मन : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि इस पहल ने एक बार फिर देशवासियों के हृदय को स्पर्श किया है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि 'मन की बात' के माध्यम से प्रधानमंत्री लगातार देश के नागरिकों से संवाद स्थापित कर रहे हैं जिससे समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि देश को एकजुट करने और जनभागीदारी को सशक्त बनाने का प्रभावी मंच बन चुका है। उन्होंने आगे कहा कि 'मन की बात' आज एक जन-आंदोलन का स्वरूप ले चुका है जो देश के कोने-कोने में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार कर रहा है। इस कार्यक्रम के जरिए आम लोगों की प्रेरणादायक कहानियां और सकारात्मक प्रयास सामने आ रहे हैं जिससे समाज में जागरूकता और प्रेरणा दोनों बढ़ रही हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस सार्थक पहल के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह प्रयास देश के सामाजिक और नैतिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में देश निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ता रहेगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल सरकार और जनता के बीच दूरी को कम करते हैं, बल्कि नागरिकों को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए भी प्रेरित करते हैं।

# डिजिटल दौर में बदलते रिश्तों की सच्चाई : डॉ. आनंद रंजन झा की कविता 'आधुनिक युग का प्यार' जारी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जन्दाहा/वैशाली।** आज के डिजिटल युग में जहां मोबाइल और सोशल मीडिया ने लोगों के जीवन और रिश्तों के स्वरूप को पूरी तरह बदल दिया है, वहीं रचित कविता 'आधुनिक युग का प्यार' आधिकारिक रूप से जारी की गई। यह कविता आधुनिक समय में प्रेम और रिश्तों की बदलती परिभाषा को अत्यंत सरल, संवेदनशील और प्रभावशाली शब्दों में प्रस्तुत करती है। इसमें दर्शाया गया है कि कैसे आज के दौर में भावनाएं आमने-सामने व्यक्त होने के बजाय मोबाइल स्क्रीन, चैट और सोशल मीडिया के माध्यम से व्यक्त की जा रही हैं।

कविता की प्रमुख पंक्तियां इस प्रकार हैं–

'आधुनिक युग का प्यार'

मोबाइल की स्क्रीन में सिमट गया है अब इजहार, दो दिलों के बीच खड़ा है इंटरनेट का संसार। न आंखों की भाषा, न खामोशी का असर, अब 'टाइपिंग'में छुपा रहता है दिल का हर सफर। नीली टिक से तय होता है रिश्तों का मान, ऑनलाइन दिखे तो खुशी, ऑफलाइन तो परेशान। इमोजी में हंसी और जी.आई.एफ में दर्द छुपाते हैं, आजकल लोग दिल नहीं, 'स्टेटस' बताते हैं। वीडियो कॉल में चेहरों की मुस्कान सजती है, पर पास बैठकर बात करने की आदत घटती है। हजारों फोटो में यादें कैद हो जाती हैं, पर असल लम्हों की गर्मी कहीं खो जाती है। फिर भी इस डिजिटल दुनिया में कुछ सच्चाई है, कुछ रिश्तों में आज भी वही गहराई है। अगर दिल से दिल तक सच्चा रास्ता बन जाए, तो हर 'ऑनलाइन प्यार' भी अमर कहलाए।

इस अवसर पर डॉ. झा ने कहा कि तकनीक ने जहां दूरियों को कम किया है, वहीं रिश्तों की वास्तविक गर्माहट को भी प्रभावित किया है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे डिजिटल माध्यमों के साथ-साथ अपने रिश्तों में सच्चाई और भावनात्मक जुड़ाव को बनाए रखें। स्थानीय युवाओं एवं बुद्धिजीवियों ने इस कविता की सराहना करते हुए इसे आज की पीढ़ी के लिए एक प्रेरणादायक एवं जागरूक करने वाली रचना बताया है।

# डॉ. बी. राजेन्दर की अध्यक्षता में पदाधिकारियों एवं आईटी प्रबंधकों की बैठक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन के मिशन निदेशक डॉ. बी. राजेन्दर ने लोक शिकायत निवारण पदाधिकारियों एवं आईटी प्रबंधकों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। अधिवेशन भवन, पटना में आज बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन के मिशन निदेशक डॉ. बी. राजेन्दर की अध्यक्षता में लोक शिकायत निवारण पदाधिकारियों एवं आईटी प्रबंधकों के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम तथा संबंधित डिजिटल व्यवस्थाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा करना एवं व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए सुझाव प्राप्त करना रहा। बैठक का शुभारंभ मिशन निदेशक डॉ. बी. राजेन्दर के संबोधन के साथ हुआ। उन्होंने लोक शिकायत निवारण तंत्र को आमजन के लिए अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं जवाबदेह बनाने की आवश्यकता पर बल दिया तथा अधिकारियों को समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में 12 जुलाई 2025 को आयोजित पिछली समीक्षा बैठक की कार्यवाही के अनुपालन पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। इसके उपरांत बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई जिसमें शिकायतों के निष्पादन, लंबित मामलों और प्रक्रियागत सुधारों पर चर्चा हुई। लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन की समीक्षा के दौरान सेवा वितरण को और प्रभावी बनाने के उपायों पर विचार-विमर्श किया गया। एनआईसी द्वारा सर्विस प्लस पोर्टल में सामान्य प्रशासन विभाग की सेवाओं हेतु साक्ष्य के रूप में अपलोड किए जाने वाले दस्तावेजों से संबंधित नई व्यवस्था पर प्रस्तुतीकरण दिया गया तथा प्रतिभागियों से फीडबैक लिया गया। बैठक में डीटीपीएल द्वारा बिहार सदन, नई दिल्ली स्थित लोक सेवा केंद्र से बीआरपीजीआरए के तहत परिवाद/शिकायत प्राप्त करने तथा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवाई सुनिश्चित करने के लिए विकसित व्यवस्था पर भी प्रस्तुतीकरण दिया गया। साथ ही एचआरएमएस के क्रियान्वयन से संबंधित प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक के अंतिम चरण में प्रतिभागियों से व्यापक फीडबैक प्राप्त किया गया तथा प्राप्त सुझावों के आधार पर शिकायत निवारण एवं सेवा वितरण तंत्र को और मजबूत बनाने की दिशा में आगे की कार्ययोजना पर चर्चा की गई।

# एजुकेटर्स कॉन्क्लेव 2026 में एके ठाकुर को बिहार गौरव सम्मान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** अरका जैन विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित एजुकेटर्स कॉन्क्लेव 2026 में स्पोकन इंग्लिश एवं व्यक्तित्व विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए द लैंग्वेज लैब के प्रबंध निदेशक ए.के. ठाकुर को 'बिहार के गौरव सम्मान' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान बिहार विधान परिषद के सदस्य अनिल शर्मा के कर कमलों द्वारा प्रदान किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में उनके समर्पण, विद्यार्थियों के संचार कौशल विकास तथा व्यक्तित्व निर्माण में विशेष योगदान को देखते हुए उन्हें इस सम्मान से नवाजा गया। एके ठाकुर ने इस अवसर पर कहा कि यह सम्मान उनके लिए गर्व के साथ-साथ एक नई जिम्मेदारी भी है। उन्होंने इसका श्रेय अपने विद्यार्थियों, शिक्षकों, सहयोगियों और अभिभावकों को दिया जिनके विश्वास और सहयोग से यह उपलब्धि संभव हो सकी। उन्होंने कहा कि द लैंग्वेज लैब का उद्देश्य युवाओं को बेहतर अंग्रेजी संप्रेषण, आत्मविश्वास और प्रभावशाली व्यक्तित्व के साथ जीवन में आगे बढ़ने के लिए तैयार करना है।

# सत्ता से बेदखल होने वाली है ममता सरकार : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री व पश्चिम बंगाल भाजपा प्रभारी मंगल पांडेय ने पश्चिम बंगाल चुनाव के पहले चरण में हुए भारी मतदान की सराहना करते हुए दावा किया कि भाजपा यहां विधानसभा चुनावों में ऐतिहासिक जीत हासिल करेगी। अब बंगाल भय नहीं बल्कि भरोसे के साथ है। यहां की जनता टीएमसी के कार्यकर्ताओं के डर से पहले उनके पक्ष में वोटिंग करती थी। मगर अब केंद्रीय बलों की तैनाती ने डर दूर किया और सभी ने भाजपा के पक्ष में जमकर मतदान किया है। अब 4 मई को चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद टीएमसी के गुंडों को छिपने की जगह नहीं मिलेगी। भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में आ रही है।

# दी ह्यूमन राइट्स एसोसिएशन, बिहार की वार्षिक आम सभा ए. एम. प्रसाद की अध्यक्षता में संपन्न

## मानवाधिकार मुद्दों पर सक्रिय रूप से किया जाएगा कार्य



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** दी ह्यूमन राइट्स एसोसिएशन, बिहार की वार्षिक आम सभा ए. एम. प्रसाद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में उपाध्यक्ष डॉ. उमा शंकर प्रसाद, महासचिव एम. के. दास, सहायक महासचिव डॉ. कुमकुम नारायण, सचिव प्रो. अनिल प्रसाद, उपेन्द्र सिन्हा, कोषाध्यक्ष डॉ. ए. के. वर्मा तथा सदस्यगण संयोगिता सहाय, डॉ. ज्योत्स्ना प्रसाद, के. पी. सिंह, डॉ. निलेश नारायण, अली फिरदौसी एवं अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में वार्षिक प्रतिवेदन एवं वित्तीय विवरण प्रस्तुत किया गया जिस पर विस्तृत चर्चा हुई। कार्यकारिणी सदस्यों एवं आजीवन सदस्यों द्वारा अनेक महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी वर्ष में विभिन्न मानवाधिकार मुद्दों पर सक्रिय रूप से कार्य किया जाएगा।

# बैरिया स्थित पाटलिपुत्र बस स्टैंड में बनेगा नया फ्यूल स्टेशन, प्रक्रिया चालू

## बस स्टैंड के विस्तार के लिए भी 5 एकड़ जमीन का किया जा रहा अधिग्रहण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजधानी के बैरिया स्थित पाटलिपुत्र बस स्टैंड में यात्रियों की सुविधा के लिए नयी व्यवस्था शुरू की जा रही है जिससे अब एक ही छत के नीचे बस स्टैंड से चलने वाले वाहनों को इलेक्ट्रिक, सीएनजी पेट्रोल व डीजल सभी तरह के ईंधन डलवाने के जियो बीपी पंप की व्यवस्था की जा रही है। इस विषय पर अधिक जानकारी देते हुए बस स्टैंड के स्टैंडिंग कमिटी अधिकारियों ने कहा कि शुक्रवार को बुडको व जिला प्रशासन की टीम द्वारा नापी व निरीक्षण का काम किया जा रहा है जिससे यात्रियों व सवारी गाड़ियों को आसानी से ईंधन भराने के लिए उचित व्यवस्था की जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि बस स्टैंड में बढ़ती वाहनों की संख्या को देखते हुए 5 एकड़ जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गयी है जिससे भविष्य में बसों की संख्या बढ़ने के बाद भी भीड़-भाड़ की परिस्थिति नहीं उत्पन्न हो।

**गर्मियों में यात्रियों के लिए लगाये गये पेयजल व्यवस्था का किया गया विस्तार**

स्टैंडिंग कमिटी सदस्यों ने कहा कि गर्मियों में यात्रियों के लिए खास निशुल्क पेयजल की व्यवस्था का विस्तार किया गया है जिसके तहत 4 प्याऊ लगाये गये हैं। बता दें कि बस स्टैंड में चार वाटर एटीएम व्यवस्थित रूप से पूर्व ही लगाये जा चुके हैं। इसके अलावा शुद्ध जल के लिए 26 नलों की सुविधा भी सुचारू रूप से बहाल कर दी गयी है। वहीं स्टैंड में यात्रियों के बैठने के लिए 150 सीटों व पंखे की व्यवस्था किया गया है। रोजाना इस बस पड़ाव से 700-800 बसों का संचालन हो रहा है। बस स्टैंड विस्तार के लिए निरीक्षण करने वाली टीम का नेतृत्व प्रबंधक सह सचिव सुनील कुमार, नगर प्रबंधक पंकज कुमार व एजेंसी प्रबंधक सुधीर कुमार, अंकुर कश्यप, राजीव कुमार समेत अन्य कर्मचारी भी मौजूद थे।

# टीएमसी की घबराहट आंकड़ों से नहीं, बंगाल की जागृत जनता से : धर्मेंद्र प्रधान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के संदर्भ में टीएमसी सांसद डेरेक ओ ब्रायन पर तीखा हमला बोला है। श्री प्रधान ने कहा कि चुनावी शुचिता के लिए की गई 'वोटर लिस्ट की सफाई' से टीएमसी का विचलित होना उनकी राजनीतिक असुरक्षा को दर्शाता है। डेरेक ओ ब्रायन के बयानों पर पलटवार करते हुए श्री प्रधान ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर लिखा है कि आपका चुनिंदा अंकगणित केवल उसी बिंदु को पुख्ता करता है जिसे आप नकारने की कोशिश कर रहे हैं जब मतदाता सूची से अवैध घुसपैठियों, डुप्लीकेट प्रविष्टियों और संदिग्ध नामों को हटा दिया जाता है तो मतदान प्रतिशत स्वाभाविक रूप से एक स्वच्छ और अधिक विश्वसनीय आधार को दर्शाता है। केंद्रीय मंत्री ने बंगाल की जनता के साहस की सराहना करते हुए कहा कि तमाम सुधारों के बावजूद 3 करोड़ से अधिक नागरिकों ने बाहर निकलकर वोट डाला है। यह स्पष्ट संकेत है कि बंगाल के लोग अब भय और राजनीतिक डराने धमकाने के बजाय लोकतांत्रिक भागीदारी को चुन रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह देखना राजनीतिक रूप से शर्मनाक है कि टीएमसी वास्तविक मतदाताओं के अधिकारों के बजाय हटाए गए संदिग्ध नामों का बचाव अधिक दृढ़ विश्वास के साथ कर रही है। श्री प्रधान ने सीधा सवाल दागते हुए कहा कि जिस पार्टी ने जन विश्वास के साथ शासन किया हो, उसे चुनावी शुचिता का स्वागत करना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि केवल वही लोग जांच से डरते हैं जिन्होंने वर्षों से दोषपूर्ण मतदाता सूचियों और नियंत्रित मतदान पैटर्न के भरोसे अपनी राजनीति चलाई है। उन्होंने कहा कि टीएमसी के भीतर दिख रही बेचैनी आंकड़ों की नहीं, बल्कि इस एहसास की है कि बंगाल के असली मतदाता की आवाज अब गूंजने लगी है। उन्होंने विश्वास जताया कि मतगणना के दिन कोई चुनिंदा डेटा नहीं, बल्कि बंगाल की जनता का अंतिम फैसला बोलेगा। उन्होंने कहा कि टीएमसी के लिए सबसे बड़ा झटका वह शांतिपूर्ण तरीका होगा जिससे बंगाल में कमल खिलेगा।

# बांस उद्योग की चर्चा कर पीएम ने महिलाओं को सशक्तिकरण का दिया बड़ा मंत्र : संजय सरावगी

## प्रत्येक देशवासी को नए संकल्प के साथ आगे बढ़ने की दिशा दिखाता है 'मन की बात' कार्यक्रम



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने आज बांकीपुर विधानसभा के गोलघर मंडल अंतर्गत बूथ संख्या 113, बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के सभागार में आम जनों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसंवाद कार्यक्रम 'मन की बात' को सुना। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी के साथ पूर्व उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायी मासिक उद्बोधन 'मन की बात' के 133 वें एपिसोड को सुना। इस मौके पर पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में आम लोग बीआईए हॉल में जुटे और पीएम मोदी के प्रेरक प्रसंगों को सुना। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने 'मन की बात' के प्रेरक प्रसंगों को सुनने के बाद कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह संवाद देशवासियों में कर्तव्यबोध, राष्ट्रप्रेम और सकारात्मक सोच को सशक्त करता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र और समाज के सर्वांगीण विकास के लिए प्रेरणा देने वाला पीएम मोदी का मन की बात कार्यक्रम प्रत्येक देशवासी को नए संकल्प के साथ आगे बढ़ने की दिशा दिखाता है। यही कारण है कि इस प्रेरणादायक कार्यक्रम के श्रोताओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। बिहार भाजपा के अध्यक्ष संजय सरावगी ने आज अपने मन की बात में जहां गणित ओलंपियाड की चर्चा कर छात्राओं का उत्साह बढ़ाया वहीं नॉर्थ ईस्ट में बांस उद्योग की चर्चा कर महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए नए अवसर को रेखांकित कर उन्हें स्वावलंबी बनने के लिए यह मार्ग सुझाया। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र अब रोजगार और नवाचार का बड़ा केंद्र बन गया है। इससे महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनने और आय के नए अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने उत्तर-पूर्व को भारत की 'अष्टलक्ष्मी' बताते हुए कहा कि यह क्षेत्र न सिर्फ प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर है, बल्कि यहां अपार प्रतिभा और अवसर भी मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि एक समय था जब बांस को केवल एक साधारण संसाधन या बोझ की तरह देखा जाता था, लेकिन आज यही बांस लाखों लोगों की आजीविका और रोजगार का मजबूत आधार बन चुका है। खासकर उत्तर-पूर्व के राज्यों में बांस आधारित उद्योग तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और इसमें नवाचार की बड़ी भूमिका है। उन्होंने इसके जरिए बांस बहुलता वाले इलाकों की महिलाओं के लिए बड़ा मंत्र दिया। भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि पीएम मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम के ताजा संस्करण में रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में देश की उपलब्धि का जिक्र किया और कहा कि यह राष्ट्र की सामूहिक इच्छाशक्ति और एक स्थायी भविष्य के प्रति प्रतिबद्धता का एक शक्तिशाली प्रतीक है। उन्होंने इस क्रम में सिविल न्यूक्लियर प्रोग्राम पर चर्चा कर इससे किसानी से लेकर आधुनिक नवप्रवर्तकों को मिल रहे लाभ की जानकारी भी देशवासियों को दी।

# संपादकीय

## बंपर वोटिंग के मायने

पश्चिम बंगाल में इस बार चुनाव के पहले चरण में करीब तिरानबे फीसद लोगों ने मतदान किया, जबकि तमिलनाडु में पचासी फीसद से ज्यादा लोग घर से निकले और उन्होंने वोट डाले।पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में विधानसभा चुनावों के तहत गुरुवार को हुआ मतदान पार्टियों के बीच जीत के लिए जोर–आजमाइश या राजनीतिक खींचतान से ज्यादा डाले गए वोट के फीसद के लिए दर्ज किया जाएगा। निश्चित तौर पर यह उम्मीद की जाती है कि लोकतंत्र के एक पर्व के तौर पर देखे जाने वाले चुनाव और मतदान में ज्यादा से ज्यादा मतदाता हिस्सा लें।मगर पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में अब तक जितने अधिकतम लोगों ने वोट डाले थे, इस बार के चुनाव में वह आंकड़ा पार कर गया। स्वाभाविक ही इसे लोकतंत्र के जीवन और आम जनता के बीच व्यापक जागरूकता फैलने के रूप में देखा जा रहा है। मगर इसके समांतर कुछ अन्य सहायक कारक भी स्पष्ट हैं, जिनकी वजह से पात्र मतदाताओं ने दोनों राज्यों में जम कर वोट डाले।गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल में इस बार चुनाव के पहले चरण में करीब तिरानबे फीसद लोगों ने मतदान किया, जबकि तमिलनाडु में पचासी फीसद से ज्यादा लोग घर से निकले और उन्होंने वोट डाले।जाहिर है, इतनी बड़ी संख्या में नागरिकों ने अगर मतदान किया है, तो इसके पीछे मुख्य कारण संवैधानिक अधिकारों के प्रति जनता के बीच फैली व्यापक जागरूकता है और यह देश के लोकतंत्र के लिए एक सुखद संकेत है। हालांकि पश्चिम बंगाल में होने वाले किसी भी चुनाव में मतदान का फीसद सामान्य तौर पर अन्य राज्यों के मुकाबले ज्यादा रहता है, लेकिन इस बार का आंकड़ा अगर इतना ऊंचा गया है, तो इसकी वजह वहां के राजनीतिक माहौल में प्रतिद्वंद्वी दलों के बीच आक्रामक खींचतान से पैदा हुआ उद्वेलन भी है, जिसने बहुत सारे लोगों को अपना वोट हर हाल में डालने को लेकर जागरूक किया।तमिलनाडु में भी कमोबेश स्थिति यही रही। दिलचस्प यह है कि इन दोनों राज्यों के चुनावी गणित में अब तक भाजपा का कोई खास प्रभाव नहीं रहा है, लेकिन इस बार के चुनाव प्रचार में योजनाबद्ध तरीके से इसने जिस स्तर का दखल दिया, उसमें यह विपक्षी पार्टियों के विरोध का केंद्र बन गई।

इस क्रम में आक्रामक चुनाव प्रचार अभियानों का सीधा असर आम लोगों पर पड़ा, जिन्होंने अपने–अपने पक्ष के लिए मतदान में हिस्सेदारी को अपनी जिम्मेदारी माना।इसके अलावा, एक बड़ा कारण यह भी माना जा रहा है कि निर्वाचन आयोग ने चुनाव के पहले जिस तरह मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर का अभियान चलाया और अपात्र मतदाताओं के नाम काटने की प्रक्रिया चली, उसमें बड़ी संख्या में लोगों के बीच किसी भी स्थिति में सूची में कायम रहने को लेकर फिक्र पैदा हुई।यही वजह है कि एसआइआर की प्रक्रिया में मृत या विस्थापित हो चुके और अन्य कारणों से अपात्र माने गए लाखों लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए जाने के बाद जो बचे रहे, उन्होंने इस बार पहले के मुकाबले वोट डालने को लेकर ज्यादा सजगता दिखाई।दरअसल, इस सूची में मौजूदगी सुनिश्चित होना और मताधिकार का उपयोग करना भविष्य में नागरिक अधिकारों के सुरक्षित होने को लेकर एक आशंका से भी जुड़ा हो सकता है। इसके बावजूद यह कहा जा सकता है कि मतदान के लिए पात्र माने गए लोगों ने अगर भारी संख्या में घरों से निकल कर अपने मतदान के हक का इस्तेमाल किया, तो यह न केवल जनता के बीच व्यापक जागरूकता का संकेत है, बल्कि देश के लोकतंत्र के मजबूत होते जाने का सूचक भी है।पश्चिम बंगाल में पहले चरण की वोटिंग संपन्न हो गई है, 90 फीसदी के करीब मतदान हुआ है। पिछले 15 सालों से राज्य में ममता बनर्जी की सरकार है। 2011 में उन्होंने पहली बार सत्ता में आने के बाद बंगाल की जनता से कई वादे किए थे। बीजेपी आरोप लगाती है कि ममता उन वादों पर खरा नहीं उतर पाई हैं।

**पुस्तकें केवल कागज और शब्दों का संयोजन नहीं होतीं, वे जीवन का साक्षात अनुभव कराती हैं। वे समय, समाज और संवेदनाओं का जीवंत इतिहास होती हैं। महान कवि रविन्द्रनाथ टैगोर ने कहा था कि उच्च शिक्षा केवल जानकारी प्रदान नहीं करती, बल्कि जीवन को संतुलित और शांतिपूर्ण बनाती है। यही कार्य पुस्तकें करती हैं, वे मनुष्य के भीतर विवेक, करुणा और सहिष्णुता का विकास करती हैं। संकट के समय में पुस्तकें सच्चे मित्र की तरह साथ निभाती हैं, यह तथ्य वैश्विक महामारी के दौर में स्पष्ट रूप से देखने को मिला, जब लोगों ने अकेलेपन और अनिश्चितता के बीच पुस्तकों में ही आश्रय पाया।**

# पुस्तकें हैं जीवन का दीप, समाधान का सेतु

(ललित गर्ग )

पुस्तकें केवल कागज और शब्दों का संयोजन नहीं होतीं, वे जीवन का साक्षात अनुभव कराती हैं। वे समय, समाज और संवेदनाओं का जीवंत इतिहास होती हैं। महान कवि रविन्द्रनाथ टैगोर ने कहा था कि उच्च शिक्षा केवल जानकारी प्रदान नहीं करती, बल्कि जीवन को संतुलित और शांतिपूर्ण बनाती है। हर वर्ष 23 अप्रैल को समूचा विश्व ज्ञान, सृजनशीलता और मानवीय सभ्यता की अमूल्य धरोहर पुस्तकों का उत्सव मनाता है। यूनेस्को द्वारा 1995 में प्रारंभ किया गया यह दिवस केवल औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि लेखकों के सम्मान, सृजनाधिकार की रक्षा और पठन संस्कृति के संवर्धन का वैश्विक संकल्प है। इस तिथि का चयन भी अत्यंत अर्थपूर्ण है, क्योंकि इसी दिन विलियम शेक्सपियर और मिगुएल डी सर्वांटेस जैसे महान साहित्यकारों का अवसान हुआ, जिनकी रचनाओं ने मानव सभ्यता को नई दिशा दी। वर्ष 2026 में इस दिवस का मुख्य संदेश यह है कि व्यक्ति अपनी रुचियों के अनुसार पढ़े और पठन को आनंदमय अनुभव बनाए। आज आवश्यकता इस बात की है कि पढ़ने को बोझ नहीं, बल्कि आत्मविकास और आत्मानंद का माध्यम माना जाए। इसी क्रम में मोरक्को की राजधानी रबात को वर्ष 2026 के लिए विश्व पुस्तक राजधानी घोषित किया गया है, जो इस तथ्य को रेखांकित करता है कि पुस्तक संस्कृति किसी एक देश की नहीं, बल्कि समूची मानवता की साझा धरोहर है।

पुस्तकें केवल कागज और शब्दों का संयोजन नहीं होतीं, वे जीवन का साक्षात अनुभव कराती हैं। वे समय, समाज और संवेदनाओं का जीवंत इतिहास होती हैं। महान कवि रविन्द्रनाथ टैगोर ने कहा था कि उच्च शिक्षा केवल जानकारी प्रदान नहीं करती, बल्कि जीवन को संतुलित और शांतिपूर्ण बनाती है। यही कार्य पुस्तकें करती हैं, वे मनुष्य के भीतर विवेक, करुणा और सहिष्णुता का विकास करती हैं। संकट के समय में पुस्तकें सच्चे मित्र की तरह साथ निभाती हैं, यह तथ्य वैश्विक महामारी के दौर में स्पष्ट रूप से देखने को मिला, जब लोगों ने अकेलेपन और अनिश्चितता के बीच पुस्तकों में ही आश्रय पाया। भारत में पुस्तक संस्कृति का इतिहास अत्यंत प्राचीन और गौरवपूर्ण रहा है। वेद, उपनिषद, रामायण और महाभारत जैसे ग्रंथों ने न केवल भारतीय समाज को दिशा दी, बल्कि समूचे विश्व को ज्ञान का प्रकाश प्रदान किया। नालंदा विश्वविद्यालय और तक्षशिला विश्वविद्यालय जैसे प्राचीन विश्वविद्यालय ज्ञान के ऐसे केंद्र थे, जहाँ दूर-दूर से विद्यार्थी अध्ययन हेतु आते थे। ताड़पत्रों और भोजपत्रों पर लिखी गई पांडुलिपियों ने भारतीय ज्ञान परंपरा को पीढ़ी-दर-पीढ़ी सुरक्षित रखा। यह परंपरा केवल धार्मिक ग्रंथों तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसमें विज्ञान, चिकित्सा, साहित्य और दर्शन के विविध आयाम समाहित थे।

जीवन के अंधकारमय क्षणों में पुस्तकें सचमुच एक दीपक की तरह मार्ग को प्रकाशित करती हैं। जब मनुष्य समस्याओं, तनाव और द्वंद्व से घिर जाता है, तब पुस्तकें उसे नया दृष्टिकोण प्रदान करती हैं। वे केवल ज्ञान का भंडार नहीं, बल्कि एक सच्चे मित्र, दार्शनिक और मार्गदर्शक के रूप में उसकी



चेतना को जागृत करती हैं। पुस्तकें हमें यह सिखाती हैं कि हर समस्या का समाधान बाहर नहीं, भीतर की समझ और दृष्टि में छिपा होता है। चीनी दार्शनिक कन्फ्यूशियस ने भी कहा था कि अज्ञानता मन का अंधकार है और ज्ञान ही उसका प्रकाश। इसी प्रकार महान् दार्शनिक आचार्य महाप्रज्ञ ने जीवन की सरलता और संतुलन पर बल देते हुए बताया कि सच्चा ज्ञान वही है जो मन को शांत और संतुलित बनाए। पुस्तकें इसी संतुलन की साधना कराती हैं-वे हमें सोचने, समझने और धैर्यपूर्वक निर्णय लेने की क्षमता प्रदान करती हैं। आधुनिक भारत में भी पुस्तक संस्कृति को सशक्त बनाने के लिए अनेक प्रयास किए गए हैं। आचार्य विनोबा भावे द्वारा स्थापित सर्वोदय साहित्य भंडार तथा आचार्य तुलसी द्वारा स्थापित आदर्श साहित्य संघ जैसे संस्थानों ने नैतिक और प्रेरणादायक साहित्य को जन-जन तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन प्रयासों का उद्देश्य केवल ज्ञान का प्रसार नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और मानवीय मूल्यों का संवर्धन भी रहा है। वर्तमान समय में जब तकनीकी साधनों का विस्तार हुआ है, तब भी पुस्तकों की उपयोगिता और महत्ता में कोई कमी नहीं आई है। यद्यपि अध्ययन के अनेक नए माध्यम विकसित हुए हैं, फिर भी मुद्रित पुस्तकों का आत्मीय स्पर्श और उनकी गहराई अद्वितीय है। पुस्तकें मनुष्य के विचारों को विस्तार देती हैं, उसे सही और गलत का बोध कराती हैं तथा जीवन के प्रति एक संतुलित दृष्टिकोण प्रदान करती हैं।

भारत में पुस्तक संस्कृति को प्रोत्साहित करने में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कई उल्लेखनीय पहलें हुई हैं। उन्होंने उपहार के रूप में पुष्पगुच्छ के स्थान पर पुस्तक देने का संदेश देकर समाज में ज्ञान के प्रति सम्मान की भावना को प्रबल किया है। इसके साथ ही देशभर में पठन-पाठन और पुस्तकालयों के विकास को लेकर विभिन्न अभियान चलाए गए हैं, जिनका उद्देश्य युवाओं में अध्ययन के प्रति रुचि जागृत करना है। यह प्रयास केवल साक्षरता बढ़ाने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि एक जागरूक, संवेदनशील और सशक्त समाज के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। महान वैज्ञानिक एवं पूर्व राष्ट्रपति ए. पी. जे. अब्दुल कलाम ने कहा था कि एक अच्छी पुस्तक अनेक मित्रों के समान होती है। वास्तव में पुस्तकें मनुष्य के मानसिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और नैतिक विकास में अत्यंत सहायक होती हैं। वे व्यक्ति को आत्मचिंतन के लिए प्रेरित करती हैं, समाज की विसंगतियों को समझने का दृष्टिकोण देती हैं और सकारात्मक परिवर्तन के लिए प्रेरित करती हैं। प्रसिद्ध लेखिका टोनी मोरिसन का यह कथन भी उल्लेखनीय है कि यदि वह पुस्तक उपलब्ध नहीं है जिसे आप पढ़ना चाहते हैं, तो आपको स्वयं उसे लिखना चाहिए। यह विचार सृजनशीलता और आत्मविश्वास को प्रोत्साहित करता है। आज के त्वरित सूचना युग में जब ध्यान भटकाने वाले साधनों की भरमार है, तब गहन अध्ययन और मनन की आवश्यकता और भी बढ़ गई है। पुस्तकें ही वह माध्यम हैं जो मनुष्य को एकाग्रता, धैर्य और गहराई प्रदान करती हैं। वे केवल जानकारी नहीं देतीं, बल्कि जीवन को दिशा देती हैं और व्यक्ति को बेहतर मनुष्य बनने के लिए प्रेरित करती हैं।

पुस्तकें मानसिक शांति और भावनात्मक स्थिरता का आधार भी हैं। जब जीवन की भागदौड़ मन को विचलित करती है, तब एक अच्छी पुस्तक ध्यान के समान कार्य करती है, जो मन को एकाग्र और शांत बनाती है। महान चीनी चिंतक मेन्शियस ने कहा था कि मनुष्य का स्वभाव मूलतः शुभ होता है, उसे केवल सही दिशा की आवश्यकता होती है। पुस्तकें वही दिशा प्रदान करती हैं। वे अकेलेपन में सच्चा साथी बनती हैं, दुःख में सहारा देती हैं और निराशा में आशा का संचार करती हैं। पुस्तक के माध्यम से हम अनेक महापुरुषों के अनुभवों से जुड़ते हैं, उनके संघर्षों को समझते हैं और अपने जीवन के लिए प्रेरणा प्राप्त करते हैं। वास्तव में पुस्तकें जीवन-निर्माण का कल्पवृक्ष और कामधेनु हैं। उनकी छाया में बैठकर मनुष्य ज्ञान, विवेक, शांति और समाधान सब कुछ प्राप्त कर सकता है। वे हमारे भीतर ऐसी मानसिकता का विकास करती हैं, जिसमें हम हर परिस्थिति में समाधान खोजने लगते हैं। पुस्तकें हमारे विचारों को व्यापक बनाती हैं, हमारी संवेदनाओं को परिष्कृत करती हैं और हमें एक बेहतर मनुष्य बनने की दिशा में अग्रसर करती हैं। इसलिए कहा जा सकता है कि पुस्तकें केवल जीवन को प्रकाशित ही नहीं करतीं, बल्कि उसे सार्थक, संतुलित और समृद्ध भी बनाती हैं।

विश्व पुस्तक दिवस मनाते हुए यह स्पष्ट है कि पुस्तकें केवल अतीत की स्मृति नहीं, बल्कि भविष्य की आधारशिला हैं। वे समाज में स्थायी और सकारात्मक परिवर्तन लाने की क्षमता रखती हैं। ऐसा परिवर्तन जो किसी बाहरी दबाव से नहीं, बल्कि आंतरिक चेतना से उत्पन्न होता है। इसलिए आवश्यक है कि हम पुस्तक संस्कृति को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं, घर-घर में अध्ययन का वातावरण निर्मित करें और आने वाली पीढ़ियों को ज्ञान के इस अमूल्य स्रोत से जोड़ें। विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस हमें यही प्रेरणा देता है कि हम पढ़ने की आदत को विकसित करें, पुस्तकों के प्रति सम्मान की भावना को जागृत करें और एक ऐसे समाज के निर्माण में योगदान दें, जो ज्ञान, संवेदनशीलता और मानवीय मूल्यों पर आधारित हो।लेखक, पत्रकार, स्तंभकार । (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# नेपाल की राजनीति में भूचाल! इस्तीफों, आरोपों और अंदरूनी घमासान से घिरी नई सरकार

(पुष्परंजन)

नेपाल में सत्ता परिवर्तन के बाद आम लोगों को उम्मीद थी कि देश के विकास को नई दिशा मिलेगी, जनकल्याण की नीतियां एवं योजनाएं आकार लेंगी और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा। मगर अब देश के शासन और सियासत में ही नई चुनौतियां पैदा हो गई हैं। नेपाल के गृह मंत्री सुदन गुरुंग ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। यह इस्तीफा ऐसे समय आया है, जब हवाला व्यवसायी दीपक भट्ट के साथ उनके कथित व्यावसायिक संबंधों को लेकर जांच चल रही है और पार्टी के अंदर



तनातनी थीं।

गुरुंग का इस्तीफा नहीं होता, तो अंतःपुर का झगड़ा खुल कर बाहर आ जाता। उनका कहना है कि उनसे जुड़े मामलों में निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने पद से इस्तीफा दिया है, ताकि कोई ये न कह सके कि पद पर रहते वे जांच प्रक्रिया को प्रभावित कर रहे हैं।

गृहमंत्री के इस्तीफे के बाद नेपाल में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। गुरुंग ने कहा, 'हाल के दिनों में सार्वजनिक स्तर पर उनके निवेश, जिसमें शेयरों में निवेश भी शामिल है, उसे लेकर उठाए गए सवालों को मैंने गंभीरता से लिया है, नैतिकता पद से बड़ी होती है। देश में चल रहा युवाओं का आंदोलन सुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग कर रहा है, उसने भी यही संदेश दिया है कि सार्वजनिक जीवन साफ-सुथरा होना चाहिए और नेतृत्व जवाबदेह होना चाहिए। अगर कोई मेरे भाइयों और बहनों के बलिदान से बनी सरकार पर सवाल उठाता है, तो उसका जवाब नैतिकता है।'

गुरुंग ने सोशल मीडिया पर सफाई देते हुए कहा, 'बहुत सारी अफवाहें' फैल रही हैं। तथ्यों को अटकलों से अलग करने की जरूरत है। आरोप और सच्चाई एक ही चीज नहीं हैं। फैसले सबूतों पर आधारित होने चाहिए, भावनाओं पर नहीं। मैं पार्टी द्वारा लिए गए हर फैसले का पूरी तरह पालन करूंगा और जांच में सहयोग करूंगा। अब सवाल यह है कि क्या पार्टी आलाकमान ने उन्हें इस्तीफा देने को कहा था?

गौरतलब है कि बालेंद्र शाह के नेतृत्व वाली मौजूदा सरकार में किसी मंत्री का यह दूसरा इस्तीफा है। प्रधानमंत्री ने नौ अप्रैल को श्रम, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा मंत्री दीपक कुमार साह को पद से हटा दिया था। उनको पार्टी अध्यक्ष रवि लामिछाने के एक औपचारिक पत्र के बाद हटाया गया था। यह पत्र पार्टी के केंद्रीय अनुशासन आयोग की जांच रपट पर आधारित था, जिसमें कहा गया था कि साह ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अपनी पत्नी को स्वास्थ्य बीमा बोर्ड के सदस्य के तौर पर बनाए रखा। यह पद काफी समय से लगभग निष्क्रिय पड़ा था। दीपक कुमार साह संसद सदस्य बनने से पहले मेडिकल दाखिले में फर्जीवाड़ा करने के आरोप में अपनी कंपनी के सहयोगी के साथ गिरफ्तार किए गए थे। उनका मामला नेपाल की एक उच्च अदालत में लंबित था। प्रधानमंत्री ऐसे शख्स को मंत्री बनाने की वजह से भी आलोचना के घेरे में थे।

राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी पारदर्शिता और साफ-सुथरी राजनीति का पैगाम देकर सत्ता में आई थी और उसके लिए अब जनता की उम्मीदों की कसौटी पर खरा उतरने की चुनौती है। बालेंद्र शाह ने पहले श्रम मंत्री दीपक साह को सत्ता दुरुपयोग के आरोप में मंत्रिमंडल से बाहर किया। साह चुनाव से पहले मेडिकल में दाखिले में पैसे उगाही के मामले में जेल जा चुके थे। मगर इस बार देश के गृहमंत्री सुदन गुरुंग शक के घेरे में थे। गुरुंग ने जहां निवेश किया था, उसके तार कुख्यात हवाला कारोबारी दीपक भट्ट के साथ जुड़े बताए जा रहे हैं।

# आम आदमी पार्टी पर बड़ा संकट- केजरीवाल कब छोड़ेंगे पार्टी सुप्रीमो की कुर्सी?

**आम आदमी पार्टी के सुप्रीम लीडर अरविंद केजरीवाल अपने सांसदों द्वारा 24 अप्रैल को उन्हें दिए गए गिफ्ट को कभी भूल नहीं पाएंगे। सरकार से लड़-भिड़कर केजरीवाल ने अदालत के जरिए जो सरकारी बंगला लिया था, उस बंगले में परिवार सहित शिफ्ट होने की जानकारी केजरीवाल ने जिस दिन सोशल मीडिया पर शेयर किया, उसी दिन उनके भरोसेमंद सांसदों ने उनकी पार्टी ही तोड़ दी।**

(संतोष कुमार पाठक )

आंदोलन के समय के दिग्गज नेताओं को दरकिनार कर केजरीवाल ने जिस राघव चड्ढा और संदीप पाठक जैसे नेताओं को पार्टी का बड़ा चेहरा बनाया, उन्होंने ही एक झटके में केजरीवाल का साथ छोड़ दिया। इन नेताओं ने सिर्फ केजरीवाल को झटका ही नहीं दिया, बल्कि राज्यसभा में एक तरह से आम आदमी पार्टी को खत्म ही कर दिया।

आम आदमी पार्टी के सुप्रीम लीडर अरविंद केजरीवाल अपने सांसदों द्वारा 24 अप्रैल को उन्हें दिए गए गिफ्ट को कभी भूल नहीं पाएंगे। सरकार से लड़-भिड़कर केजरीवाल ने अदालत के जरिए जो सरकारी बंगला लिया था, उस बंगले में परिवार सहित शिफ्ट होने की जानकारी केजरीवाल ने जिस दिन सोशल मीडिया पर शेयर किया, उसी दिन उनके भरोसेमंद सांसदों ने उनकी पार्टी ही तोड़ दी।

आंदोलन के समय के दिग्गज नेताओं को दरकिनार कर केजरीवाल ने जिस राघव चड्ढा और संदीप पाठक जैसे नेताओं को पार्टी का बड़ा चेहरा बनाया, उन्होंने ही एक झटके में केजरीवाल का साथ छोड़ दिया। इन नेताओं ने सिर्फ केजरीवाल को झटका ही नहीं दिया, बल्कि राज्यसभा में एक तरह से आम आदमी पार्टी को खत्म ही कर दिया।

राघव चड्ढा की जिस काबलियत को देखकर एक जमाने में कुमार विश्वास, संजय सिंह और अरविंद केजरीवाल ने उन्हें इंटर्न के तौर पर पार्टी के साथ जोड़ा था। उसी काबलियत का इस्तेमाल करते हुए बड़ी ही चालाकी से राघव चड्ढा ने आप के 10 राज्यसभा सांसदों में से 7 का जुगाड़ ( खुद को मिलाकर) करते ही बीजेपी का दामन थाम लिया।टूट के लिए कानूनी रूप से जरूरी दो-तिहाई सांसदों का जुगाड़ कर एक बार फिर से



राघव चड्ढा ने अपनी काबलियत तो साबित कर दी लेकिन इस बार वे अपने ही राजनीतिक गुरु केजरीवाल पर भारी पड़ गए।

पार्टी छोड़ने से पहले उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि, जिस पार्टी को खून-पसीने से सींचा वह अपने सिद्धांतों से भटक गई है। वहीं केजरीवाल ने अपने राजनीतिक स्टाइल के मुताबिक, बीजेपी पर पंजाबियों के साथ धोखा देने का आरोप लगाया। आम आदमी पार्टी और उनके पूरे सिस्टम ने इन्हें गद्दार, यहां तक कि देशद्रोही तक साबित करने का अभियान छेड़ दिया है।

जबकि होना तो यह चाहिए था कि इतनी बड़ी टूट के बाद आम आदमी पार्टी के नेताओं, खासकर आंदोलन के समय के नेताओं को बैठकर आत्ममंथन करना चाहिए। वर्ष 2013 से पहले और उसके बाद आए तमाम नेताओं पर नजर डालते हुए, यह सोचना चाहिए कि अब तक कितने गए, कब गए, क्यों गए और किसकी वजह से गए? लेकिन इसकी बजाय केजरीवाल पार्टी छोड़कर जाने वाले हर नेता को गद्दार साबित करने में जुट जाते हैं ताकि पार्टी के अंदर कोई भी उनके रवैए पर सवाल न उठा पाए।

आप का जन्म भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाए गए देशव्यापी आंदोलन से हुआ था इसलिए इस पार्टी का खत्म होना दशकों तक इस देश को आंदोलन के नाम से डराता रहेगा। इसके लिए सिर्फ ऑपरेशन लोटस और बीजेपी को जिम्मेदार बता देने से काम नहीं चलेगा।

संजय सिंह और मनीष सिसोदिया जैसे नेताओं को तुरंत पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की आपात बैठक बुलाकर कुछ कड़े फैसले लेने की पहल करनी चाहिए। दिल्ली में मिली हार के बाद अब यह सवाल तो बेमानी हो गया है कि एक व्यक्ति, एक पद के नियम के बावजूद अरविंद केजरीवाल वर्षों तक दो-दो पदों पर कैसे बने रहे? लेकिन अब यह सवाल तो पूछा ही जाना चाहिए कि आखिर पिछले साढ़े 13 वर्षों से एक ही व्यक्ति ( अरविंद केजरीवाल ) पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक क्यों बने हुए हैं? क्या संजय सिंह, मनीष सिसोदिया या पार्टी के किसी भी अन्य नेता में पार्टी की कमान संभालने की क्षमता नहीं है ? नेताओं को पार्टी से निकालने का मामला हो या राज्यसभा उम्मीदवार तय करने का मामला हो, यह सब कुछ एक ही व्यक्ति की इच्छा पर कब तक छोड़ा जाएगा? आखिर पार्टी की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी क्यों बनाई गई है और इसका काम क्या है? पहले दिल्ली में सत्ता सुख भोगों और जब यहां पर जनता सत्ता से बाहर कर दें तो पंजाब जाकर जम जाओ, ये किस तरह का रवैया है? चाहे वो केजरीवाल हो या मनीष सिसोदिया या फिर बिभव कुमार या फिर कोई अन्य नेता या कर्मचारी, दिल्ली की हार के बाद क्या ये लोग 3-4 साल भी दिल्ली में या देश के अन्य राज्यों में संघर्ष नहीं कर सकते जो ये लोग सत्ता वाले राज्य पंजाब को घर बनाने निकल पड़ते है? अगर इन सवालों के जवाब नहीं तलाशे गए तो यकीन मानिए कि आने वाले दिनों में आप का पूरा संगठन भी बीजेपी में विलय होता हुआ नज़र आएगा।

अगर यह सब सिर्फ एक या दो व्यक्ति की जिद के कारण हो रहा है तो पार्टी के सभी नेताओं को मिलकर उन्हें किनारे लगाकर किसी और सक्षम नेता को जिम्मेदारी देनी चाहिए। पार्टी को अपने पुराने नेताओं की भी घर वापसी का अभियान बड़े पैमाने पर चलाना चाहिए और सबसे बड़ी बात आप के नेताओं को यह समझना चाहिए कि राज्यसभा की सांसदी का टिकट धन्नासेठों के लिए नहीं पार्टी के समर्पित कार्यकताओं के लिए होता है।

राजनीतिक हालात जिस तेजी से बदल रहे हैं, अगर उससे भी ज्यादा तेजी से आप ने बदलाव नहीं किए तो आने वाले दिनों में पार्टी के नाम और निशान दोनों पर ही बड़ा खतरा पैदा हो जाएगा। लेकिन बड़ा सवाल तो यही है कि क्या अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह, बिभव कुमार, भगवंत मान और आतिशी इस बड़े बदलाव के लिए तैयार हैं? लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## संक्षिप्त समाचार

### प्रखंड कल्याण पदाधिकारी ने जन वितरण प्रणाली दुकान का किया भौतिक सत्यापन

**मनसाही/कटिहार (नबिटासं)।** प्रखंड क्षेत्र के चित्तौड़िया पंचायत एवं कुरेठा पंचायत के जन वितरण प्रणाली के दुकान का प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सुशील कुमार के द्वारा भौतिक सत्यापन किया गया। इस मौके पर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी श्री कुमार ने बताया कि कुरेठा एवं चितौड़िया के विभिन्न जनवितरण प्रणाली के दुकानों का भौतिक सत्यापन किए। जन वितरण प्रणाली के विक्रेता के स्टॉक पंजी रजिस्टर,पीएफ मशीन के साथ-साथ भंडारण का सत्यापन किए। सत्यापन का कॉपी वरीय अधिकारी के पास भेजा जाएगा। वहीं कुरेठा पंचायत के जन वितरण प्रणाली के विक्रेता संजय यादव एवं भुवनेश्वर ऋषि के नहीं रहने के कारण उन दोनों जन वितरण प्रणाली के दुकान की जांच नहीं की जा सकी। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमन कुमारी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार ने भी विभिन्न जन वितरण प्रणाली के दुकानों का भौतिक सत्यापन किया। इस अवसर पर जन वितरण प्रणाली के विक्रेता सह पैक्स अध्यक्ष छोटू कुमार गोस्वामी सहित विभिन्न जनवितरण प्रणाली के विक्रेता उपस्थित रहे।



### विकास सिंह बने बीर कुंवर सेवा परिषद के अध्यक्ष

**कटिहार (नबिटासं)।** शहर के बीर कुंवर सिंह इंडोर स्टेडियम के प्रांगण में बाबू वीर कुंवर सिंह सेवा परिषद की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बाबू वीर कुंवर सिंह सेवा परिषद के पूर्व संरक्षक पंकज सिंह ने की। बैठक में परिषद की ओर से नए अध्यक्ष पद के लिए विकास सिंह का नाम प्रस्तावित किया गया। जिसे सर्वसम्मति से निर्विरोध अध्यक्ष पद के लिए चुनाव किया गया। साथ ही विकास सिंह को 15 दिन के अंदर नई कमेटी गठन का दायित्व दिया गया। निर्वाचित अध्यक्ष विकास सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि परिषद के द्वारा पूर्व में भी काम किया है आगे भी परिषद के कसौटी पर शत प्रतिशत उतरने का प्रयास करूंगा ' कार्यक्रम में मुख्य रूप से जितेंद्र सिंह, राज किशोर सिंह, विनोद सिंह, अरविंद सिंह अधिवक्ता, अरुण सिंह, विनय सिंह, सत्यम समदर्शी, कुमार गौरव, चंचल सिंह, अजय सिंह, लालमोहन सिंह, मौसम सिंह, सुनील कुमार सिंह, जयप्रकाश सिंह, रवि शंकर सिंह, अजय सिंह, बृज किशोर सिंह, बिक्कू सिंह, अजय सिंह, अनिकेत राजवार, अभिषेक सिंह, जयंत सिंह, सतीश सिंह, विजय सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### स्मैक के साथ एक गिरफ्तार, भेजे गये जेल

**मनिहारी/कटिहार (नबिटासं)।** मनिहारी पुलिस ने समकालीन अभियान के तहत थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या दो एसएम कालोनी से 7.37 ग्राम के साथ उन्नीस वर्षीय राहुल महतो ऊर्फ सुरेश महतो पिता मानिक महतो को गिरफ्तार किया है। इस संदर्भ में मनिहारी थानका इंड संख्या 122/26दर्ज कर एनडीपीएस एक्ट के तहत जेल भेज दिया है।

### स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाएं परखी, गंगा घाट कटावरोधी कार्य में तेजी के निर्देश

**कटिहार (नबिटासं)।** रविवार को सांसद प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव ने बरारी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों का दौरा कर जनसुविधाओं और विकास कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरारी पहुंचकर मरीजों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली तथा अस्पताल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। स्वास्थ्य केंद्र में मौजूद चिकित्सकों और कर्मियों से बातचीत करते हुए उन्होंने इलाज, दवा उपलब्धता, साफ-सफाई और मरीजों की सुविधा से जुड़े विषयों पर जानकारी प्राप्त की। साथ ही निर्देश दिया कि मरीजों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए और सभी आवश्यक सेवाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं। इसके बाद सांसद प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव ने गंगा घाट पहुंचकर वहां चल रहे कटाव निरोधी कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों से कार्य की प्रगति की जानकारी ली और निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया, ताकि क्षेत्रवासियों को कटाव की समस्या से राहत मिल सके। मौके पर उन्होंने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है। उसके तहत वे लगातार बरारी विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं। जनता की समस्याओं का समाधान और विकास कार्यों की निगरानी उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र में स्वास्थ्य, सड़क, सिंचाई और बाढ़ सुरक्षा से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। मौके पर सिमरनजीत सिंह,जहांगीर आलम सहित कई कांग्रेस नेता एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

### देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस, मिसफायर कारतूस तथा बाइक पुलिस ने की जप्त

**प्राणपुर/कटिहार (नबिटासं)।** प्राणपुर एनएच 31 सड़क बभनी चौक के समीप बीते शनिवार की रात्रि को हवाई फायरिंग करते तीन अपराधी को देख ग्रामीणों ने एक अपराधी मोहम्मद समर उर्फ सोनू साकिन कजरा बसनपुर थाना मनसाही को धड़दबोचा तथा दो अपराधी ग्रामीणों के चंगुल से भाग निकला। ग्रामीणों ने तुरंत प्राणपुर पुलिस को सूचना दिया। ग्रामीणों द्वारा मिली सूचना पर प्राणपुर पुलिस दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों के चंगुल से अपराधी को अपने कब्जे में लेते हुए पूछताछ किया तथा तलाशी लिया। तलाशी के दौरान अपराधी के पास से एक देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस, एक मिस फायर कारतूस एक बाइक बरामद हुआ। अपराधी से पूछताछ के दौरान मिले निशान देही पर प्राणपुर पुलिस ने बभनी गांव से ललन कुमार यादव साकिन बभनी को घर से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किये गये अपराधी के पॉकेट से 4000 रूपए एवं एक मोबाइल बरामद किया। घटना के संबंध में प्राणपुर थाना प्रभारी अध्यक्ष पवन कुमार चौधरी ने बताया कि बीते शनिवार की रात्रि करीब 3:25 में ग्रामीणों द्वारा सूचना मिली कि हवाई फायरिंग कर रहे एक बाइक पर सवार तीन अपराधी को जब खदेड़ा गया तो बभनी चौक के समीप एक अपराधी को धड़ दबोचा गया तथा दो अपराधी भागने में सफल हो गया। ग्रामीणों के चंगुल से अपराधी को अपने कब्जे में लेते हुए तलाशी ली गई तो उसके पास से एक देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस, एक मिस फायर कारतूस बरामद हुआ तथा पूछताछ कर उसके निशान देही पर एक अपराधी ललन कुमार यादव साकिन बभनी को दो घंटा के अंदर गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से 4000 रूपए एवं एक मोबाइल बरामद किया गया।शेष एक अपराधी की गिरफ्तारी हेतु छापामारी अभियान जारी है। प्राणपुर थाना में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। दोनों गिरफ्तार अपराधियों को मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।

### घायल महिला की इलाज के दौरान मौत, एक गिरफ्तार

**समेली/कटिहार (नबिटासं)।** भूमि विवाद में मारपीट में घायल महिला की इलाज के दौरान चार दिन बाद मौत हो गई ।घटना कुरसेला थाना क्षेत्र के मोरसंडा वार्ड नंबर 1 निवासी मसोमात सुनीता देवी पति स्वर्गीय अखिलेश यादव के साथ घटी ।इस संदर्भ में पीडीत महिला ने लिखित आवेदन कुरसेला थाना को प्रेषित किया है। प्रेषित पत्र में लिखा है कि दिनांक 22 अप्रैल की सुबह 5:30 बजे अवधेश यादव, नकुल यादव, सरवन यादव ललटू यादव सभी मेरे फरीकेन ने मुझे बाड़ी में देखकर गाली गलौज हाथापाही करने लगा । यह देखकर मेरी पुत्रवधू बिभा देवी 32 वर्ष पति शैलेश यादव आकर बोलने लगी कि मेरी सासू मां के साथ गाली गलौज जोर जबरदस्ती क्यों कर रहे हैं। इतने में सभी गाली देने लगे सरवन कुमार ने धारदार हथियार से हमला कर दिया जिससे सिर फट गया ।कुसेर्ला पीएससी में इलाज के बाद पूर्णिया रेफर कर दिया गया ।25 अप्रैल को घायल महिला का इलाज के दौरान मौत हो गई। आज मृत महिला के शव को अतः परीक्षण के लिए कटिहार भेजा गया। कुरसेला पुलिस ने ललटू यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### देसी शराब के साथ दो गिरफ्तार

**मनिहारी/कटिहार (नबिटासं)।** मनिहारी थाना क्षेत्र के हसवर फोरलेन से दो लोगों को 39 लीटर देशी शराब के साथ रविवार को गिरफ्तारकर जेल भेज दिया गया है। इस संदर्भ में मनिहारी थानाकांड संख्या 123/26 के तहत दफा 30(ए), मद्य निषेध की सुसंगत धाराओं में जेल भेजा गया है।थानाध्यक्ष से मिली जानकारी के अनुसार गुप्त सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति चोरी छिपे देशी शराब के साथ हसवर की ओर आ रहे हैं.। इस सूचना के आलोक में हसवर बशफोरलेन पर जांच के दौरान दो लोगों को शराब के साथ पकडा गया।

# देशी कट्टा और चार कारतूसों के साथ पच्चीस हजार का ईनामी चढ़ा पुलिस के हत्थे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार)।** मनिहारी पुलिस ने अपराध नियंत्रण की दिशा में सक्रियता बढा दी है। रविवार को इस विशेष अभियान के दौरान पुलिस की बडी कामयाबी मिली। जब पुलिस ने मनिहारी थाना कांड संख्या 293/25 के आरोपी को एक देशी कट्टा एवं चार गोली के साथ पच्चीस हजार का ईनामी अपराधी मिजार्पुर बघार निवासी नथूनी यादव पिता झल्लू यादव को गिरफ्तार कर लिया।




इस संबंध में थानाध्यक्ष संतोष कुमार झा ने कहा कि 21.11.25 को मेदिनीपुर गोढीटोला निवासी विकास कुमार सिंह (25) पिता बहादुर प्रसाद सिंह ने मनिहारी थाना मे लिखित शिकायत की थी। जब वह और उनके अन्य सहकर्मी उक्त तिथि की रात्री मे मछली मारकर लौट रहा था तो बघार गुमटी के पास चार की संख्या मे बदमाश उनके साथ अकारण मारपीट की, पास रखे रुपए और मोबाईल छीन लिये। इन लोगों के द्वारा भी साहस दिखाते हुए एक बदमाश को देशी कट्टा और मोबाईल के साथ पकड लिया गया था। जबकि तीन बदमाश भाग निकले थे। वादी विकास कुमार सिंह की लिखित शिकायत पर मनिहारी थाना मे कांड संख्या 293/25 दर्ज की गयी थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश के आलोक मे विशेष टीम का गठन कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किये जा रहे थे कि रबिवार को इस कांड का आरोपी पच्चीस हजार का ईनामी बदमाश नथूनी यादव पिता झल्लू यादव को पुलि ने धर दबोचा है।पकडे गये नथूनी के पास से पुलिस ने एक कट्टा सहित चार जिंदा कारतूस बरामद की है।थानाध्यक्ष ने श्री झा ने जानकारी दी कि पकडे गये अपराधी का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है।नथूनी यादव के विरूद्ध मनिहारी थाना मे ही सात मामले दर्ज हैं। थानध्यक्ष के कहा कि विभिन्न कांडों मे फरार चल रहे वांछित अपराधी बख्से नहीं जाएंगे।आगे भी इस तरह के अभियान जारी रहेंगें।

# धारदार हथियार से महिला पर हमला हालत गंभीर, दो आरोपी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फलका (कटिहार)।** फलका थाना क्षेत्र के गोविंदपुर पंचायत स्थित वाहिद नगर गांव में घरेलू विवाद में हुए हिंसक झड़प बढ़ता ही जा रहा है। विगत रात वाहिद नगर गांव में अपने रिश्तेदार के यहां आई एक महिला पर द्वितीय पक्ष के लोगों द्वारा घरेलू विवाद को लेकर मारपीट कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। घायल महिला को रिश्तदारों के द्वारा इलाज हेतू नगर गांव आई हुई थी और रात के वक्त वह घर में सो रही थी।इसी दौरान द्वितीय पक्ष के लोगों द्वारा उन पर धारदार हथियार हमला कर दिया गया।घटना में महिला बुरी तरह से घायल हो गई। घायल महिला को प्राथमिक उपचार के लिए सीएचसी फलका लाया गया। जहां चिकित्सकों ने महिला की प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देख बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। जख्मी महिला के परिजनों के



सीएचसी फलका लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला की हालत नाजुक देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज हेतु हायर सेंटर रेफर कर दिया।

घायल महिला रोशन खातून ढकवा थाना धमदाहा जिला पूर्णिया निवासी बतायी जा रही है। मामले में पुलिस ने घायल महिला के पुत्र मोहम्मद सलमान के आवेदन पर मामला दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जबकि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु जगह-जगह छापेमारी कर रही है। हालांकि इस मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के आवेदन पर मामला दर्ज कर लिया था। घटना के बारे में बताया जाता है कि पूर्णिया जिले के धमदाहा थाना क्षेत्र के ढकवा गांव निवासी रोशन खातून अपने दामाद अंसार के घर वाहिद अनुसार महिला की इलाज पटना के एक अस्पताल में चल रहा है। जख्मी महिला की स्थिति काफी चिंता जनक बनी हुई है। घटना को लेकर जख्मी महिला के पुत्र मोहम्मद सलमान के आवेदन पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए दो आरोपी मोहम्मद निसार व मोहम्मद इरशाद वाहिदनगर, निवासी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में थानाध्यक्ष प्रहलाद यादव ने बताया कि पूर्णिया जिले के ढकवा गांव निवासी रोशन खातून अपने रिश्तेदार के घर वाहिद नगर गांव आई थी। घरेलू विवाद में मारपीट के कारण वे जख्मी हो गई थी।जिसके बाद जख्मी महिला के पुत्र के आवेदन पर मामला दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए दो मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। तथा अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए जगह-जगह छापेमारी की जा रही है।

# कुरसेला में लगने लगा जाम, घंटों रेंगती रही गाड़ियां

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुरसेला (कटिहार)।** कुरसेला में एनएच 31 पर एक बार फिर जाम की समस्या सिर उठाने लगी है। रोजाना सुबह-शाम जाम की समस्या उत्पन्न हो जा रही है। इस दौरान लंबी दूरी तक ट्रकों और छोटे वाहनों की कतार लग जाती है। जिससे यातायात पूरी तरह प्रभावित हो जाता है। हालात इतना बदतर हो जाता है कि गाड़ियां घंटों रेंगती नजर आती है और यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जानकारी के अनुसार सड़क पर भारी वाहनों का दबाव बढ़ने और ओवरटेकिंग के कारण यह स्थिति बनती है। जाम की वजह से स्कूल जाने वाले बच्चों, मरीजों और दैनिक यात्रियों को खास दिक्कत होती है।



कई जगहों पर सड़क किनारे अतिक्रमण और अनियंत्रित पार्किंग ने भी समस्या को और बढ़ा दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से लगातार जाम लग रहा है। लेकिन इसके समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि नियमित ट्रैफिक व्यवस्था बहाल कर जाम से निजात दिलाई जाय।

## कुरेठा रेलवे स्टेशन से मनिया एनएच 81 सड़क जर्जर राहगीर परेशान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के कुरेठा पंचायत के कुरेठा रेलवे स्टेशन से मनिया एन एच 81 तक कुल 4.150 किमी की सड़क पिछले कई माह से लगातार जर्जर एवं गड्ढे में तब्दील हो चुका हैं। मगर संवेदक गहरी नींद में सोई हुई हैं। त्रिमूर्ति इंजिकान्स एंड ट्रेडर्स प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा सड़क की मरमती के साथ-साथ पक्की करण को लेकर मनिया के समीप बोर्ड भी लगाया गया हैं। जिसका कार्य आरंभ की तिथि 20 - 11- 2025 हैं जबकि कार्य समाप्ति की तिथि 19 - 11 - 2026 हैं इसके उपरांत भी संवेदक अपना समय किसी तरह से पास कर रहा हैं।

# आंधी-तूफान और वज्रपात से खेत में काम कर रहे किसान की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के सुखासन पंचायत के इस्लामपुर गांव में रविवार दोपहर को अचानक आए आंधी-तूफान के बीच वज्रपात ठनका गिरने से एक किसान की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। मृतक की पहचान इस्लामपुर निवासी अकमल हुसैन (50) के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार अकमल दोपहर करीब 12 बजे अपने खेत में कृषि कार्य कर रहे थे। इसी दौरान अचानक मौसम बदला और तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई। इसी बीच हुए वज्रपात की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। हालांकि परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया है। मामले की सूचना स्थानीय प्रशासन को दे दी गई है। अचानक हुई इस घटना से गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# अतिपिछड़ा समाज की बेटी निवेदिता मंडल बनी जेडीयू की राष्ट्रीय सचिव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जनता दल यूनाइटेड की ओर से अतिपिछड़ा समाज की बेटी श्रीमती निवेदिता मंडल को पार्टी का राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किए जाने पर कटिहार में उनके निज आवास पर भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जेडीयू के वरिष्ठ नेता डॉ. सुशील कुमार सुमन, प्रदेश महासचिव शिवप्रकाश गारोदिया,नरेश शर्मा, संजय सिंह एवं अंकित सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान सभी नेताओं ने श्रीमती मंडल को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की। मौके पर उपस्थित



कार्यकताओं में भी खासा उत्साह देखने को मिला।मइस अवसर पर जेडीयू राजनीतिक सलाहकार समिति के सदस्य डॉ. सुशील कुमार सुमन ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि अब पार्टी संगठन में भी सभी वर्गों और कार्यकताओं को उचित सम्मान देने का कार्य किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि श्रीमती निवेदिता मंडल की यह नियुक्ति न सिर्फ कटिहार बल्कि पूरे सीमांचल क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। इससे साधारण कार्यकताओं का मनोबल बढ़ेगा और संगठन को और मजबूती मिलेगी।डॉ. सुमन ने बताया कि श्रीमती मंडल लंबे समय से पार्टी से जुड़ी हुई हैं और उन्होंने संगठन के लिए समर्पित भाव से कार्य किया है। उनकी लगन, मेहनत और निष्ठा का ही परिणाम है कि पार्टी ने उन्हें इतनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। सम्मान समारोह के दौरान उपस्थित नेताओं ने एक स्वर में कहा कि श्रीमती निवेदिता मंडल के नेतृत्व में पार्टी को और मजबूती मिलेगी तथा आने वाले समय में जेडीयू और अधिक सशक्त होकर उभरेगी। कार्यक्रम के अंत में श्रीमती निवेदिता मंडल ने सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगी।

# कुसाकांटा वार्ड-4 में हल्की बारिश से सड़क बनी तालाब

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** जिले के कुसाकांटा प्रखंड अंतर्गत स्थानीय पंचायत के वार्ड संख्या 4 में हल्की बारिश होते ही सड़क तालाब में तब्दील हो जाती है। पिछले तीन वर्षों से यही स्थिति बनी हुई है, जिससे लोगों को घर से बाहर निकलना तक मुश्किल हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस समस्या की सूचना कई बार प्रखंड विकास पदाधिकारी , मुखिया सोनी देवी एवं पंचायत समिति सदस्य को दी जा चुकी है, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।



ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि मुखिया जनता की समस्याओं को नजरअंदाज कर रही हैं। ग्रामीणों के अनुसार, जब इस संबंध में मुखिया सोनी देवी से बात की गई तो उन्होंने फंड की कमी का हवाला देते हुए अपनी मजबूरी जताई। कभी नाला निर्माण तो कभी सड़क निर्माण का आश्वासन दिया जाता है, लेकिन पिछले तीन वर्षों से कोई कार्य शुरू नहीं हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार वार्ड संख्या 4 के लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के अंदर काम शुरू नहीं किया गया, तो वे प्रखंड कार्यालय में जनप्रतिनिधियों के खिलाफ आक्रोश प्रदर्शन करेंगे। इस मौके पर मो. अल्ताफ, मो. आमिर, मो. अलाउद्दीन, मो. राहुल, अशोक साह, अमित साह, हीरालाल साह, राजा साह, दिनेश गोस्वामी, मो. मोहरिल सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# पूर्व सैनिकों की विधवाओं के साथ किया शौर्य संवाद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** स्टेशन हेड क्वाटर कटिहार में शौर्य संबाद आयोजित कर भूतपूर्व सैनिक , सैनिकों तथा वीरनारियों की समस्या सुनी गई। कार्यक्रम में 39 भूतपूर्व सैनिक, 09 सैनिकों की विधवा और 01 वीरनारी शामिल हुए । शौर्य संवाद में उपस्थित जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी कर्नल संजय कुमार,स्टेशन हेड क्वाटर एडम कमांडडेंट कर्नल प्रणव ओकता, कार्यवाहक स्टेशन कमांडर कर्नल सौरभ सिद्धार्थ,इसीएच एस पोली क्लिनिक के कर्नल कबींद्र कुमार मिश्रा द्वारा शामिल सबों को अंग वस्त्र देकर स्वागत किया तथा बारी-बारी से सबकी समस्या को सुनकर



निदान के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी ने कहा कि जल्द ही कटिहार में भी जिला सैनिक कल्याण कार्यालय शुभारंभ हो जाएगा।इसमें राज्य सैनिक निदेशालय तथा जिला प्रशासन कटिहार का बहुत हीं बड़ा योगदान रहा है। वहीं बताया गया कि बिहार सरकार द्वारा इस वर्ष से वयोवृद्ध योजना लागु किया गया है, जिसमें 80 वर्ष से अधिक उम्र के भूतपूर्व सैनिकों तथा उनकी विधवाओं को 24000 रुपए प्रत्येक वर्ष एक मुस्त दिया जाएगा। उन्होंने लोगों से योजना का प्रचार - प्रसार करने की अपील की।ताकि अधिक से अधिक योग्य लाभार्थी योजना से लाभान्वित हो सके । कर्नल सौरभ सिद्धार्थ ने कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सबों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# स्कॉटिश पब्लिक स्कूल में सुनी गई मन की बात, सांसद हुए शामिल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया ।** रविवार को स्कॉटिश पब्लिक अररिया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात का सीधा प्रसारण विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के साथ सामूहिक रूप से बड़े ही उत्साह और अनुशासन के साथ देखा एवं सुना गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में विशेष उत्सुकता एवं जिज्ञासा देखने को मिली, और उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा प्रस्तुत विचारों, प्रेरणादायक प्रसंगों एवं राष्ट्र निर्माण से जुड़े संदेशों को गंभीरता से ग्रहण किया।

इस अवसर पर अररिया के सांसद प्रदीप कुमार सिंह तथा विद्यालय के सहायक प्रबंधक कुमार आर्यन विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके आगमन से विद्यार्थियों में अत्यधिक उत्साह का वातावरण बन





गया। कार्यक्रम के पश्चात एक संवाद सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए नशा मुक्ति, महिला सुरक्षा, शिक्षा का महत्व, युवाओं की भूमिका एवं समाज में बढ़ती चुनौतियों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने प्रश्न प्रस्तुत किए। सांसद ने विद्यार्थियों के सभी प्रश्नों का अत्यंत सरल, सारगर्भित एवं प्रेरणादायक ढंग से उत्तर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को नशा मुक्त जीवन अपनाने, महिलाओं के प्रति सम्मानजनक व्यवहार रखने तथा एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में समाज के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि युवा पीढ़ी ही देश का भविष्य है, और उनकी सकारात्मक सोच एवं सही दिशा में किए गए प्रयास राष्ट्र को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकते हैं। कार्यक्रम के समापन पर माननीय सांसद महोदय ने विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा इस प्रकार के आयोजन को अत्यंत सराहनीय बताया। इस अवसर पर विद्यालय के सहायक प्रबंधक कुमार आर्यन द्वारा उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में सहायक प्रबंधक कुमार आर्यन ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के विचारों को सीधे सुनना और उस पर चर्चा करना विद्यार्थियों में सामाजिक जागरूकता, नैतिक मूल्यों एवं जिम्मेदारी की भावना को विकसित करता है। साथ ही ऐसे अवसर विद्यार्थियों को अपने विचार व्यक्त करने का मंच प्रदान करते हैं, जिससे उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में अनुशासन, सहभागिता एवं सकारात्मक ऊर्जा का वातावरण बना रहा, जो इस आयोजन की सफलता को दर्शाता है।

## एसबीआई से रेलवे की आईआरएफसी तक...6 शेयर पर एक्सपर्ट ने कहा- सोमवार को खरीद लेना

**मुंबई, एजेंसी।** सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को भारतीय शेयर बाजार में बड़ी हलचल



हो सकती है। ये हम इसलिए कह रहे हैं क्योंकि अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता को लेकर अनिश्चितता बरकरार है। इस माहौल के बीच कुछ शेयर पर निवेशकों की नजर रहेगी। ये शेयर- इंडियन रेलवे फाइनेंस कॉर्प यानी आईआरएफसी, पॉलीकैब इंडिया, बजाज फाइनेंस, एसबीआई, कोल इंडिया और ग्रासिम हैं। आनंद राठी में टेक्निकल रिसर्च के सीनियर मैनेजर गणेश डोंगरे ने इन तीनों शेयर को सोमवार को खरीदने की सलाह दी है। उन्होंने बताया कि इंडियन रेलवे फाइनेंस कॉर्प के शेयर को 103-106 पर खरीदा जा सकता है। इस शेयर का टारगेट प्राइस 111 और स्टॉप लॉस 98 रखने की सलाह दी गई है। इसी तरह, पॉलीकैब इंडिया के शेयर को 8040-8070 रेंज पर खरीदने की सलाह दी गई है। शेयर के लिए टारगेट प्राइस 8300 और स्टॉप लॉस 7900 तय किया है। वहीं, बजाज फाइनेंस की बात करें तो 921 पर खरीदने और टारगेट प्राइस 965 तय किया है। इस शेयर के लिए स्टॉप लॉस 900 तय है। गणेश डोंगरे ने कहा कि हाल के जियो पॉलिटिक्स के हालात ने दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है। आने वाला सप्ताह बहुत अहम होगा, क्योंकि निवेशक अमेरिका और ईरान के बीच चल रही बातचीत से जुड़ी अपडेट्स पर नजर रखेंगे। ट्रेडर्स को सलाह दी जाती है कि वे सोच-समझकर दांव लगाएं, रिस्क मैनेजमेंट में अनुशासन बनाए रखें और खबरों से होने वाली उतार-चढ़ाव के प्रति सतर्क रहें। उन्होंने कहा कि ग्लोबल स्तर पर किसी भी तरह के तनाव या समाधान का बाजार की दिशा पर बड़ा असर पड़ सकता है।

## महंगा होगा पेट्रोल-डीजल: आने वाला है बड़ा संकट, संकेत दे रहे एक्सपर्ट

**मुंबई, एजेंसी।** दुनिया के सबसे अहम तेल मार्गों में से एक स्ट्रेट ऑफ हार्मुज इस समय ग्लोबल मार्केट के लिए बड़ा संकट बन चुका है। यह रास्ता बंद होने की वजह से तेल सप्लाई पर भारी असर पड़ा है, लेकिन अभी तक इसकी पूरी मार डिमांड पर साफ तौर पर नहीं दिखी है। वजह यह है कि अमीर देश अपने स्टॉक (भंडार) का इस्तेमाल कर रहे हैं और ज्यादा कीमत देकर भी तेल खरीद रहे हैं। हालांकि, अब ट्रेडर्स चेतावनी दे रहे हैं कि आने वाले समय में इसका बड़ा झटका देखने को मिल सकता है। असल समस्या यह है कि सप्लाई में करीब 10 प्रतिशत तक की कमी आ चुकी है। अगर यह रास्ता जल्द नहीं खुलता, तो लोगों को मजबूरी में कम तेल इस्तेमाल करना पड़ेगा। यह या तो बढ़ती कीमतों की वजह से होगा या फिर सरकारें खुद खपत कम करने के लिए कदम उठाएंगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, करीब 1 अरब बैरल तेल की सप्लाई पहले ही प्रभावित हो चुकी है, जो कि आपातकालीन भंडार से कहीं ज्यादा है। शुरुआती असर एशिया के पेट्रोकेमिकल सेक्टर में दिखा, लेकिन अब इसका असर धीरे-धीरे आम लोगों की जिंदगी तक पहुंच रहा है। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के अनुसार, इस महीने वैश्विक तेल मांग में पिछले 5 साल का सबसे बड़ा गिरावट देखने को मिल सकती है।

### डायवर्सिफिकेशन से असर हुआ कम

# अमेरिका ने 123 प्रतिशत टैक्स लगाकर भारत को चौंकाया, शिपमेंट सेक्टर के लिए दरवाजे लगभग बंद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका ने अचानक भारत को बड़ा झटका दिया है। भारत से आयात होने वाले सोलर सेल और मॉड्यूल पर 123.04 फीसदी की शुरुआती एंटी-डंपिंग ड्यूटी लगा दी है। इस कदम से एक अहम एक्सपोर्ट मार्केट में शिपमेंट पर और रोक लग सकती है। हालांकि, इसका तुरंत असर शायद कम ही हो। कारण है कि कंपनियों ने अपने कारोबार को अलग-अलग जगहों पर फैला लिया है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब भारत और अमेरकिा एक द्वपिक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। अमेरिकी कॉमर्स डिपार्टमेंट ने कहा कि उसे अपनी जांच में 'क्रिटिकल सरकम्स्टेंसेज' (गंभीर हालात) मिले हैं। इस जांच में मुंद्रा सोलर एनर्जी, मुंद्रा सोलर कोवा और प्रीमियर एनर्जी जैसी कंपनियां शामिल थीं। विभाग ने यह भी कहा कि लिक्विडेशन पर रोक उस ऑर्डर के पब्लिश होने से 90 दिन पहले तक के शिपमेंट पर भी लागू होगी।

टैरिफ के इतने भारी बोझ की वजह से भारतीय मॉड्यूल के लिए अमेरिकी बाजार के दरवाजे लगभग बंद ही हो गए हैं। भारत की सोलर इंडस्ट्री ने इस फैसले की आलोचना की है। नेशनल



सोलर एनर्जी फेडरेशन ऑफ इंडिया के सीईओ सुब्रह्मण्यम पुलिपाका ने कहा, 'जांच के नतीजे बुनियादी तौर पर गलत और बिना किसी तर्कसंगत आधार के लगते हैं।' ईटी के मुताबिक, उन्होंने आगे कहा कि इस फैसले को चुनौती देने के लिए औपचारिक तौर पर अपनी बात रखनी शुरू कर दी है।

इंडियन सोलर मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के सेक्रेटरी जनरल अमित मनोहर ने कहा कि इंडस्ट्री इस कदम को आगे भी चुनौती देगी। उन्होंने कहा, 'हम अंतिम फैसले और आइटीसी की कार्यवाही के जरिए इसका विरोध करेंगे। हमें उम्मीद है कि नतीजा हमारे पक्ष में ही आएगा।' इससे इस फैसले का तुरंत पड़ने वाला बुरा असर काफी हद तक कम हो गया है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है, जब भारत और अमेरिका एक द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए बातचीत कर रहे हैं। हाल ही में दोनों देशों के बीच वॉशिंगटन में तीन दिनों की बातचीत का एक दौर पूरा हुआ है। बीएसई पर वारी एनर्जीज के शेयर 2.7 प्रतिशत गिरकर 3,320 रुपये पर बंद हुए। जबकि विक्रम सोलर के शेयरों में 2.3 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

### पहले से ही भारी टैरिफ का बोझ

इस नई ड्यूटी के जुड़ने से पहले से लागू 125 प्रतिशत से ज्यादा की काउंटरवेलिंग ड्यूटी और बढ़ गई है। इससे भारतीय सोलर एक्सपोर्ट पर कुल टैरिफ का बोझ 200 प्रतिशत से भी ज्यादा हो गया है। इससे अमेरिका को शिपमेंट भेजना अब फायदे का सौदा नहीं रह गया है। इंडस्ट्री के अधिकारियों ने ईटी को यह जानकारी दी। इंडस्ट्री के एक अधिकारी ने कहा, 'टैरिफ के इतने भारी बोझ की वजह से भारतीय मॉड्यूल के लिए अमेरिकी बाजार के दरवाजे लगभग बंद ही हो गए हैं।' इतने भारी टैरिफ के बावजूद एक्सपोर्ट करने वालों ने पिछले कुछ सालों में यूरोप, पश्चिम एशिया और दूसरे उभरते हुए इलाकों जैसे दूसरे बाजारों पर ध्यान देना शुरू कर दिया है।

## भारतीयों ने मच्छर भगाने में फूंक दिए 3788 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में गर्मी बढ़ने के साथ मच्छरों की भी संख्या बढ़ गई है। मच्छरों के डंक से होने वाली बीमारियों से बचने के लिए लोग तरह-तरह की चीजें इस्तेमाल कर रहे हैं। इससे भारत में मॉस्किटो रेपलेंट (मच्छर भगाने वाले प्रोडक्ट) का बाजार बहुत तेजी से बढ़ रहा है। हाल में आई की रिपोर्ट के मुताबिक साल 2025 में भारत में मच्छर भगाने वाले उत्पादों का कुल कारोबार करीब 402 मिलियन डॉलर (करीब 3788 करोड़ रुपये) का रहा। आगे इसमें और तेजी आ सकती है। भारत में मच्छर भगाने वाले प्रोडक्ट्स का कुल कारोबार साल 2033 तक बढ़कर 755 मिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा। साल 2026 से 2033 के बीच इस सेक्टर में करीब 8 प्रतिशत की सालाना वृद्धि देखी जा सकती है। साल 2025 में वैश्विक कीट निवारक बाजार में भारत का योगदान 6.7 प्रतिशत रहा। मच्छरों का आतंक अब केवल असुविधा का कारण नहीं, बल्कि एक गंभीर स्वास्थ्य संकट बन चुका है। लोग अपनी और परिवार की सुरक्षा के लिए इन उत्पादों को अनिवार्य जरूरत मानने लगे हैं: मच्छरों से डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, जिका वायरस और जापानी एन्सेफलाइटिस जैसी बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, भारत की 95 प्रतिशत आबादी मलेरिया संभावित क्षेत्रों में रहती है। एक रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया भर में मच्छरों के काटने से हर साल करीब 10 लाख लोगों की मौत हो जाती है।



## टाटा या अडानी: चिलचिलाती गर्मी में किसके शेयर कराएंगे बंपर कमाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर भारत समेत देश के कई हिस्सों में भीषण गर्मी पड़ने लगी है। ऐसे में बिजली की मांग बढ़ गई है। जेएम फाइनेंशियल की हाल में आई एक रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले सप्ताह औसत दैनिक ऊर्जा मांग 10 प्रतिशत बढ़कर 5124 रू (मिलियन यूनिट) हो गई है। वहीं साल 2026 में अल नीनो के प्रभाव के कारण



तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है, जिससे थर्मल पावर और कोयला आधारित बिजली की मांग में भारी उछाल आएगा। इससे पावर स्टॉक्स में भी तेजी दिखाई दे सकती है। टाटा और अडानी पावर के शेयरों में भी तेजी आई है। विशेषज्ञों के अनुसार, निकट भविष्य (शॉर्ट-टर्म) में तेज उछाल के लिए अडानी पावर अधिक मजबूत स्थिति में दिख रहा है। अडानी पावर के शेयरों ने पिछले एक महीने में करीब 40 फीसदी रिटर्न दिया है। शुक्रवार को यह शेयर 0.56 प्रतिशत की गिरावट के साथ 213.05 रुपये पर बंद हुआ था। इस शेयर का लॉन्ग टर्म रिटर्न भी बेहतर है। एक साल में इसमें 90 फीसदी से ज्यादा तेजी आई है। वहीं तीन साल में इसने 400 प्रतिशत और 5 साल में 1000 प्रतिशत से अधिक रिटर्न दिया है। वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही तक कंपनी की स्थापित क्षमता 18,150 मेगावाट थी। एक्सपर्ट्स के मुताबिक अडानी पावर गर्मी से बढ़ती बिजली मांग का सीधा फायदा उठाने वाली कंपनी है। अडानी पावर का बड़ा ईबीआईटीडीए और कोयला आधारित उत्पादन इसे गर्मी से प्रेरित बिजली मांग का सबसे सीधा लाभार्थी बनाता है। टाटा पावर के शेयर में पिछले एक महीने में करीब 13 फीसदी की तेजी आई है। शुक्रवार को यह शेयर 1.05 प्रतिशत की तेजी के साथ 434.65 रुपये पर बंद हुआ था। एक साल में टाटा पावर के शेयर में कुछ अस्थिरता दिखाई दी है। हालांकि तीन वर्षों में इसने 100 प्रतिशत से ज्यादा और पांच वर्षों में 300 प्रतिशत से ज्यादा रिटर्न दिया है। सरकार ने 1 अप्रैल 2026 से टाटा पावर के 4,000 मेगावाट के कोस्टल गुजरात पावर प्लांट को चलाने का निर्देश दिया है। इसके अलावा, कंपनी क्लीन एनर्जी और रूफटॉप सोलर में भी बड़ी खिलाड़ी है।

### कौन सा शेयर होगा बेहतर

- **शॉर्ट टर्म :** अगर आप मौजूदा हीटवेव का फायदा उठाना चाहते हैं, तो अडानी पावर बेहतर खरीदारी हो सकती है।
- **लॉन्ग टर्म :** अगर आप कम उतार-चढ़ाव और एनर्जी ट्रांजिशन की कहानी पर भरोसा करते हैं, तो टाटा पावर अधिक सुरक्षित विकल्प है।

## घोटाले के बीच आईडीएफसी फर्स्ट बैंक का बढ़ा मुनाफा, सुस्त शेयर लेकिन 87 तक जा सकता है भाव

**मुंबई, एजेंसी।** सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को निवेशकों की नजर उन बैंकों के शेयर पर होगी जिनके तिमाही नतीजे वीकेंड में जारी किए गए हैं। इनमें से एक बैंक आईडीएफसी फर्स्ट भी है। मार्च तिमाही के दौरान बैंक में बड़े घोटाले का खुलासा हुआ था। हालांकि, इसके बावजूद बैंक का मुनाफा बढ़ा है। अब इस बैंक के शेयर की कीमत 70 रुपये से कम है तो ब्रोकरेज की ओर से टारगेट प्राइस 87 रुपये दिया गया है। आइए डिटेल जान लेते हैं। बैंक का ग्रॉस नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स रेश्यो थोड़ा बेहतर होकर 1.61 प्रतिशत हो गया। बैंक के नेट या बैड लोन में मामूली गिरावट आई है। इस तिमाही के दौरान हरियाणा सरकार ने बैंक पर बड़ी कार्रवाई करते हुए उसे पैनल से हटा दिया और सभी सरकारी फंड वापस लेने का आदेश दिया। लेन-देन रोक दिए हैं और विभागों को निर्देश दिया है कि वे अपने फंड पब्लिक सेक्टर के बैंकों में ट्रांसफर कर दें।



### कैसे रहे तिमाही नतीजे

बैंक ने बताया कि मार्च 2026 में समाप्त चौथी तिमाही के लिए उसके नेट प्रॉफिट में मामूली 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इस अवधि का मुनाफा बढ़कर 319 करोड़ रुपये हो गया है। इस निजी क्षेत्र के बैंक ने एक साल पहले इसी तिमाही में 304 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था। इस तिमाही के दौरान बैंक की कुल आय बढ़कर 12,183 करोड़ रुपये हो गई, जबकि पिछले साल इसी तिमाही में यह 11,308 करोड़ रुपये थी। तिमाही में ब्याज आय बढ़कर 10,553 करोड़ रुपये हो गई, जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में यह 9,413 करोड़ रुपये थी।



## चाबहार पोर्ट में चीन की एंट्री का डर, ईरान में भारत के दांव पर लगे हैं 1130 करोड़

### माना जा रहा है कि अमेरिका इस छूट को आगे नहीं बढ़ाएगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईरान स्थित रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण चाबहार बंदरगाह पर भारत का भविष्य एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। इस पोर्ट में भारत अपने हितों की रक्षा के लिए ईरान के साथ तेजी से बातचीत कर रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि अमेरिका द्वारा दी गई प्रतिबंध छूट रविवार 26 अप्रैल को खत्म होने वाली है। माना जा रहा है कि अमेरिका इस छूट को आगे नहीं बढ़ाएगा।

### क्या है भारत का प्लान-बी

अमेरिकी प्रतिबंधों के जोखिम से बचने के लिए भारत सरकार अपनी कंपनी इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड की हिस्सेदारी को अस्थायी रूप से एक स्थानीय ईरानी संस्था को स्थानांतरित करने पर विचार कर रही है। इकनॉमिक टाइम्स के अनुसार बातचीत के तहत एक ऐसा तंत्र बनाने की कोशिश की जा रही है जिसमें पोर्ट का प्रबंधन स्थानीय ईरानी अधिकारियों के पास रहेगा, लेकिन इस गारंटी के साथ कि प्रतिबंध हटने पर परिचालन अधिकार वापस भारत को मिल जाएंगे।

### भारत की चिंता का कारण

मई 2024 में भारत ने इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड के जरिए चाबहार पोर्ट के संचालन के लिए ईरान के साथ 10 साल का समझौता किया था। यह भारत का पहला विदेशी पोर्ट प्रबंधन सौदा था। भारत अब तक इस परियोजना में लगभग 120 मिलियन डॉलर (करीब 1130 करोड़ रुपये) निवेश कर चुका है। साथ ही संबंधित इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं के लिए 250 मिलियन डॉलर की क्रेडिट सुविधा भी दी है।

### चीन की एंट्री का खतरा

विशेषज्ञों का मानना है कि अगर भारत चाबहार से पीछे हटता है, तो चीन इस अवसर का फायदा उठाकर वहां अपनी पकड़ मजबूत कर सकता है। यानी भारत की मौजूदगी कमजोर पड़ने पर चीन चाबहार पोर्ट में भूमिका लेने की कोशिश कर सकता है। अगर ऐसा होता है तो यह भारत के लिए रणनीतिक रूप से नुकसानदेह होगा।

## 4 गुना सैलरी हाइक, पुरानी पेंशन स्कीम की वापसी, सबसे बड़े बदलाव की तैयारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 8वें वेतन आयोग पर चर्चा दनिोंदनि तेज होती जा रही है। कई कर्मचारी संगठनों ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों के वेतन, भत्ते और सेवा शर्तों में बड़े बदलाव की मांग करते हुए सुझाव दिए हैं। अगर इन प्रस्तावों को मान लिया जाता है तो हाल के सालों में वेतन में यह सबसे बड़ा बदलाव हो सकता है। केंद्र शासित प्रदेशों के सरकारी शिक्षकों का प्रतिनिधित्व करने वाले 'प्रगतिशील शिक्षक न्याय मंच' ने वेतन-भत्तों के पूरे फ्रेमवर्क में बदलाव की मांग की है। अपने मेमोरेंडम में संगठन ने लेवल 1 के कर्मचारियों के लिए न्यूनतम मूल वेतन 50,000-60,000 रुपये करने की मांग की है। यह 7वें वेतन आयोग के तहत मौजूदा 18,000 रुपये से काफी ज्यादा है।

**और क्या-क्या प्रस्ताव:** यूनियन ने 2.62 से 3.83 के बीच फिटमेंट फैक्टर का भी प्रस्ताव दिया है जो अभी 2.57 है।

साथ ही 6-7 फीसदी की एनुअल इंक्रीमेंट्स की भी मांग की है जो मौजूदा 3 प्रतिशत से दोगुनी से भी ज्यादा है। संगठन के अनुसार, ये बदलाव बढ़ती महंगाई के साथ तालमेल बैठाने के लिए जरूरी हैं। इन बदलावों के चलते आय में सही मायने में बढ़ोतरी सुनिश्चित करने में मदद मलिेगी।

पीएसएनएम ने आगे कुछ स्ट्रक्चरल रिफॉर्म्स की भी सिफारिश की है। मसलन, जब महंगाई भत्ता 50 प्रतिशत तक पहुंच जाए तो उसे मूल वेतन में मिला देना और डीए के कैलकुलेशन को और ज्यादा सटीक बनाना। इसने चिल्ड्रेन एजुकेशन अलाउंस में भी काफी बढ़ोतरी की मांग की है। इसे मौजूदा लगभग 2,800 रुपये से बढ़ाकर 7,000 रुपये प्रति माह प्रति बच्चा करने को कहा है। बढ़ाकर 12 प्रतिशत, 24 प्रतिशत और 36 प्रतिशत करने का प्रस्ताव दिया है। ट्रांसपोर्ट अलाउंस को भी बढ़ाकर कम से कम 9,000 रुपये करने की सिफारिश की है। इसमें डीए से जुड़े अतिरिक्त बदलाव भी शामिल होंगे। अन्य मुख्य मांगों में 2,000 रुपये प्रति माह का 'डिजिटल सपोर्ट अलाउंस', छुट्टियों के ज्यादा अधिकार और रिटायरमेंट के समय 'अर्न्ड लीव' (ईएल) को भुनाने की सीमा को मौजूदा 300 दिनों से बढ़ाकर 400 दिन करना शामिल है। इसके अलावा, पीएसएनएम ने पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने, ग्रेच्युटी की सीमा को बढ़ाकर 50 लाख रुपये तक करने, ग्रुप इंश्योरेंस कवरेज को बेहतर बनाने और ज्यादा बार प्रमोशन देकर करियर में तेजी से आगे बढ़ने की मांग की है।




## दिल्ली टू पटना चार घंटे में, यहीं बने 'वंदे भारत बुलेट ट्रेन' से अगले साल ऐसा संभव होगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वह दिन दूर नहीं जबकि आप दिल्ली से पटना की दूरी चार घंटे में तय करेंगे। वह भी ट्रेन से। जी हां, बेंगलुरु में बुलेट ट्रेन जैसी एक ट्रेन बनाने की फैक्ट्री तैयार की गई है, जहां 280 किलोमीटर की अधिकतम रफ्तार से दौड़ने वाली या वंदे भारत बुलेट ट्रेन बनाई जाएगी। इस कारखाने में बनी पहली प्रोटोटाइप ट्रेन अगले साल पटरी पर उतर जाएगी। यह जानकारी खुद रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी है। अश्विनी वैष्णव कल बेंगलुरु स्थित बीईएमएल के प्लांट में थे। वहीं निर्माण करने के लिए आदित्य कंप्लेक्स विकसित किया गया है। रेल मंत्री ने कल इसी का उद्घाटन किया। रेल मंत्रालय के मुताबिक यह एक स्पेशलाइज्ड कंप्लेक्स है जहां विशेष तौर पर हाई-स्पीड ट्रेन या का निर्माण होगा। वह भी इंडिजेनस इंजीनियरिंग से। इस फैक्ट्री में जो ट्रेन सेट बनेगा उसे 'वंदे भारत बुलेट ट्रेन' के नाम से पुकारा जा रहा है। यह नाम इसलिए कि यह देखने में तो वंदे भारत ट्रेन की तरह है लेकिन स्पीड इसकी होगी बुलेट ट्रेन की तरह। इसे रेल मंत्रालय ने 'आत्मनिर्भर भारत का स्वदेशी बुलेट ट्रेन' की संज्ञा दी है।

बीईएमएल के आदित्य प्लांट में बनने वाला पहला प्रोटोटाइप ट्रेन सेट अगले महीने पटरी पर आ जाएगा।

पहले इसका परीक्षण होगा, फिर इसे कॉमर्शियल रन के लिए बुलेट ट्रेन के गुजरात में बन रहे सूरत-वापी कॉरिडोर में दौड़ाया जाएगा। यह बुलेट ट्रेन के अहमदाबाद-मुंबई कॉरिडोर का हिस्सा है। वहां फिजिकल वर्क लगभग पूरा हो चुका है।



**अश्विनी वैष्णव ने क्या बताया:** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत में कहा 'बुलेट ट्रेन का आत्मनिर्भर वर्जन है उसकी डिजाइनिंग आईसीएफ और बीईएमल मिल कर रहे हैं। यहीं पर मैन्यूफैक्चरिंग होगी, बीईएमएल में। आदित्या प्लांट जो कि स्पेशियली डिजाइन किया गया है, बुलेट ट्रेन की मैन्यूफैक्चरिंग के लिए। यहां पर अत्याधुनिक मशीनें हैं, बहुत ही प्रिसिजन के साथ काम हो सके। वैसा काम होगा।' बुलेट ट्रेन का आत्मनिर्भर वर्जन है उसकी डिजाइनिंग आईसीएफ और बीईएमल मिल कर रहे हैं। यहीं पर मैन्यूफैक्चरिंग होगी, बीईएमएल में। बीईएमएल के आदित्य कंप्लेक्स में रेलवे की तरफ से बताया गया कि वंदे भारत बुलेट ट्रेन से बेंगलुरु से चेन्नई की यात्रा 73 मिनट में हो सकेगी। रेलगाड़ी से बेंगलुरु से चेन्नई की दूरी 353 किलोमीटर है। इस समय शताब्दी एक्सप्रेस को यह दूरी तय करने में 5.15 घंटे लगते हैं। सामान्य मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों को यही दूरी तय करने में साढ़े पांच से छह घंटे लगते हैं। रेल मंत्री का दावा है कि ट्रेन से यह दूरी महज 73 मिनट में ही तय की जाएगी। इसी हिसाब से जोड़ा जाए तो दिल्ली से पटना की ट्रेन से दूरी 1,000 किलोमीटर की है। यदि ढाई सौ किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से भी यह ट्रेन दौड़ती है तो चार घंटे में तो दिल्ली से पटना की यात्रा हो ही सकेगी।

# 27 अप्रैल से कई ट्रेनें रहेंगी कैंसिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** आद्रा रेल मंडल में 27 अप्रैल से 03 मई के बीच रेल प्रशासन रोलिंग ब्लॉक लेकर रेल लाइन को दुरूस्त करने का कार्य करेगी।इस वजह से दक्षिण पूर्व रेलवे ने 06 ट्रेनों का परिचालन विभिन्न तिथियों में रद करने की घोषणा कर दी है। इसके अलावा रेलवे ने 04 ट्रेनों को उनके गंतव्य से पहले ही शॉर्ट टर्मिनेशन और शॉर्ट ओरिजिनेशन कर चलाएगी।

वहीं, 28, 29 अप्रैल और 02 मई को टाटानगर से रवाना होने वाली ट्रेन नंबर 18601 टाटानगर-हटिया एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग चांडिल, गुंडाबिहार, मुरी होते हुए हटिया तक चलेगी। जबकि 01 मई को ट्रेन नंबर 18035 खड़गपुर हटिया एक्सप्रेस को एक घंटे लेट कर खड़गपुर स्टेशन से हटिया के लिए रवाना किया जाएगा।

रेलवे के इस फैसले का असर झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल के हजारों यात्रियों पर पड़ेगा। रेलवे ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे यात्रा करने से पहले अपनी ट्रेन की स्थिति जरूर जांच लें।

28 अप्रैल, 01 और 03 मई को ट्रेन नंबर 68090/68089 आद्रा - मेदिनीपुर - आद्रा मेमू का परिचालन रद रहेगी। 28 अप्रैल, 01 और 03 मई को ट्रेन नंबर 68079/68080 भोजूडीह - चन्द्रपुरा मेमू - भोजूडीह मेमू का परिचालन रद रहेगी। 03 मई को ट्रेन नंबर 68077/68078 आद्रा-भागा-आद्रा मेमू का परिचालन रद रहेगी। आसनसोल-टाटानगर-आसनसोल एमईएमयू ( 68055/68056 ) 28 अप्रैल को यह ट्रेन आद्रा स्टेशन तक चलेगी। इस ट्रेन का अप और डाउन में परिचालन आद्रा - टाटानगर- आद्रा स्टेशनों के बीच रद रहेगी। आसनसोल-पुरुलिया-आसनसोल मेमू ( 63594/63593 ) 01 मई को यह ट्रेन आद्रा स्टेशन तक चलेगी। इस ट्रेन का अप व डाउन में परिचालन आद्रा-पुरूलिया-आद्रा स्टेशनों के बीच रद रहेगी।

## कई के बदले गये फेरे

# जिला लोक समिति का सम्मेलन सम्पन्न

## बिहार में शराब बंन्दी कानून का सख्ती से पालन हो : शिवजी सिंह ☐ शोषण और अन्याय के खिलाफ संघर्ष करेंगी लोक समिति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेतिया (प.चम्पारण)।** बेतिया जिला लोक समिति के तत्वावधान में बेतिया शहर के पिरामल फाउन्डेशन भवन के सभागार में एक दिवसीय जिला सम्मेलन का आयोजन किया गया।जिसकी अध्यक्षता समिति के वरिष्ठ सदस्य रवीन्द्रनाथ तिवारी ने की। जिसमें लगभग एक सौ पुरूष एवं महिला प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

जिला के वरिष्ठतम सदस्य शम्भूनाथ मिश्रा ने विगत छः माह के संगठन कार्यक्रम एवं गतिविधियों का रिपोर्ट प्रस्तुत किया, तत्पश्चात मौके पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित बिहार प्रदेश लोक समिति का प्रांतीय महासचिव शिवजी सिंह ने गाँधी के कर्म भूमि चम्पारण की पवित्र भूमि को नमन करते कहा कि संगठन को विस्तार करने एवं काम करने के मुख्य सूत्रों को पूरा विस्तार से समझाया।

श्री सिंह ने कहा कि बिहार में सम्राट चौधरी की नयी सरकार कुछ दिनों चल रही है। इस नयी सरकार से लोक समिति मांग करती है कि बिहार में पूर्ण शराब बन्दी कानून लागू है। फिर भी बिहार के पड़ोसी राज्यों से चोरी- चुपे शराब लेकर बेचा जा रहा है, जिसका बूरा प्रभाव बिहार वासियों झेलना पड रहा है। लोक समिति इस सम्मेलन के माध्यम से मांग करती है कि सरकार शराब बन्दी कानून का सख्ती से पालन करें तभी हम बिहार के नौजवानों को बबार्दी से बचा सकते है। श्री सिंह ने कहा कि लोक समिति गरीब किसान- मजदूरों एवं महिलाओ के हक वो अधिकार दिलाने ,उनके शोषण तथा अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करेंगी।

सम्मेलन के अन्त में सर्व सम्मति से बेतिया जिला लोक समिति की नयी कार्यकारिणी का गठन एवं पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसमें रवीन्द्रनाथ तिवारी को जिला अध्यक्ष, शिवनाथ शर्मा को उपाध्यक्ष शम्भूनाथ मिश्रा को जिला महासचिव ,रविशंकर सिंह,विजय कुशवाहा, शेषनाथ साह,लालदेव चौधरी,अख्तर हुसैन,विशुन राम,अनूप किशोर तिवारी, राजेश यादव, डॉ शिखा चक्रवर्ती,सीमा यादव,रानी सिंह, सुनीता सिंह, शोभा देवी को कार्यकारिणी का सदस्या चुना गया। जिसको सदन ने ध्वनिमत और तालियों की गड़गड़ाहट से समर्थन किया।




## लगभग सौ महिला एवं पुरूष प्रतिनिधियों ने लिया हिस्सा

लोक समिति की चयनित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी के सदस्यों ने मिलकर एक अनुशासन एवं सलाहकार समिति बनाया जिसमें जिला के जाने- माने सामाजिक कार्यकर्त्ता सर्व राजू सिंह को अध्यक्ष, वरिष्ठ पत्रकार अमानुल हक को महासचिव, सुशील शशांक,संजय वर्मा, अश्विनी कुमार तिवारी को सम्मानित सदस्य बनाया गया। पदाधिकारी एवं सदस्यों ने अपने सम्बोधन में कहा कि बेतिया जिला नया जोश और उत्साह के साथ पूरी टीम मिल- जुलकर प्रखंड से लेकर ग्राम पंचायत के गाँवों में जाकर संगठन विस्तार के लिए सम्पर्क तथा सदस्यता अभियान चलायेंगी। नव निर्वाचित अध्यक्ष रवीन्द्रनाथ नाथ तिवारी उपस्थित सभी का धन्यवाद ज्ञापन कर सम्मेलन की कार्यवाही को समाप्त किया।

# बरौली में अयोध्या सा माहौल, हर घर में दिखी भक्ति और उत्सव की झलक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** बारुण प्रखंड के बरौली गांव में इन दिनों भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। श्री राम लखन जानकी प्राण प्रतिष्ठा सह श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के आयोजन को लेकर पूरा गांव मानो अयोध्या के रंग में रंग गया है। गांव के हर कोने में धार्मिक आस्था की सुगंध फैल रही है और वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो चुका है।इस पावन आयोजन को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। लोग अपने-अपने घरों की साफ-सफाई कर उसे सजाने में जुटे हुए हैं, जिससे पूरा गांव और भी आकर्षक और स्वच्छ नजर आ रहा है। रात होते ही बरौली जगमगा उठता है,चारों ओर रोशनी ऐसी बिखरती है मानो हर दिन दिवाली का उत्सव मनाया जा रहा हो।गांव की गलियों से लेकर मुख्य मार्ग तक हर जगह भक्ति, श्रद्धा और उल्लास की अनोखी छटा बिखरी हुई है। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था को सशक्त कर रहा है, बल्कि पूरे गांव को एकजुटता और उत्सव के रंग में भी रंग रहा है।

# 'मन की बात' कार्यक्रम में पीएम ने बताया डिजिटल जनगणना को दुनिया का सबसे बड़ा अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

एकमा। रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम ह्यमन की बातह्न के 133वें एपिसोड को सारण जिले के एकमा विधानसभा क्षेत्र में व्यापक स्तर पर सुना गया। कार्यक्रम के प्रसारण को रेडियो, टेलीविजन तथा स्मार्ट मोबाइल फोन के माध्यम से सुना गया।

एकमा विधानसभा के पांचों मंडलों क्रमशः एकमा पश्चिमी, एकमा पूर्वी, एकमा नगर, मांझी पश्चिमी एवं लहलादपुर में विभिन्न स्थानों पर भाजपा नेताओं, कार्यकताओं और आम लोगों ने एकत्र होकर कार्यक्रम को ध्यानपूर्वक सुना। इस दौरान क्षेत्र के बूथ संख्या 287, 286, 299, 300, 301, 302, 303, 285 सहित कई बूथों पर भी सामूहिक श्रवण किया गया।

एकमा नगर मंडल के रिद्धि-सिद्धि परिसर में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा लघु उद्योग प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मुकेश कुमार सिंह, नगर अध्यक्ष श्रीप्रकाश, मांझी पश्चिमी मंडल अध्यक्ष आदित्य कुमार दुबे, विजय देशबंधु पांडेय उर्फ दही बाबा, विभूति नारायण तिवारी, मंजेश पाठक, शशि रंजन सिंह, अजय मांझी, संजय तिवारी और संतोष राम समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



भाजपा नेता मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने देश को संबोधित करते हुए जनगणना को दुनिया का सबसे बड़ा अभियान बताया। उन्होंने कहा कि यह केवल सरकारी प्रक्रिया नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है और इसमें सभी की भागीदारी जरूरी है।

प्रधानमंत्री ने बताया कि जनगणना 2027 को डिजिटल बनाया गया है। अब गणना कर्मचारी मोबाइल ऐप के माध्यम से सीधे डेटा दर्ज करेंगे। साथ ही नागरिकों को स्वयं अपनी जानकारी भरने की सुविधा भी दी गई है, जिससे प्रक्रिया और आसान हो जाएगी।

उन्होंने कहा कि स्वयं जानकारी भरने के बाद एक विशेष आईडी प्राप्त होगी, जिसे दिखाकर नागरिक अपनी जानकारी की पुष्टि कर सकते हैं। इससे समय की बचत होगी और दोबारा जानकारी देने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

प्रधानमंत्री ने यह भी जानकारी दी कि कई राज्यों में स्व-गणना की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और अब तक लगभग 1 करोड़ 20 लाख परिवारों का मकान सूचीकरण कार्य पूरा किया जा चुका है। अंत में उन्होंने लोगों से अपील की कि वे जनगणना प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लें और इसे सफल बनाने में सहयोग करें, साथ ही यह भरोसा दिलाया कि नागरिकों द्वारा दी गई सभी जानकारी पूरी तरह सुरक्षित और गोपनीय रखी जाएगी।

# रसोइयों को अब सरकार देगी साड़ी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**साहिबगंज।** जिले के सरकारी स्कूलों में बच्चों के लिए मध्याह्न भोजन तैयार करने वाली 2886 रसोइयों को अब सरकार प्रत्येक वर्ष एक जोड़ी साड़ी देने जा रही है। रसोइया यह साड़ी खुद खरीद सकेंगी, इसके लिए उसे पांच-पांच सौ रुपये दिए जाएंगे। साड़ी नीले रंग की होगी।

सरकार रसोइया को भविष्य में एप्रोन व कैप भी देने की तैयारी कर रही है। झारखंड राज्य मध्याह्न भोजन प्राधिकरण ने इसकी तैयारी कर ली है। साड़ी वितरण के लिए बजट की स्वीकृति भी हो गई है। विभाग के द्वारा इसकी प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है।

पोशाक पहनने से अब रसोइयों की पहचान आसानी से हो सकेगी।एक समान ड्रेस से काम में अनुशासन व प्रोफेशनल माहौल बनेगा, जिससे काम करने का तरीका बेहतर होगा।

यूनिफार्म (एप्रोन, टोपी आदि) पहनने से बाल या गंदगी खाने में जाने की संभावना कम होगी, जिससे खाना ज्यादा साफ व सुरक्षित रहता है। वहीं, यूनिफार्म (खासकर एप्रोन और हेड कवर ) गर्म बर्तनों या तेल से कुछ हद तक सुरक्षा मिलती है।

# जनसुराज पार्टी की प्रखण्ड कमेटी का गठन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**एकमा।** एकमा स्थित वंदन वाटिका में रविवार को नव निर्माण जन सुराज पार्टी की संगठनात्मक बैठक जिला अध्यक्ष आनंद मोहन सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक के दौरान एकमा प्रखंड की नई कमिटी का गठन किया गया, जिसे संगठन विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

घोषित सूची के अनुसार प्रखंड अध्यक्ष पद पर संजय कुमार सिंह, महासचिव के रूप में आनंद गिरि, महिला अध्यक्ष के रूप में पायल कुमारी तथा युवा अध्यक्ष पद पर रवि दुबे को जिम्मेदारी सौंपी गई।

इसके अलावा विभिन्न प्रकोष्ठों एवं मंचों के लिए भी पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। ओबीसी प्रकोष्ठ से सुमित कुशवाहा, कपूरी मंच से बलिंदर महतो, अल्पसंख्यक मंच से अनवर अंसारी, व्यवसाय प्रकोष्ठ से परमेश्वर प्रसाद, बुद्धिजीवी मंच से डॉ. संतोष सिंह, अंबेडकर मंच से बच्चा मांझी तथा किसान मंच से कन्हैया प्रसाद को जिम्मेदारी दी गई। युवा इकाई में सत्यम गिरि को महासचिव एवं सचिन पाठक को उपाध्यक्ष बनाया गया। वहीं अल्पसंख्यक उपाध्यक्ष के रूप में रुस्तम अंसारी, किसान उपाध्यक्ष के रूप में राजेश पांडे, प्रखंड उपाध्यक्ष गोलू महाराज तथा मुख्य प्रवक्ता के रूप में मुन्ना पांडेय को नियुक्त किया गया।



बैठक में वरिष्ठ नेताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान जिला अध्यक्ष आनंद मोहन सिंह उर्फ गाड साहब, प्रदेश महासचिव ब्रिजेंद्र सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, अंबेडकर मंच जिला अध्यक्ष विनोद मांझी, वरिष्ठ नेता रमेश गिरि, एकमा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी विकास सिंह व पदयात्री प्रकाश कुमार मौजूद रहे। इस दौरान नेताओं ने विश्वास जताया कि नई कमिटी संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ जनहित के कार्यों को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगी।

# स्लूइस गेट बना शो पीस

**लखीसराय।** प्रखंड के निस्ता गांव के समीप गोंदरी पुल एवं गरखै नदी पर करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित स्लूइस गेट किसानों के लिए बेकार साबित हो रहा है। बिहार सरकार के सिंचाई विभाग द्वारा वर्ष 2019 में इस फाटक का जीर्णोद्धार कर इसे उपयोगी बनाने का दावा किया गया था, लेकिन यह अपने मूल उद्देश्य को पूरा करने में पूरी तरह विफल है। इस स्लूइस गेट का मुख्य उद्देश्य बाढ़ के दौरान नदी के बढ़े जलस्तर को नियंत्रित कर सुरक्षा बांध के पश्चिम हिस्से में पानी का संचयन करना था, ताकि किसानों को सालभर सिंचाई के लिए पानी मिल सके। मगर वर्तमान स्थिति इसके ठीक उलट है। स्थानीय लोगों के अनुसार, बाढ़ के समय फाटक खोलकर गंगा और किऊल नदी का पानी जमा तो किया जाता है, लेकिन जलस्तर घटते ही सारा पानी तेजी से बहकर निकल जाता है। विशेषज्ञों और ग्रामीणों के मुताबिक, इस विफलता के पीछे दो प्रमुख कारण हैं। पहला, स्लूइस गेट के दोनों मुहानों का तल समान स्तर पर है, जिससे पानी रोकने के लिए जरूरी अवरोध नहीं बन पाता।

# नो इंट्री लगाने की मांग को लेकर न्याय यात्रा सीएम हाउस रवाना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

चाईबासा। चाईबासा नो इंट्री लगाने की मांग को लेकर रविवार को तांबो चौक से न्याय पद यात्रा शुरू हुआ।

यह न्याय पद यात्रा समिति के संयोजक रमेश बालमुचू की नेतृत्व आयोजित हुई है। यह न्याय पद यात्रा 26 अप्रैल से शुरू होकर विभिन्न जंगलों एवं गांव में रात गुजार कर एक अप्रैल को रांची सीएम हाउस पहुचेगी।

न्याय यात्रा में सैकड़ों ग्रामीण और विभिन्न समाजिक संगठनों के लोग सहित अन्य लोग शामिल हुए हैं। साथ ही न्याय यात्रा के गुजरने वाले रास्ते में भी लोग जुड़ते जाएंगें।

नो इंट्री लगाने को लेकर महिलाएं चिलचिलाती धुप में भी बच्चों को गोद में लेकर शामिल हुई। सभी लोग हाथों में तिरंगा झंडा और न्याय यात्रा की तख्ती पकड़े हुए हैं। लोग स्थानीय विधायक सह राज्य के परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ, जिला प्रशासन और उद्योगपतियो के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे।

कोल्हान के चाईबासा शहर का बाईपास एमडीआर 177 में सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए नो एंट्री लगाने की मांग को लेकर 27 सितंबर 2025 को मंत्री दीपक बिरुवा को मांग पत्र दिया जाना था। जिसमें हजारों लोग तम्बो चौक चाईबासा में हजारों लोग जुटे थे। जिसके बाद आंदोलनकारी और पुलिस के बीच हिंसक झड़प भी हुई थी।




जिसके बाद मंत्री के आवास के समीप अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने, सरकारी कार्य में बाघा पहुंचाने और पुलिस पर पथराव करने के आरोप में 16 लोगों को लोगों को जेल भेजा गया था।

जबकि 74 नामजद और 500 से अधिक अज्ञात लोगों के खिलाफ मुफस्सिल थाना में 28 सितंबर को मामला दर्ज किया गया था। हालांकि सभी 16 गिरफ्तार लोगों को बेल मिल गया है। जिससे सभी जेल से बाहर हैं।

# "30 जनवरी" त्रैमासिक पत्रिका का लोकार्पण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** गांधी शांति प्रतिष्ठान केंद्र के सभागार में 30 जनवरी नामक राष्ट्रीय त्रैमासिक पत्रिका का लोकार्पण सामूहिक रूप उपस्थित सभी लोगों ने किया। दिशा ग्रामीण विकास मंच बैजानी के अकादमिक पहल के अंतर्गत इस पत्रिका का प्रकाशन तत्काल सीमित वितरण हेतु किया गया है। समारोह में इस पत्रिका के प्रधान संपादक और वरिष्ठ गांधीवादी चिंतक प्रो. मनोज कुमार ने पत्रिका के शीर्षक की चर्चा करते हुए कहा कि 30 जनवरी—यह केवल एक तिथि नहीं है; यह आत्मपरीक्षण का क्षण है। यह वह दिन है जब हमने न केवल एक व्यक्ति को खोया, बल्कि संभवतः एक विचार-परंपरा को भी धीरे-धीरे हाशिए पर धकेलने की कोशिश की है। इस तिथि को पत्रिका का नाम देना दरअसल उस स्मृति को जीवित रखने का प्रयास है, जो हमें झकझोड़ती है, असहज करती है, और हमें अपने समय से प्रश्न करने के लिए बाध्य करती है।

हमारा उद्देश्य गांधी का महिमामंडन करना नहीं है, बल्कि उनके विचारों के साथ एक ईमानदार संवाद स्थापित करना है। गांधी को ज्यों का त्यों स्वीकार करना या खारिज कर देना—दोनों ही के आसान रास्ते हैं। कठिन है उन्हें समझना, उनके अंतर्विरोधों के साथ, उनके प्रयोगों के साथ और उनकी सीमाओं के साथ। 30 जनवरी का प्रकाशन इसी कठिन रास्ते को चुनने का एक विनम्र प्रयास है। लेखक संदर्भ सहित व्यवहारिक चिंतन को इसमें प्रस्तुत करेंगे ऐसी कोशिश हमारी रहेगी। समारोह में गांधीवादी चिंतकों और कार्यकर्ता, पाठक शिक्षक का स्वागत करते हुए पत्रिका के प्रबंध संपादक डॉ मनोज मीता ने देश में विभिन्न गांधीवादी संस्थाओं की ओर से भी प्रकाशित हो रही विभिन्न पत्रिकाओं का जिक्र करते हुए कहा कि हमारा प्रयास पहली बार नहीं हैं इसके पहले भी पद्मश्री डॉ.राम जी सिंह ने ॠगांधी ज्योतिॠ नाम से एक पत्रिका की शुरूआत की थी। डॉ मीता ने कहा कि पत्रिका चाहे तो कोई एक आदमी भी निकाल सकते हैं लेकिन हमलोगों की कोशिश है सामूहिक प्रयास से इसका प्रकाशन हो। परिवार विकास जमुई के भाबानंद भाई ने मानवता को झकझोड़ने बाला गीत प्रस्तुत किया। पूर्व कुलपति प्रो.(डॉक्टर) फारूक अली ने कहा की आज गांधी की वैश्विक स्वीकृति बढ़ रही है। विश्व गांधी के नाम से भारत को जानता है। उदय ने कहा कि हम गांधी का पक्ष रखेंगे। हम गांधी के पक्षकार हैं। पत्रिका के नियमित संचालन के लिए भी कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए। राजीव कांत मिश्र ने कहा कि भागलपुर, आजादी के मूल्यों को जिंदा रखने के लिए कृत संकल्पित है। इस दिशा में कुछ प्रयास हुए भी हैं। स्थानीय इतिहास और भ्रम जाल को तोड़ने में यह पत्रिका सफल होगी, ऐसी मेरी शुभकामना है।




आलोक अग्रवाल ने कहा कि प्रबेशांक में दीप नारायण सिंह को स्थान देकर हम उनकी स्मृति को नई पीढ़ी के सामने रख रहे हैं। डॉ योगेंद्र ने कहा कि गांधी पर कई दिशाओं से आक्रमण किए जा रहे हैं। यह अज्ञानता का सूचक है जो गांधी को जानते नहीं गांधी को समझना नहीं चाहते वे गांधी को कटघरे में खड़ा करते हैं। प्रत्यक्ष आक्रमण का जवाब हमारे पास है लेकिन अप्रत्यक्ष रूप से गांधी को पूजने वाला समुदाय अपने काम और विचार में द्वैत से इस विचार को अधिक क्षति पहुंचा रहा है। जिला खेल पदाधिकारी अंकित रंजन ने कहा कि हम अपनी संस्कृति से जुड़े होते हैं। संस्कृति हमारी पहचान है। गांधी लोक संस्कृति की बात करते थे। गांधी को लोक और लोक के गांधी को खोजने का प्रयास पत्रिका के माध्यम से हो या बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। इसके लिए शुभकामना दी। पटना से आए सुनील झा बाल अधिकार संरक्षण के जुझारू कार्यकर्ता ने कहा कि आजादी का सबसे बड़ा मूल्य असहमति का अधिकार है।यह संविधान द्वारा हमे विचार और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता देता है। यह लोकतंत्र का आधार है। पत्रिका लोकतांत्रिक और संवैधानिक, मूल्यों को प्रतिस्थापित करने के में अग्रसर होगा। डॉ सुधीर मंडल ने कहा कि रचना के माध्यम से गांधी को प्रस्तुत किया जा सकता है।गांधी शांति प्रतिष्ठान केंद्र के अध्यक्ष प्रकाश चंद गुप्ता की अध्यक्षता की आयोजित समारोह में सभी वक्ताओं ने पत्रिका के प्रकाशन का स्वागत किया और इसे निरंतर प्रकाशित करते रहने का सामूहिक संकल्प भी जाहिर किया। मोहम्मद शाहबाज, संजय कुमार, डॉ सुनील अग्रवाल, कमल जायसवाल, आदि लोगों ने भी अपने विचार रखें। पत्रिका के कार्यकारी संपादक प्रसून लतांत ने लोकार्पण समारोह का संचालन किया ।

# लोगों को लू के थपेड़ों से बचाने को ले स्वास्थ्य विभाग तैयार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुमका।** जैसे जैसे तापमान बढ़ रहा है, तो दुमका समेत आसपास के इलाकों में लू (हीटवेव) का खतरा गहराने लगा है। भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों से आम जनजीवन को बचाने के लिए स्वास्थ्य महकमा सतर्क हो गया है।लू से प्रभावित लोगों की जान बचाने के लिए मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों के साथ सभी प्रखंड में विशेष हीट स्ट्रोक मैनेजमेंट रूम तैयार किए जाएंगें। विभाग ने इसकी तैयारी शुरू भी कर दी है।

विभागीय योजना के अनुसार जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में कम से कम पांच बेड वाला हीट स्ट्रोक मैनेजमेंट रूम बनाया जाना है। इन वार्डो को विशेष रूप से उन मरीजों के लिए तैयार किया जा रहा है जो लू या अत्यधिक गर्मी के कारण बेहोशी, डिहाइड्रेशन या तेज बुखार की चपेट में आते हैं।

हीट स्ट्रोक मैनेजमेंट रूम को सामान्य वार्ड के मुकाबले अधिक सुविधाजनक बनाया जाएगा ताकि मरीज के शरीर के तापमान को जल्द से जल्द नियंत्रित किया जा सके। इसमें कूलर और एसी की अनिवार्य व्यवस्था होगी। साथ ही ठंडे पानी और पानी की स्प्रे बोतलों का इंतजाम रहेगा। रेक्टल थमार्मीटर, बर्फ बनाने के लिए फ्रिज, बाथ टब और मरीजों की जांच के लिए लैरींगोस्कोप उपलब्ध रहेंगे। वार्ड में पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन सिलेंडर, जीवन रक्षक दवाएं और ओआरएस के पैकेट भी रहेंगे। अस्पताल आने वाले मरीजों की सुविधा के लिए सभी सीएचसी और पीएचसी में ओआरएस कॉर्नर भी बनाए जाएंगे। यहां आने वाले सामान्य मरीजों को भी लू से बचाव के लिए ओआरएस का घोल दिया जाएगा।

## रालोमो के भाजपा में विलय के लगाये जा रहे कयास

**पटना।** बिहार की राजनीति में मंत्रिमंडल विस्तार के पहले राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के भाजपा में विलय की चचाओं ने जोर पकड़ लिया है। सूबे में सत्ता परिवर्तन के बाद बने नए समीकरणों ने इस चर्चा को और हवा दे दी है। सूत्रों के अनुसार, भाजपा की ओर से रालोमो प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा को पार्टी विलय का प्रस्ताव दिए जाने की बातें सामने आ रही हैं। कहा जा रहा है कि इसके तहत उनके पुत्र दीपक प्रकाश को विधान परिषद भेजने और मंत्री पद बनाए रखने का आश्वासन दिया गया है। गौरतलब है कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार में रालोमो कोटे से कुशवाहा के पुत्र दीपक प्रकाश को पंचायती राज मंत्री बनाया गया था, हालांकि वे किसी भी सदन के सदस्य नहीं थे। 2025 चुनाव के बाद गठित कैबिनेट में यह प्रतिनिधित्व रालोमो के लिए अहम माना गया था। वर्तमान में नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे के बाद राज्य की कमान सम्राट चौधरी के हाथों में है और जल्द ही मंत्रिमंडल विस्तार की संभावना है।

## रियान पराग की फॉर्म से चिंतित नहीं बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़, जल्द बड़ी खेलने की उम्मीद जताई



**जयपुर ।** राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने कहा कि कप्तान रियान पराग का आईपीएल के वर्तमान सत्र में पहले आठ मैचों में निराशाजनक प्रदर्शन चिंता का विषय नहीं है और उम्मीद जताई कि वह जल्द ही बड़ा स्कोर बनाने में सफल रहेंगे। भारतीय टीम के नियमित खिलाड़ी यशस्वी जायसवाल और ध्रुव जुरेल की मौजूदगी के बावजूद राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी के लिए रियान का चयन चर्चा का विषय रहा है। उन्होंने आठ मैचों में 112.82 के स्ट्राइक रेट से सिर्फ 88 रन बनाए हैं, जिसमें उनका सर्वोच्च स्कोर 20 है।

राठौड़ बोले– रियान की बल्लेबाजी में कोई खामी नहीं
राठौड़ ने कहा, रियान की बल्लेबाजी में कोई खामी नहीं है। वह अभ्यास के दौरान अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं। वह कड़ी मेहनत कर रहे हैं। कभी–कभी खेल में ऐसा ही होता है। कभी–कभी आप ऐसे दौर से गुजरते हैं जहां आप उतने रन नहीं बना पाते जितने बनाना चाहते हैं। लेकिन मुझे लगता है कि यह खेल का हिस्सा है। वह वापसी करेंगे और मजबूत वापसी करेंगे। मुझे पूरा यकीन है। हम उनकी बल्लेबाजी को लेकर चर्चा कर रहे हैं। वैभव सूर्यवंशी (234 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 357 रन), यशस्वी जायसवाल (153 के स्ट्राइक रेट से 255 रन) और ध्रुव जुरेल (130 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 232 रन) के शानदार प्रदर्शन के सामने रियान का प्रदर्शन फीका पड़ जाता है। वह रवींद्र जडेजा (132) और डोनोवन फरेरा (130) से भी पीछे हैं।

## एनगिडी की हालत स्थिर, जल्द मिलेगी अस्पताल से छुट्टी

### आईपीएल मैच में सिर पर लगी थी चोट



**नई दिल्ली ।** दिल्ली कैपिटल्स के घातक गेंदबाज लुंगी एनगिडी फील्डिंग करते वक्त चोटिल हो गए। फिजियो ने मैदान पर पहुंचकर उनका हाल जाना, जिसके बाद मैदान पर एंबुलेंस बुलाई गई और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। अब दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से उनकी हेल्थ को लेकर बड़ा अपडेट दिया गया है। टीम की तरफ से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा गया, 'एनगिडी की हालत स्थिर है। जल्द ही उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिलेगी।'

- **सिर में लगी गंभीर चोट** – दिल्ली और पंजाब के बीच आईपीएल मुकाबले के दौरान दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी चोटिल को फील्डिंग के दौरान सिर में गंभीर चोट लग गई, जिसके बाद उन्हें स्ट्रेचर पर मैदान से बाहर ले जाया गया।
- **कैसे हुआ हादसा** – यह हादसा तीसरे ओवर में हुआ, जब दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेल रहे एनगिडी मिड–ऑफ से दौड़ते हुए कैच लेने की कोशिश कर रहे थे। बल्लेबाज प्रियांश आर्या के शॉट पर वह गेंद का सही अंदाजा नहीं लगा पाए और संतुलन बिगड़ने के कारण बुरी तरह गिर पड़े। गिरते समय उनके सिर का पिछला हिस्सा जोर से जमीन से टकराया।
- **फिजियो मैदान पर पहुंचे** – घटना के तुरंत बाद मैदान पर मौजूद खिलाड़ी और सपोर्ट स्टाफ उनकी मदद के लिए दौड़े। कुलदीप यादव और डेविड मिलर समेत कई खिलाड़ी काफी चिंतित नजर आए। टीम के फिजियो ने तुरंत आकर एनगिडी को प्राथमिक उपचार दिया।
- **एम्बुलेंस से ले जाए गए बाहर** – स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मेडिकल टीम ने उनके गले में नेक ब्रेस लगाया और स्ट्रेचर मंगवाया। कुछ ही देर में एम्बुलेंस भी मैदान पर पहुंच गई और उन्हें मैदान से बाहर ले जाया गया। राहत की बात यह रही कि इलाज के दौरान एनगिडी डॉक्टरों से बात करते नजर आए, जिससे उनकी स्थिति स्थिर होने का संकेत मिला। इस दौरान पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग भी मैदान पर पहुंचे। एनगिडी की जगह कन्कशन सब्स्टीट्यूट के तौर पर दुष्मंथा चमीरा आए।

# हार की हैट्रिक के बाद भारतीय टीम की वापसी

## चौथे टी20 मुकाबले में शानदार जीत



**नई दिल्ली।** साउथ अफ्रीका दौरे पर लगातार तीन हार झेलने के बाद भारतीय टीम ने शानदार वापसी करते हुए चौथे टी20 मुकाबले में 14 रन से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ भारत ने सीरीज में पहली बार जीत का स्वाद चखा और आत्मविश्वास भी हासिल किया। टीम की इस जीत की सबसे बड़ी हीरो रहीं Deepti Sharma, जिन्होंने अपने ऑलराउंड प्रदर्शन से मैच का पूरा रुख बदल दिया।

### दीप्ति शर्मा का ऐतिहासिक फाइव-विकेट हॉल

दीप्ति शर्मा ने अपनी बेहतरीन गेंदबाज़ी से इतिहास रचते हुए 5 विकेट झटके और साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 इंटरनेशनल में ऐसा करने वाली पहली भारतीय गेंदबाज़ बन गईं। उनका यह स्पेल न सिर्फ भारत के लिए रिकॉर्ड बना बल्कि मैच का निर्णायक मोड़ भी साबित हुआ। उनकी सटीक लाइन-लेंथ और लगातार दबाव ने विपक्षी बल्लेबाज़ों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया और पूरी टीम को बैकफुट पर धकेल दिया।

### साउथ अफ्रीका की शुरुआत और फिर पतन

लक्ष्य का पीछा करने उतरी साउथ अफ्रीका की टीम ने शुरुआत आक्रामक अंदाज में की और शुरुआती ओवरों में मैच पर पकड़ बनाती नजर आई। कप्तान Laura Wolvaardt और Sune Luus ने तेज रन बनाए, लेकिन जैसे ही दीप्ति शर्मा गेंदबाज़ी पर आईं, मैच का रुख बदल गया। उन्होंने लगातार विकेट लेकर साउथ अफ्रीका की पारी को बिखेर दिया और अंत में टीम 171/9 तक ही पहुंच सकी, जिससे भारत ने मुकाबला अपने नाम कर लिया।

### दीप्ति शर्मा बनीं 'प्लेयर ऑफ द मैच'

ऑलराउंड प्रदर्शन के दम पर दीप्ति शर्मा को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, जिसने उनकी शानदार फॉर्म को और भी खास बना दिया। मैच के बाद उन्होंने कहा कि वह हमेशा खुद पर भरोसा रखती हैं और टीम का समर्थन उनके लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी माना कि किसी भी परिस्थिति में सही लाइन और लेंथ ही सफलता की कुंजी होती है।

### सीरीज का हाल

हालांकि साउथ अफ्रीका इस सीरीज में पहले ही अजेय बढ़त बना चुकी है, लेकिन भारत की यह जीत टीम के लिए मनोबल बढ़ाने वाली रही। चौथे मुकाबले में मिली जीत से भारत ने वापसी के संकेत दिए हैं और अब दोनों टीमें 27 अप्रैल को होने वाले आखिरी टी20 मुकाबले में आमने–सामने होंगी, जहां भारत जीत के साथ सीरीज का समापन करना चाहेगा।

### भारत की पारी: 185/5 का मजबूत स्कोर

टॉस हारकर पहले बल्लेबाज़ी करने उतरी भारतीय टीम ने 185/5 का मजबूत स्कोर खड़ा किया, जो इस पिच पर काफी चुनौतीपूर्ण साबित हुआ। मिडिल ओवर्स में Jemimah Rodrigues ने 43 रन की अहम पारी खेलकर टीम को संभाला, जबकि अंत के ओवरों में Richa Ghosh और दीप्ति शर्मा ने तेजी से रन जोड़कर स्कोर को मजबूत किया। आखिरी ओवरों में आई तेजी ने भारत को एक लड़ाकू टोटल तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

# लीग चरण में आधे से ज्यादा मैच हुए पूरे, चार टीमों का दबदबा; कोहली से छिनी ऑरेंज कैप

**नई दिल्ली ।** आईपीएल 2026 में कुल 70 लीग चरण के मुकाबले खेले जाने हैं सभी 10 टीमों ने आधा सफर तय कर लिया है। पहले चरण में पंजाब किंग्स का दबदबा देखने को मिला क्योंकि इस टीम ने अभी तक एक भी मैच नहीं गंवाया है और वह शीर्ष पर बनी हुई है। अब यहां से आईपीएल का मौजूदा सीजन रोमांचक हो जाएगा क्योंकि अब प्लेऑफ की दौड़ बेहद कठिन होगी। यहां से जो भी टीम मैच हारेगी, उसके लिए आगे का सफर मुश्किल होता चला जाएगा।

आईपीएल 2026 में शनिवार को दो मैच खेले गए। पहले मैच में पंजाब किंग्स ने रिकॉर्ड 265 रन का लक्ष्य हासिल किया, तो दूसरे मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने 229 रन का लक्ष्य हासिल किया। आइए देखते हैं कि राजस्थान रॉयल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के मैच के बाद अंक तालिका में कौन सी टीम किस स्थान पर है और ऑरेंज और पर्पल कैप फिलहाल किस खिलाड़ी के पास है...



**पंजाब शीर्ष पर बरकरार** – अंक तालिका में पंजाब किंग्स ने अपना दबदबा बरकरार रखा है। पंजाब सात मैचों से 13 अंक लेकर पहले स्थान पर है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) सात मैचों से 10 अंक लेकर दूसरे, सनराइजर्स हैदराबाद आठ मैचों से 10 अंक लेकर तीसरे और राजस्थान रॉयल्स आठ मैचों से 10 अंक लेकर चौथे स्थान पर है। चेन्नई सुपर किंग्स सात मैचों से छह अंक लेकर पांचवें, दिल्ली कैपिटल्स सात मैचों से 6 अंक लेकर छठे, गुजरात टाइटंस सात मैचों से छह अंक लेकर सातवें, मुंबई इंडियंस सात मैचों से चार अंक लेकर आठवें, लखनऊ सुपर जाएंट्स सात मैचों से चार अंक लेकर नौवें, और कोलकाता नाइट राइडर्स सात मैचों से तीन अंक लेकर 10वें स्थान पर है। समान अंक के बावजूद टीमों की रैंकिंग में नेट रन रेट की वजह से अंतर है।

**ऑरेंज-पर्पल की दौड़ में कौन आगे** – ऑरेंज कैप सनराइजर्स हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के पास है। अभिषेक ने राजस्थान के खिलाफ 29 गेंदों पर 57 रन की पारी खेलकर इसे हासिल किया। अभिषेक के आठ मैचों की आठ पारियों में 380 रन हो गए हैं। इसमें 36 चौके और 28 छक्के शामिल हैं। केएल राहुल सात मैचों की सात पारियों में 357 रन बनाकर दूसरे और वैभव सूर्यवंशी आठ मैचों में 357 रन बनाकर तीसरे स्थान पर हैं। मालूम हो कि शनिवार को केएल राहुल और वैभव दोनों ने शतक लगाया था, लेकिन दोनों की टीमों को हार का सामना करना पड़ा। पंजाब के खिलाफ दिल्ली के लिए राहुल ने 67 गेंदों पर नाबाद 152 रन की पारी खेली थी, जबकि राजस्थान के वैभव ने हैदराबाद के खिलाफ 37 गेंदों पर 103 रन बनाए थे। सीएसके के अंशुल कंबोज के पास पर्पल कैप है। कंबोज ने सात मैचों में 14 विकेट लिए हैं।

## पुरुष टी20 में सबसे कम पारियों में वैभव सूर्यवंशी ने जड़े चार शतक, IPL में दूसरी बार लगाया सैकड़ा



**जयपुर ।** राजस्थान रॉयल्स के युवा विस्फोटक बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए शानदार शतकीय पारी खेली। इस दौरान उन्होंने बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वह पुरुष टी20 में सबसे कम पारियों में चार शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए।

**वैभव ने हासिल की बड़ी उपलब्धि** – सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेले गए आईपीएल मुकाबले में 15 वर्षीय बल्लेबाज वैभव ने 36 गेंदों में अपने आईपीएल करियर का दूसरा शतक पूरा किया। इससे पहले उन्होंने 15 गेंदों में अपना अर्धशतक जड़ा। वह पुरुष टी20 में सबसे कम पारियों में चार शतक जड़ने वाले पहले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने 26 टी20 पारियों में चार शतक जड़े। इस मामले में उन्होंने उस्मान खान (33 पारियां), साई सुदर्शन (72 पारियां), क्रिस गेल (77 पारियां) और माइकल क्लिंगर (88 पारियां) को पीछे छोड़ा।

### वैभव के रिकॉर्ड्स

- इस मैच में वैभव का बल्ला जमकर गरजा। इस दौरान उन्होंने 278.37 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की।
- उन्होंने 81 गेंदों में पांच चौके और 12 छक्कों की मदद से 103 रनों की आतिशी पारी खेली।
- उन्होंने 15 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। वह 15 गेंदों में तीन बार 50 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बन गए।
- इसके अलावा वैभव ने 1000 टी20 रन भी पूरे कर लिए।
- उन्होंने यह कारनामा 473 गेंदों में किया और सबसे तेज 1000 टी20 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बने।

## भारतीय महिला टीम ने यूक्रेन पर हासिल की जीत

### क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की उम्मीद जगी



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम ने उबर कप बैडमिंटन टूर्नामेंट के ग्रुप ए के अपने दूसरे मुकाबले में यूरोपीय चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता यूक्रेन पर 4–1 की शानदार जीत दर्ज करके क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। भारतीय टीम अपने पहले मुकाबले में मेजबान डेनमार्क से 2–3 से हार गई थी। यूक्रेन के खिलाफ भारत की युवा खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया।

**सिंधू को दिया आराम**– उन्नति हुडा ने पोलिना बुहरोवा पर 21–19, 22–20 की रोमांचक जीत के साथ शुरुआत की, जिसके बाद जूनियर विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा ने येवहेनिया कांटेमिर को 21–12, 17–21, 21–10 से हराकर भारत की बढ़त दोगुनी कर दी।

## बैडमिंटन में हुआ बड़ा बदलाव, अब 15×3 स्कोरिंग सिस्टम से होंगे मैच

**नई दिल्ली।** बैडमिंटन मैच अब 21म3 नहीं, बल्कि 15म3 स्कोरिंग सिस्टम से खेले जाएंगे। मैच अब 21-21 के तीन गेम की जगह 15-15 के तीन गेम खेले जाएंगे। इस नए स्कोरिंग सिस्टम पर शनिवार को डेनमार्क के होर्सेन्स में बैडमिंटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में भारी बहुमत से मुहर लगा दी गई। बैठक में पेश प्रस्ताव को मतदान में 198-43 के अंतर से पारित किया गया है। नया सिस्टम चार जनवरी, 2027 से लागू किया जाएगा।





**बीडब्ल्यूएफ की अध्यक्ष ने किया स्वागत**– बीडब्ल्यूएफ का तर्क है कि नए सिस्टम से खेल में हाई प्रेशर मूवमेंट जल्दी आएंगे और रोमांचकता बढ़ जाएगी। बैडमिंटन में 21 प्वाइंट वाला मौजूदा प्रारूप साल 2006 में लागू किया गया था। इस प्रारूप में मैच लगातार 45 मिनट से 100 मिनट तक खिंच रहे थे, जिससे प्रसारक नाराज थे। उनकी मांग थी कि पांचों सेगमेंट (पुरुष और महिला एकल, युगल और मिश्रित) के मुकाबले तीन घंटे के भीतर खत्म होने चाहिए। बीडब्ल्यूएफ की अध्यक्ष खुनयिंग पटामा लीस्वाड्ट्राकुल ने कहा कि यह फैसला बैडमिंटन के भविष्य के लिए एक अहम मील का पत्थर है।

लीस्वाड्ट्राकुल ने कहा, हम एक ऐसा खेल तैयार कर रहे हैं जो अगली पीढ़ी से जुड़ा हो और साथ ही हम अपने खिलाड़ियों के लंबे समय के भविष्य में भी निवेश करते रहेंगे। 3म15 स्कोरिंग प्रणाली का मकसद बैडमिंटन को और भी ज्यादा रोमांचक और प्रतिस्पर्धी बनाना, बेहतर शेड्यूल, मैचों की अवधि में ज्यादा एकरूपता लाना, और खिलाड़ियों की भलाई और उबरने के लिए संभावित फायदे देना है।

विश्व संस्था ने एक बयान में कहा कि यह फैसला लंबे समय तक चली टेस्टिंग, विश्लेषण और सदस्यों व हितधारकों के साथ सलाह-मशविरे की प्रक्रिया के बाद लिया गया है। यह बीडब्ल्यूएफ के सदस्यों की सामूहिक राय को दिखाता है जो खिलाड़ियों की भलाई, और खिलाड़ियों को लंबे व ज्यादा सफल करियर बनाने में मदद करने की प्रतिबद्धता से प्रेरित है।

# मैड्रिड ओपन 2026: मैच के दौरान तबीयत बिगड़ने पर इगा स्वियाटेक टूर्नामेंट से बाहर

**नई दिल्ली।** मैड्रिड ओपन 2026 में बड़ा उलटफेर देखने को मिला, जब दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी इगा स्वियातेक को मैच के बीच में ही टूर्नामेंट से हटना पड़ा। अमेरिकी खिलाड़ी Ann Li के खिलाफ खेलते हुए स्वियातेक ने अज्ञात बीमारी के चलते रिटायर हर्ट होने का फैसला किया।



**मैच का हाल: ली को मिला फायदा** – जब स्वियातेक ने मुकाबला छोड़ा, उस समय एन ली 7-6 (4), 2-6, 3-0 से आगे चल रही थीं। निर्णायक सेट में पिछड़ने के बाद स्वियातेक ने मेडिकल टाइमआउट लिया और कुछ देर बाद कोर्ट पर लौटीं, लेकिन अपनी स्थिति में सुधार न देख उन्होंने मैच से हटने का फैसला किया।

**डिफेंडिंग चैंपियन का सफर खत्म** – मैड्रिड ओपन 2024 की चैंपियन स्वियातेक इस बार खिताब की प्रबल दावेदार मानी जा रही थीं, लेकिन बीमारी के कारण उनका सफर समय से पहले ही समाप्त हो गया। इससे टूर्नामेंट में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है।

**एन ली का शानदार प्रदर्शन** – इस जीत के साथ विश्व रैंकिंग में 34वें स्थान पर काबिज एन ली ने टॉप-10 खिलाड़ी के खिलाफ अपने करियर की दूसरी जीत दर्ज की। उनका अगला मुकाबला Leylah Fernandez से होगा, जहां वह अपनी लय बरकरार रखना चाहेंगी।

## 'हम पंजाब किंग्स के इस युवा खिलाड़ी की उतनी बात नहीं करते' : पूर्व भारतीय ओपनर

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय ओपनर दीप दासगुप्ता का मानना है कि पंजाब किंग्स के युवा विकेटकीपर-बल्लेबाज़ प्रभसिमरन सिंह को जितनी चर्चा मिलनी चाहिए, उतनी नहीं मिल रही। उन्होंने कहा, 'हम इस खिलाड़ी की उतनी बात नहीं करते, जितनी करनी चाहिए। पिछले सीजन के बाद भी उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया और इस साल भी वह लगातार रन बना रहे हैं।'

**'बहुत सेफ विकेटकीपर हैं प्रभसिमरन'**– दासगुप्ता ने प्रभसिमरन की विकेटकीपिंग की भी तारीफ करते हुए कहा, 'वह दुनिया के सबसे बेहतरीन विकेटकीपर नहीं हो सकते, लेकिन एक बहुत ही सेफ कीपर हैं। उनके पीछे खड़े होने से टीम को भरोसा मिलता है और वह ओपनर के तौर पर भी बड़ा फर्क पैदा कर रहे हैं।'

**शानदार फॉर्म में चल रहे हैं प्रभसिमरन** – Punjab Kings के लिए खेलते हुए प्रभसिमरन सिंह इस सीजन में बेहतरीन फॉर्म में हैं। उन्होंने अब तक 6 पारियों में 287 रन बनाए हैं, जिसमें उनका औसत 57.40 और स्ट्राइक रेट 192.61 का रहा है। इस दौरान उन्होंने तीन अर्धशतक भी लगाए हैं, जिससे वह टीम के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज़ बने हुए हैं।



**पावरप्ले में रिकॉर्डतोड़ बल्लेबाज़ी** – दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 266 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए प्रभसिमरन सिंह और Priyansh Arya ने पावरप्ले में तूफानी बल्लेबाज़ी की। दोनों ने मिलकर पहले 6 ओवर में 116 रन जोड़ दिए, जो आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा पावरप्ले स्कोर है। प्रभसिमरन ने सिर्फ 18 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया और पावरप्ले में ही 23 गेंदों पर 71 रन ठोक दिए।

**126 रन की साझेदारी और ऐतिहासिक रन चेज** – प्रभसिमरन और प्रियांश आर्या के बीच पहले विकेट के लिए सिर्फ 41 गेंदों में 126 रन की साझेदारी हुई, जिसने मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया। प्रभसिमरन ने 26 गेंदों पर 76 रन बनाए, जिसमें 9 चौके और 5 छक्के शामिल थे। इस शानदार शुरुआत के दम पर पंजाब किंग्स ने 266 रन का लक्ष्य 6 विकेट रहते और 7 गेंद शेष रहते हासिल कर लिया।

**पंजाब किंग्स की लगातार जीत** – इस जीत के साथ पंजाब किंग्स ने टूर्नामेंट में अपनी लगातार जीत का सिलसिला जारी रखा। टीम अब तक खेले गए सभी मैच जीतकर पॉइंट्स टेबल में शीर्ष स्थान पर बनी हुई है, जिससे उनका आत्मविश्वास काफी ऊंचा है।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में 'प्रोजेक्ट संगम' से मिलने लगी राहत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी में ट्रैफिक जाम, अवैध पार्किंग और ई-रिक्शा के बढ़ते दबाव से राहत दिलाने के लिए दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने प्रोजेक्ट संगम के तहत बड़ा एक्शन प्लान लागू किया है। दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में आरडब्ल्यूए और मार्केट एसोसिएशनों के साथ लगातार बैठकों के बाद न सिर्फ समस्याओं की पहचान की गई, बल्कि कई जगहों पर तुरंत कार्रवाई करते हुए जाम कम करने के ठोस कदम भी उठाए गए हैं। एडिशनल कमिश्नर (ट्रैफिक) विजयांता गोयल आर्या के मुताबिक, प्रोजेक्ट संगम के तहत जनता की भागीदारी से ट्रैफिक मैनेजमेंट को मजबूत किया जा रहा है। इसी कड़ी में वेस्ट पटेल नगर में बड़ी राहत तब मिली जब बालराज खन्ना मार्ग से ई-रिक्शा स्टैंड हटाकर सादीपुर मेट्रो स्टेशन के पीछे शिफ्ट कर दिया गया। लंबे समय से यहां अव्यवस्थित खड़े ई-रिक्शा जाम की वजह बन रहे थे। ट्रैफिक पुलिस ने चालकों को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे अब केवल निर्धारित स्थान से ही सवारी उठाएं। साथ ही चांदनी चौक के एसपीएम मार्ग पर व्यापारियों की शिकायत के बाद तुरंत ट्रैफिक स्टाफ बढ़ाया गया, जिससे भीड़भाड़ में कमी आई। वहीं, नरेला इलाके में अतिक्रमण और अवैध पार्किंग के खिलाफ संयुक्त अभियान चलाकर 205 चालान किए गए, 23 रेहड़ी-पटरी हटाई गईं और 16 वाहनों को टो किया गया। इस कार्रवाई से इलाके में ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार देखने को मिला है। अशोक विहार के गुलाब सिंह मार्ग स्थित कार मार्केट में डबल पार्किंग को लेकर चलाए गए विशेष अभियान में 71 वाहनों के चालान काटे गए, 8 वाहन उठाए गए और 12 अवैध ठेले हटाए गए। इससे खासकर स्कूल समय में लगने वाले जाम पर असर पड़ा है और यातायात अपेक्षाकृत सुचारु हुआ है। उधर, द्वारका में आयोजित बैठक में बड़ी संख्या में आरडब्ल्यूए सदस्यों ने ट्रैफिक से जुड़ी समस्याएं उठाईं। सेक्टर-21 स्थित एलिफेंट चौक पर सड़क का नया डिजाइन लागू किया गया और हाथी की मूर्तियों को हटाकर रास्ता चौड़ा किया गया, जिससे लंबे समय से चली आ रही जाम की समस्या खत्म हो गई। पूर्वी दिल्ली में ऐसे उल्लंघनों के खिलाफ रोजाना विशेष अभियान चलाए गए।

### स्विस एयर की फ्लाइट का इंजन फेल होने से लगी आग; 6 लोग झुलसे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में शनिवार दे रात आईजीआई एयरपोर्ट पर स्विस एयर की उड़ान संख्या एल एक्स147 जब विमान दिल्ली से ज्यूरिख के लिए उड़ान भरने वाला था, तब टेक-ऑफ के दौरान विमान के इंजन नंबर 1 में तकनीकी खराबी आई और आग लग गई। उस समय विमान की गति लगभग 104 नोट्स थी। पायलट ने तुरंत टेक-ऑफ रद कर दिया और विमान को रनवे पर ही रोक दिया। विमान में सवार 232 यात्रियों को इमरजेंसी स्लाइड के जरिए बाहर निकाला गया। बताया जा रहा है कि इमरजेंसी स्लाइड से उतरते समय 6 यात्री घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल रनवे संख्या 28 को बंद कर दिया गया है और स्विस एयर ने यात्रियों के लिए होटल और दूसरी उड़ानों का इंतजाम करने के लिए एक टास्क फोर्स तैनात की है।

### दिल्ली के एलजी तरनजीत सिंह संधू ने देखा आईपीएल मैच

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच खेले गए आइपीएल मुकाबले का रोमांच देखते ही बन रहा था। इस अवसर पर दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू भी स्टेडियम पहुंचे और मैच के रोमांचक पलों के साथ खेल का भरपूर आनंद लिया। मैच के दौरान उन्होंने स्टेडियम में मौजूद बच्चों से संवाद किया और उनके उत्साह की सराहना की। बच्चों ने भी अपने पसंदीदा खिलाड़ियों को लेकर उत्साह व्यक्त किया। इस दौरान दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। उपराज्यपाल ने कहा कि क्रिकेट सिर्फ खेल नहीं, बल्कि युवा ऊर्जा और सकारात्मक भावना का प्रतीक है।

# राघव चड्ढा समेत 7 बागियों के खिलाफ 'राइट टु रीकॉल' का इस्तेमाल करना चाहती है आप

## संवैधानिक स्तर पर मामला उठाना चाहती है आप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राघव चड्ढा, अशोक मित्तल और हरभजन सिंह समेत सात सांसदों के बीजेपी में शामिल होने से आम आदमी पार्टी (आप) को तगड़ा झटका लगा है। इस मामले को लेकर आप नेताओं और जानकारों का कहना है कि अब पार्टी राज्यसभा के चेयरमैन सीपी राधाकृष्णन और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से इन सांसदों के खिलाफ एक्शन की मांग कर सकती है। बता दें कि पंजाब में विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं। चुनाव से पहले यह आम आदमी पार्टी के लिए बड़ा झटका है। इसका असर निश्चित तौर पर विधानसभा चुनाव में दिखाई देगा।

राज्यसभा सांसद और आप के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने कहा कि वह इन सांसदों के खिलाफ ऐक्शन के लिए उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन को पत्र लिखेंगे और सातों सांसदों को अयोग्य ठहराने की मांग करेंगे। संजय सिंह ने कहा, जिस तरह से सात सांसद बीजेपी में गए हैं, यह असंवैधानिक और संसदीय नियमों के खिलाफ है। मैं



राज्यसभा के सभापति को पत्र लिखूंगा और मांग करूंगा कि इन सांसदों को अयोग्य ठहराया जाए।

उन्होंने कहा, 'दलबदल विरोधी कानून के अनुसार राज्यसभा और लोकसभा में किसी तरह का अलग गुट मान्य नहीं होता, चाहे उसमें दो-तिहाई सदस्य ही क्यों न हों।' उन्होंने यह भी कहा कि इन सात सांसदों का भाजपा में जाना पूरी तरह 'असंवैधानिक' और 'गैरकानूनी' है। आम आदमी पार्टी इस पूरे मामले को संवैधानिक स्तर पर आगे बढ़ाना चाहती है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भी राष्ट्रपति से मुलाकात करने के लिए अपॉइनमेंट मांगा है। जानकारों का कहना है कि आम आदमी पार्टी चाहती है कि इन सभी सांसदों से राज्यसभा की सदस्यता वापस ले ली जाए। इसके लिए वह 'राइट टु रीकॉल' का इस्तेमाल करना चाहती है। हालांकि जानकारों का कहना है कि संविधान में इस तरह का प्रावधान नहीं है। अगर जनता चाहे तो चुने गए प्रतिनिधि को कार्यकाल खत्म होने से पहले हटा सकती है। इसे 'राइट टु रिकॉल' कहते हैं।

शुक्रवार को एक चौंकाने वाले घटनाक्रम में, आम आदमी पार्टी के सात राज्यसभा सदस्य भाजपा में शामिल हो गए, जिनमें से छह पंजाब से हैं।

### भाजपा में शामिल होने की चर्चा

# पंजाब सरकार ने छीनी हरभजन सिंह की सुरक्षा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पंजाब सरकार ने राज्यसभा सांसद और पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह की सुरक्षा वापस ले ली है। उनके घर के बाहर तैनात सुरक्षाकर्मियों को भी हटा लिया गया है। इससे पहले राघव चड्ढा की भी सुरक्षा छीन ली गई थी। हालांकि, उन्हें केंद्र सरकार की तरफ से वाई कैटेगरी की सुरक्षा प्रदान की गई। अब हरभजन को भी ऐसी ही सुरक्षा मिलने की संभावना है। आपको बता दें कि पंजाब सरकार ने उन्हें जेड कैटेगरी की सुरक्षा दी थी।

हाल ही में आम आदमी पार्टी से भाजपा में शामिल हुए राघव चड्ढा ने दावा किया था कि हरभजन सिंह भी आम आदमी पार्टी छोड़ने वाले 7 सांसदों में शामिल हैं। हालांकि, हरभजन सिंह ने अभी तक इस मामले में कोई बयान नहीं दिया है। इस मामले में खूब राजनीति हो रही है। भाजपा और आम आदमी पार्टी के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को राज्यसभा सांसद हरभजन सिंह, अशोक मित्तल और राजिंदर गुप्ता के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। लुधियाना और जालंधर में कार्यकर्ताओं ने स्प्रे पेंट से उनके घरों की चारदीवारी पर 'गद्दार' लिखा। प्रदर्शनकारियों ने 'पंजाब दे गद्दार' के नारे लगाते हुए उन पर पंजाब की जनता के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया। राघव चड्ढा ने भाजपा में शामिल होने के बाद कहा कि सभी सात सांसद भाजपा में सम्मिलित हो गए हैं। उन्होंने कहा, 'जिस आम आदमी



पार्टी को मैंने अपने खून-पसीने से सींचा, अपनी जवानी के 15 साल दिए, वह अपने सिद्धांतों, मूल्यों और नैतिकता से पूरी तरह भटक गई है।'' आपको बता दें कि हाल ही में राघव चड्ढा को राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के उपनेता पद से हटा दिया गया और उनकी जगह मित्तल को नियुक्त किया गया था। उन्होंने पार्टी के 10 सांसदों का संदर्भ देते हुए कहा, ''संविधान के अनुसार, किसी पार्टी के कुल सांसदों में से दो-तिहाई सांसद दूसरी पार्टी में सम्मिलित हो सकते हैं।'' राघव चड्ढा ने कहा, ''उन्होंने (सांसदों) पहले ही हस्ताक्षर कर दिए थे, और आज सुबह हमने राज्यसभा के सभापति को हस्ताक्षरित पत्रों और अन्य औपचारिक दस्तावेजों समेत सभी आवश्यक दस्तावेज सौंप दिए। राघव चड्ढा और संदीप पाठक ने शुक्रवार को पांच अन्य सांसदों के साथ पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होने की घोषणा की।

## दिल्ली के बदरपुर की 50 कॉलोनियों को ओ-जोन से बाहर करने की मांग तेज

**दक्षिणी दिल्ली, एजेंसी।** बदरपुर विधानसभा क्षेत्र के नहरपार मीठापुर, सौरभ बिहार, हरिनगर, जैतपुर विस्तार, पार्ट-एक, पार्ट-दो के लोग 50 कालोनियों को ओ-जोन से बाहर किए जाने की मांग कर रहे हैं, ताकि सड़क-सीवर से लेकर विकास के अन्य काम जनहित में कराए जा सकें। इस मुद्दे पर हाल ही में क्षेत्रीय निवासियों ने बैठक भी की। समाजसेवी सरजीत चौकन के मुताबिक दिल्ली की 1731 कालोनियों में से 1511 कालोनियों को पास कर दिया गया, जबकि 220 कालोनियों को छोड़ दिया गया है, जिनमें बदरपुर विधानसभा क्षेत्र का जो 50 अनधिकृत कालोनियां भी हैं। रिकार्ड में इन्हें यमुना किनारे दिखाया गया है, जबकि नदी किनारे से इनकी दूरी तीन से चार किलोमीटर है। शहरी विकास मंत्रालय के अंतर्गत डीडीए द्वारा जो कारण बताया गया है वह ओ-जोन का मामला है।अब सवाल यह है कि जब यमुना किनारे से जो कालोनियां तीन से चार किलोमीटर की दूरी पर हैं, उसे कागजों में कैसे नदी की तलहटी में दिखाया गया।

## किसे मिलेगी जगह, कौन होगा बाहर; जानें कैसी होगी नितिन नवीन की नई टीम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** चार मई को पांच विधानसभा चुनावों के नतीजे आने के बाद भाजपा की नई केंद्रीय टीम गठित की जाएगी। इसके लिए पार्टी देशभर के चुनिंदा युवा नेताओं को लेकर मंथन कर रही है, जिनको भविष्य की भाजपा के लिए नए नेतृत्व के साथ आगे लाया जा सके। नई केंद्रीय टीम में लगभग आधे पदाधिकारियों की उम्र 50 साल से कम होने की संभावना है। नितिन नवीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने के बाद अब उनकी टीम को भी युवा स्वरूप देने की कवायद की जा रही है। सूत्रों के अनुसार, देशभर के प्रमुख युवा नेताओं को राष्ट्रीय टीम में लाने के लिए मंथन चल रहा है। संगठन के एक प्रमुख नेता देशभर के लगभग 50 प्रमुख युवा नेताओं के नाम पर इस बारे में विचार कर रहे हैं। इनमें से लगभग दो दर्जन नेताओं को दिल्ली लाया जा सकता है। इसमें क्षेत्रीय व सामाजिक समीकरणों का भी ध्यान रखा जा रहा है। चुनाव नतीजों के बाद संगठन पर ध्यान देगी पाटीर्ः बीते साल दिसंबर में भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद नितिन नवीन ने इस साल 20 जनवरी को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार संभाला था। इसके बाद से ही उनकी टीम को इंतजार किया जा रहा है। चूंकि भाजपा नेतृत्व के सामने उस समय संसद और पांच विधानसभाओं के चुनाव थे, इसलिए इसके बाद नई टीम को अंतिम रूप देने का विचार किया गया। अब जबकि चार मई को विधानसभा चुनावों के नतीजे आ जाएंगे तो पार्टी चुनावी मोड से संगठन मोड में आ जाएगी। सूत्रों के कहना है कि केंद्रीय टीम में युवा व अनुभव का समन्वय किया जाएगा। केंद्र सरकार से भी कुछ मंत्रियों को संगठन में लाए जाने की संभावना है। नई टीम को अगले एक दशक की संगठन की जरूरतों के अनुसार तैयार किया जाना है।

## दिल्ली में फिर टूटा रिकॉर्ड, सबसे गर्म रही रविवार की सुबह; 26 डिग्री के पार पहुंचा न्यूनतम तापमान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लगातार बढ़ती गर्मी के बीच अब रविवार की सुबह इस सीजन की सबसे गर्म रही है। न्यूनतम तापमान 26 डिग्री के पार चला गया। उधर दिल्ली की वायु गुणवत्ता 'खराब' ही बनी हुई है। रविवार को दिल्ली का न्यूनतम तापमान 26.2 डिग्री दर्ज किया गया। दिन का तापमान 43 से 44 डिग्री सेल्सियस के करीब रह सकता है। दिन में आकाश साफ रहेगा, तेज धूप भी खिली रहेगी।

**'खराब' श्रेणी में दिल्ली की हवा:** रविवार को 10 बजे दिल्ली का एक्यूआई 223 दर्ज किया गया। इसे 'खराब' श्रेणी में रखा जाता है। एनसीआर के शहरों में भी हवा मध्यम से खराब श्रेणी में ही चल रही है। पूर्वानुमान है कि हाल फिलहाल इसमें बहुत अधिक बदलाव नहीं होगा।

**गर्म हवाओं से बेहाल हुए लोग:** उधर, दिल्ली से सटे नोएडा, गाजियाबाद और गुरुग्राम में भी गर्मी ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। शनिवार को तेज धूप और लू जैसी गर्म हवाओं ने लोगों को परेशान कर दिया। हालात ऐसे रहे कि दिन



के समय सड़कों और बाजारों में सन्नाटा पसरा नजर आया। गुरुग्राम में अधिकतम तापमान 40.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जबकि न्यूनतम तापमान 25.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पारा 40 के पार जाते ही गर्मी का असर और तेज महसूस होने लगा है। मौसम विभाग ने बढ़ती गर्मी को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया है और लोगों को लू से बचाव के लिए सतर्क रहने की सलाह दी है। खासतौर पर दोपहर के समय बाहर निकलने से बचने और पर्याप्त पानी पीने की हिदायत दी गई है। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग ठंडे पेय पदार्थों का सहारा लेते दिखे, वहीं बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह मौसम अधिक संवेदनशील बना हुआ है। लू और तेज हवाओं का असर रहा। शनिवार को आसमान में आंशिक बादल छाए रहने के बावजूद गर्मी का प्रभाव कम नहीं हुआ। दिनभर 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलती रहीं, जबकि झोंके 40 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंचे। इन गर्म हवाओं ने तापमान के असर को और बढ़ा दिया, जिससे दिन के समय बाहर निकलना मुश्किल रहा।

## होर्मुज से बारूदी सुरंगें हटाने में लगेंगे छह महीने, ट्रंप के आदेश पर अमेरिकी सेना तलाश में जुटी

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में संघर्ष के दौरान ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में बारूदी सुरंगे बिछाकर उसे बेहद खतरनाक बना दिया है। खुद ईरानी सेना को भी नहीं पता कि बारूदी सुरंगें कहां-कहां हैं। अमेरिकी सेना अब अपने विशेष पोतों के जरिये बारूदी सुरंगें हटाने के अभियान में जुटी है। पेंटागन ने कहा है कि इस काम में छह महीने तक का समय लग सकता है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रयास को तीन गुना करने का आदेश दिया है। होर्मुज जलमार्ग से दुनिया के 20% तेल का परिवहन होता है। इसके बाधित होने से वैश्विक अर्थव्यवस्था खतरे में है। ऊर्जा की बढ़ती कीमतें और व्यापक आर्थिक प्रभाव ट्रंप प्रशासन के लिए राजनीतिक जोखिम पैदा कर रहे हैं, जहां नवंबर में मध्यावधि चुनाव होने हैं। हालांकि, इसके नतीजों से ट्रंप प्रशासन को कोई खतरा नहीं है, लेकिन संसद में उसके प्रभाव पर असर पड़ सकता है। हाल ही में अमेरिकी संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा की सशस्त्र सेवा समिति को दी गई एक गोपनीय ब्रीफिंग में, पेंटागन के अधिकारियों ने बारूदी सुरंगों को हटाने में छह महीने का समय लगने का अनुमान पेश किया। रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने इस आंकड़े की पुष्टि से इन्कार किया, लेकिन इसे नकारा भी नहीं। उन्होंने कहा, सेना को अपनी क्षमता पर पूरा भरोसा है कि वह उचित समय सीमा में बारूदी सुरंगें हटा देगी। ट्रंप ने दो दिन पहले ही कहा कि अमेरिकी माइनस्वीपर पहले से ही जलडमरूमध्य को साफ कर रहे हैं। उन्होंने इस गतिविधि को तीन गुना स्तर पर जारी रखने का आदेश दिया है। उन्होंने नौसेना को स्ट्रेट में बारूदी सुरंगें बिछाने वाली किसी भी नाव पर हमला करने का अलग से आदेश दिया है। बारूदी सुरंगों को हटाना एक बेहद मेहनत भरा काम है। अमेरिकी सेना के पूर्व अधिकारियों और इस मामले के विशेषज्ञों के मुताबिक, बारूदी सुरंगों को हटाना एक धीमी प्रक्रिया है जो आमतौर पर किसी संघर्ष के बाद होती है। उनके मुताबिक, बारूदी सुरंगों की खोज करना, अपने बगीचे में एक-एक करके खरपतवार को उखाड़ने जैसा है। बारूदी सुरंगों को हटाना घास काटने जैसा है। हालांकि, इनका यह भी कहना है कि हर एक बारूदी सुरंग को हटाना अनिवार्य नहीं है। अभी भी कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जिन्हें द्वितीय विश्व युद्ध और कुछ मामलों में प्रथम विश्व युद्ध के अवशेषों से मुक्त नहीं किया जा सका है, क्योंकि यह काम संसाधनों की अत्यधिक खपत और समय लेने वाला है। अमेरिका के एक रक्षा अधिकारी ने मीडिया को बताया कि अमेरिकी नौसेना के पास पश्चिम एशिया में फिलहाल दो तटीय युद्धपोत हैं जो बारूदी सुरंगों की खोज करने में सक्षम हैं।

### ● कई जगहों पर इस्लामी उग्रवादियों ने किया हमला

## माली में इस्लामी उग्रवादियों ने फैलाया आतंक, कई जगहों पर हमलों को दिया अंजाम; भारत ने जारी की एडवाइजरी

**जोहानसबर्ग, एजेंसी।** पश्चिम अफ्रीकी देश माली की राजधानी बमाको और देश के अन्य शहरों में शनिवार को इस्लामी उग्रवादियों और अलगाववादियों ने कई स्थानों पर हमले किए। यह हाल के वर्षों में देश में हुए सबसे बड़े हमलों में से एक था। अल-कायदा से जुड़ा एक आतंकवादी समूह, जकातत नसर अल-इस्लाम वाल-मुस्लिमीन (जेएनआईएम) ने इन हमलों की जिम्मेदारी ली है।

माली की राजधानी बमाको में स्थित भारतीय दूतावास ने एडवाइजरी जारी करते हुए कहा है, 'माली के काटी और अन्य हिस्सों में हालिया सुरक्षा घटनाओं और हमलों की रिपोर्टों के कारण देश में रहने वाले सभी भारतीय नागरिकों से अत्यधिक सतर्क रहने, अधिकतम सावधानी बरतने, घर के अंदर रहने और समय-समय पर माली के अधिकारियों द्वारा जारी निर्देशों का सख्ती से पालन करने का आग्रह करता है। 'दूतावास ने यह भी बताया कि वह माली के अधिकारियों के साथ समन्वय में उभरती स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रहा है और आवश्यकतानुसार आगे के अपडेट जारी करेगा। दूतावास ने भारतीय नागरिकों से अपनी वेबसाइट और दूतावास के आधिकारिक सोशल मीडिया खातों के माध्यम से संपर्क में रहने का आग्रह किया है। किसी भी आपातकालीन सहायता के लिए भारतीय नागरिकों को दूतावास से +223 78486019/94793705 पर संपर्क करने की भी सलाह दी गई है। जेएनआईएम ने अपनी वेबसाइट पर दावा किया कि ये हमले अजावाद लिबरेशन फ्रंट (एएलएफ) के साथ मिलकर किए गए थे, जो एक तुआरेग-नेतृत्व वाला अलगाववादी समूह है। इन हमलों में माली की राजधानी के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के साथ मध्य और उत्तरी माली के चार अन्य शहरों को निशाना बनाया गया। माली पहले से ही अल-कायदा और इस्लामिक स्टेट समूह से जुड़े संगठनों के साथ-साथ उत्तर में एक अलगाववादी विद्रोह से जूझ रहा है। मालियाई सेना ने एक बयान में कहा कि अज्ञात सशस्त्र आतंकवादी समूहों ने बमाको में कुछ स्थानों और बैरकों को निशाना बनाया।

# प्रभावशाली लोगों को निशाना बनाया जाता है', गोलीबारी की घटना पर बोले ट्रंप

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वॉशिंगटन डीसी में हुई सुरक्षा घटना पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि यह जानकर राहत मिली है कि डोनाल्ड ट्रंप, उनकी पत्नी और उपराष्ट्रपति सुरक्षित हैं और उन्हें किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ है। पीएम मोदी ने उनके अच्छे स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए शुभकामनाएं भी दीं। अपने संदेश में उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी लोकतंत्र में हिंसा के लिए कोई जगह नहीं होती और ऐसी घटनाओं की पूरी तरह निंदा की जानी चाहिए। ट्रंप ने कहा कि उन्हें इस बात की चिंता नहीं करनी चाहिए, क्योंकि सुरक्षा का काम करने के लिए उन्होंने बेहतरीन लोगों को जिम्मेदारी दी है। उन्होंने बताया कि उनके अनुसार कानून-व्यवस्था की एजेंसियों ने इस बार पहले से भी बेहतर और तेज काम किया। उन्होंने कहा कि इससे पहले पेंसिल्वेनिया के बटलर में एक सुरक्षा चूक हुई थी, जहां एक कमजोर जगह की वजह से बड़ी घटना हुई और नुकसान भी हुआ था। ट्रंप ने कहा कि इस बार स्थिति पूरी तरह अलग थी और सुरक्षा व्यवस्था बहुत मजबूत थी। ट्रंप के मुताबिक, हमलावर तेजी से दौड़ रहा था, लेकिन उसे समय रहते रोक लिया गया। उन्होंने कहा कि वह खुद घटना स्थल से काफी दूर थे और हमलावर कार्यक्रम हॉल के दरवाजों तक भी नहीं पहुंच पाया।उन्होंने यह भी बताया कि कमरे की सुरक्षा पूरी तरह बंद थी और सभी लोग अंदर सुरक्षित थे। ट्रंप ने कहा कि अगर दरवाजे पहले न खोले गए होते, तो शायद कार्यक्रम आगे चल सकता था, लेकिन स्थिति को देखते हुए इसे रोकना और बाद में फिर से आयोजित करना ज्यादा सुरक्षित फैसला है।

जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या यह हमला किसी अकेले व्यक्ति (लोन वुल्फ) द्वारा किया गया था, तो ट्रंप ने कहा कि उनकी जानकारी के अनुसार आरोपी अकेला ही था और वह मानसिक रूप से अस्थिर व्यक्ति जैसा लगता है। ट्रंप ने कहा कि ऐसे लोग खतरनाक होते हैं और उनसे सख्ती से निपटना जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर ऐसे लोगों को छोड़ा गया तो वे दोबारा भी हमला करने की कोशिश कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस तरह के मामलों में पहले भी कड़ी कार्रवाई की गई है और आरोपी को आजीवन कारावास जैसी सजा मिल रही है। ट्रंप ने कहा कि जांच एजेंसियां इस मामले में जल्द ही और जानकारी सामने रखेंगी और आरोपी के बारे में पूरी सच्चाई जल्दी सामने आ जाएगी।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने वॉशिंगटन डीसी में व्हाइट हाउस संवाददाता डिनर के दौरान हुई गोलीबारी की घटना पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि यह घटना बेहद चिंताजनक और परेशान करने वाली है, जिसने उन्हें गहरा झकझोर दिया है। उन्होंने बताया कि यह जानकर राहत मिली कि डोनाल्ड ट्रंप, उनकी पत्नी और कार्यक्रम में मौजूद अन्य



सभी लोग सुरक्षित हैं। शरीफ ने कहा कि उनकी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं इस घटना से प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। उन्होंने ट्रंप के लिए लगातार सुरक्षा और अच्छे स्वास्थ्य की कामना भी की।

**मेरी टीम को नहीं थी किसी चेतावनी की जानकारी- ट्रंप:** ट्रंप ने कहा कि वह यह नहीं कह सकते कि क्या वह खुद निशाने पर थे, लेकिन ऐसे हमले करने वाले लोग अक्सर अस्थिर होते हैं और उनकी हरकतों का अंदाजा लगाना मुश्किल होता है। उन्होंने बताया कि घटना स्थल पर सुरक्षा के लिए भारी इंतजाम थे और कई सुरक्षाकर्मी अलग-अलग जगहों पर मौजूद थे, यहां तक कि सामान्य लोगों की तरह बैठे हुए भी। ट्रंप के अनुसार, हमलावर को उन तक पहुंचने के लिए काफी दूरी तय करनी पड़ती, लेकिन सुरक्षा बलों ने पहले ही उसे रोक दिया और तुरंत कार्रवाई की। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था की टीम ने बहुत तेज और प्रभावी तरीके से काम किया। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें पहले से किसी खतरे की जानकारी थी, तो ट्रंप ने कहा कि उन्हें या उनकी टीम को कोई चेतावनी नहीं मिली थी और उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं थी। उन्होंने बताया कि हमलावर अब पुलिस की हिरासत में है और उससे लगातार पूछताछ की जा रही है। जांच एजेंसियां उसके घर, जो कि कैलिफोर्निया में है, वहां भी जांच कर रही हैं। ट्रंप से जब पूछा गया कि क्या अब उनकी टीम को आउटडोर यानी खुले स्थानों पर होने वाले कार्यक्रमों पर फिर से विचार करना चाहिए, तो उन्होंने कहा कि हर स्थिति में बदलाव संभव नहीं है और कई कार्यक्रमों को खुले में ही करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि जिस जगह घटना हुई, वह सुरक्षित थी, लेकिन हमलावर बहुत दूर लगभग 50 गज से दौड़ता हुआ आया था। ट्रंप के अनुसार वह काफी दूरी से तेजी से आगे बढ़ रहा था, लेकिन सुरक्षा बलों ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और उसे रोक लिया।उन्होंने कहा कि सुरक्षा कर्मियों की प्रतिक्रिया बहुत तेज थी और उन्होंने सही समय पर कार्रवाई की।

# तमाम सरकारी योजनाओं की जानकारी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाते हैं बीसी : मंत्री योगेंद्र

## बीसी एसोसिएशन के राज्यस्तरीय अधिवेशन में बैंक मित्रों के हक अधिकार की उठी आवाज






**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो के सेक्टर आठ स्थित काली बाड़ी मंगलम विवाह मंडप में बैंक ऑफ इंडिया से जुड़े बिजनेस कॉरेस्पॉन्डेंट एसोसिएशन की राज्यस्तरीय अधिवेशन का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में सूबे के पेयजल व स्वच्छता एवं उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद मुख्य अतिथि एवं फेडरेशन ऑफ बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ यूनियन के जेनरल सेक्रेटरी दिनेश झा ललन मुख्य रूप से उपस्थित थे। मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं अन्य अतिथियों ने दीप जलाकर इस अधिवेशन की विधिवत शुरूआत की। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि बैंक में बीसी एक ऐसा महत्वपूर्ण कड़ी है जो राज्य सरकार की योजनाओं से लेकर बैंकिंग की तमाम सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाते हैं। पिछले कई साल से बीसी अपने हक अधिकार को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। राज्य के सभी जिलों के बीसी जब मुझसे पिछले साल मिला, तो अथक प्रयास से अब उनके संगठन का रजिस्ट्रेशन हो गया है। उन्होंने कहा कि अधिकार तभी मिलेगा जब इसके लिए संघर्ष करना पड़ेगा, लंबी लड़ाई लड़नी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि बीसी को कभी भी परेशानी हो तो उनके हर कदम पर हमारा साथ रहेगा। चरणबद्ध व संवैधानिक तरिके से लड़ाई करें, राज्य सरकार आपके मान सम्मान एवं अधिकार जरूर दिलाएगी। वहीं विशिष्ट अतिथि दिनेश झा ललन ने कहा कि एकजुटता ही संघर्ष की सफलता की सबसे अहम कड़ी है। इसलिए अपनी आवाज हमेशा बुलंद रखें। संघर्ष जारी रखिए, सफलता एक दिन निश्चित रूप से मिलेगी। इस दौरान कसमार प्रखंड प्रमुख नियोति दे, संजीव चटर्जी, एसके आदक, एनके महाराज, एसएन दास, मुकेश कुमार सिंह, प्रदीप कुमार झा, फिरदौस आलम, राजेश ओझा, राकेश मिश्रा, परमहंस, विनय कुमार, कुमारी अनुपमा समेत अन्य अतिथियों ने कार्यक्रम को संबोधित किया। मौके पर बीसी एसोसिएशन के धर्मेन्दु शेखर मुखर्जी, प्रखर मयूर, त्रिभुवन कुमार दास, अजय कुमार बरनवाल, रंजीत कुमार पांडेय, पप्पु सिन्हा, तपन कुमार सिंह, नारायण कुमार, दिलेश्वर कुमार, सुकुमार मांझी, रविंद्र कुमार, रूपा मुखर्जी, जितेन्दु शेखर व झारखंड राज्य के अलग अलग जिले से आए बीसी मौजूद थे।

**बीसी ने उठाई कई प्रमुख मांगे :**

अधिवेशन के दौरान झारखंड के अलग अलग जिले से आए बीसी ने अधिवेशन के दौरान कई प्रमुख मांगों को उठाया। जिनमें से न्यूनतम निश्चित मासिक वेतन लागू करने, कमीशन दर में वृद्धि कमीशन व सैलरी हर महीने निश्चित तारीख तक अनिवार्य रूप से देने, बीमा और सामाजिक सुरक्षा में जीवन बीमा, स्वास्थ्य बीमा और कैश की बीमा देने, सुरक्षा व्यवस्था, कैश हैंडलिंग के दौरान सुरक्षा गार्ड, सीसीटीवी या पुलिस सहयोग की व्यवस्था करने, उपकरण और नेटवर्क सुविधा और इंटरनेट कनेक्टिविटी की जिम्मेदारी बैंक को लेने, प्रशिक्षण और स्किल डेवलपमेंट में नई योजनाओं, डिजिटल बैंकिंग और टेक्नोलॉजी पर नियमित ट्रेनिंग देने, स्थायी पहचान और दर्जा में बीसी को बैंकिंग सिस्टम का अधिकृत कर्मचारी का दर्जा दिया जाने, कार्य समय और अवकाश में काम के घंटे निर्धारित हों और साप्ताहिक छुट्टी का प्रावधान देने, प्रमोशन और करियर ग्रोथ, बीसी द्वारा किये गये सभी कार्यों का उचित परिश्रमिक का भुगतान पारदर्शिता के साथ किया जाये। इस दौरान कई प्रमुख समस्याएँ भी उठाई गई, जिनमें बिना पूर्व सूचना के अकारण ओडी खाता फ्रीज किया जाने व केओ आईडी बंद किया जाने, तकनिकी समस्या की त्वरित जानकारी देने, कमिशन का भुगतान की जानकारी और पारदर्शी ना होने, कमिशन का अनियमित भुगतान, एक ही लोकेशन पर एक से अधिक बीसी नियुक्त किया जाने, कैश की उपलब्धता ना हो पाने, बैंक का अन्य कार्य कार्य क्षेत्र से बाहर करने हेतु दवाव बनाने एवं करने पर कोई लाभ नहीं, करने पर कार्य में बाधा उत्पन्न करने, सुरक्षा का अभाव (चोरी, लूट या जान की हानी होने पर भी), बीमा और सामाजिक सुरक्षा की कमी, 2010 का निर्धारित कमिशन में कोई भी वृद्धि ना कर बल्की और घटाया जाने व आर्थिक तंगी की स्थिति पैदा होने, जबकी बैंक कर्मियों की वेतन वृद्धि होने व अन्य कई समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए इस पर त्वरित पहल एवं कार्यवाही करने की मांग की गई।

**पारंपरिक घोड़ा नाच से किया गया अतिथियों का स्वागत :**

अधिवेशन में पधारे मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं अन्य अतिथियों को बीसी एसोसिएशन की ओर से पारंपरिक घोड़ा नाच से स्वागत किया गया। इस दौरान घोड़ा नाच के चर्चित लोक कलाकार बिनोद महतो रसलीन एवं उनकी टीम द्वारा फूल माला, चंदन व तिलक लगाकर झुमर नृत्य के साथ मुख्य मंच तक लाया गया।

## संक्षिप्त समाचार

**जिले में सम्पन्न हुई झारखंड पात्रता परीक्षा 2024**

### परीक्षा में 12,656 परीक्षार्थी हुए शामिल, 9,028 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रविवार को आयोजित झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) अंतर्गत झारखंड पात्रता प्रतियोगिता परीक्षा 2024 का आयोजन जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। परीक्षा एक - पाली में आयोजित की गई। जिले में बनाएं 51 परीक्षा केंद्रों में कुल 22,404 परीक्षार्थियों को शामिल होना था। जिसमें 12,656 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 9,028 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। दिन भर उपायुक्त (डीसी) श्री अजय नाथ झा स्वयं परीक्षा संचालन एवं व्यवस्थाओं की निगरानी करते रहे। तथा अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, डीएलएओ श्री द्वारिका बैठा, डीईओ श्री जगरनाथ लोहरा आदि को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### सहयोगिनी को मिला अनसंग एवरीडे हीरोज अवार्ड

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** द आर्ट ऑफ लिविंग ऑर्गनाइजेशन की ओर से बोकारो की सामाजिक संस्था सहयोगिनी को अनसंग हीरोज अवाड्र्स से आज हजारीबाग के श्री शंभू हॉल में सम्मानित किया गया। यह खास पहल द आर्ट ऑफ लिविंग ऑर्गनाइजेशन की 45 साल की सेवा और गुरुदेव श्री श्री रविशंकर के प्रेरणा देने वाले जीवन के 70वें साल का जश्न



मनाते हुए दिया गया। इस संबंध में सहयोगिनी बोकारो की सचिव कल्याणी सागर ने कहा कि सभी समुदायों में मानवीय मूल्यों और निस्वार्थ सेवा को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। यह अवार्ड प्रोग्राम, द आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा शुरू किया गया और गुरुदेव श्री श्री रविशंकर द्वारा आशीर्वादित, उन लोगों को सम्मानित करता है जो इन आदर्शों को अपनाते हैं। समाजसेवी मनोज गुप्ता, नवेंदु शंकर जयपुरिया, रविंद्र कुमार के हाथों सहयोगिनी की सचिव कल्याणी सागर तथा निदेशक गौतम सागर को प्रदान किया गया। इस सम्मान पर सहयोगिनी से जुड़े हुए सुचित्रा सिंह, कुमारी किरण, विनीता देवी, अभय सिंह, रवि कुमार, सूर्यमणि देवी, मंजू देवी ने खुशी जाहिर की है।

### लायंस क्लब ऑफ धनबाद ने पर्यावरण संरक्षण सेवा सप्ताह मनाया

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लायंस क्लब ऑफ धनबाद डिस्ट्रिक्ट 322अ के द्वारा चल रहे 18 से 26 अप्रैल तक पर्यावरण संरक्षण सेवा सप्ताह कार्यक्रम के अन्तिम दिन रविवार को क्लब के समस्त सदस्यों के द्वारा बैंक मोड़ स्थित पुराना सरकारी कुआँ में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव व साफ सफाई किया गया । विदित है ये सरकारी कुआँ काफी पुराना है। लोगों



के द्वारा बताया गया कि इस कुआँ का पानी कभी सूखा नही है और सदियों से क्षेत्र के दुकानदार व गरीबो का प्यास बुझाती रही है।स्थानीय लोगो ने क्लब के द्वारा किए गये इस कार्य की सराहना की ।इस कार्यक्रम में लायंस क्लब ऑफ धनबाद के अध्यक्ष लायन दिलीप सुभीकि, सचिव लायन शेखर प्रसाद, लायन इन्दू मैत्रा,लायन प्रेम प्रकाश गंगेसरिया, लायन प्रज्जवल भट्टाचार्य समेत स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# चंदनकियारी में उपायुक्त ने पीडीएस दुकान का किया औचक निरीक्षण

## कार्डधारियों से सीधे संवाद कर राशन वितरण व्यवस्था की ली जानकारी

## ● खाद्यान्न आवंटन-वितरण पंजी अद्यतन रखने का दिया निर्देश



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रविवार को उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा ने चंदनकियारी प्रखंड अंतर्गत झालबरदा गांव स्थित जन वितरण प्रणाली दुकान (पीडीएस) लाइसेंस संख्या 06/सीकेवाई/03 का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खाद्यान्न आवंटन एवं उपलब्धता की जानकारी ली तथा वितरण व्यवस्था का जायजा लिया। उपायुक्त ने मौके पर उपस्थित कार्डधारी श्रीमती उपासी देवी व अन्य से सीधे संवाद कर राशन वितरण की स्थिति, नियमितता एवं पारदर्शिता के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने लाभुकों से मिल रहे खाद्यान्न की गुणवत्ता और वितरण प्रक्रिया को लेकर भी फीडबैक लिया। निरीक्षण क्रम में उपायुक्त ने पीडीएस दुकानदार श्री महेश प्रसाद सिंह चौधरी को खाद्यान्न आवंटन एवं वितरण से संबंधित पंजी अद्यतन रखने तथा सभी अभिलेखों का नियमित संधारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जन वितरण प्रणाली में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सर्वोच्च प्राथमिकता है। मौके पर सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# मैट्रिक की परीक्षा में चंदा कुमारी बनीं स्कूल टॉपर समाजसेवी त्रिलोचन झा ने किया सम्मानित

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो जिले के बी. एन. हाई स्कूल मामरकुदर की छात्रा चंदा कुमारी ने मैट्रिक की परीक्षा में अपनी मेधा का लोहा मनवाया है। चंदा ने कुल 468 अंक प्राप्त कर अपने स्कूल में टॉपर बनने का गौरव भी हासिल किया। चंदा कुमारी, जिनके पिता सुनील कुमार और माता सुगा देवी अपनी बेटी की इस कामयाबी पर फूले नहीं समा रहे हैं, आज पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई हैं। इस उपलब्धि की जानकारी मिलते ही समाजसेवी त्रिलोचन झा चंदा के निवास स्थान मामरकुदर पहुँचे। उन्होंने चंदा की मेहनत की सराहना करते हुए उन्हें घड़ी भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर त्रिलोचन झा ने कहा कि ग्रामीण परिवेश की बेटियां आज अपनी प्रतिभा से यह साबित कर रही हैं कि वे किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। उन्होंने चंदा के उज्जवल भविष्य की कामना की और अन्य बच्चों को भी उनसे सीख लेने की प्रेरणा दी। अपनी इस बड़ी जीत पर उत्साहित चंदा कुमारी ने विनम्रता के साथ अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया है। चंदा का कहना है कि उनके माता-पिता के निरंतर सहयोग और शिक्षकों के मार्गदर्शन की वजह से ही वह आज इस मुकाम पर पहुँच पाई हैं। मेहनत और लगन की यह कहानी उन सभी छात्र-छात्राओं के लिए एक मिसाल है जो अभावों के बीच भी ऊंचे सपने देखते हैं।



# बोकारो हवाई अड्डा से व्यावसायिक उड़ान सेवा गंदी राजनीति का शिकार : नागरिक अधिकार मंच

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो हवाई अड्डा गंदी राजनीति का शिकार हो गया है। यहां से व्यावसायिक उड़ान को प्रारंभ नहीं करना बोकारो के साथ न सिर्फ धोखा है बल्कि यहां के विकास को बाधित करने की यह घृणित मानसिकता का परिचायक है । उक्त बातें आज नागरिक अधिकार मंच के कार्यालय में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में मंच के केंद्रीय अध्यक्ष सह प्रदेश संयोजक स्वच्छ भारत अभियान झारखंड प्रदेश भाजपा शशि भूषण ओझा 'मुकुल' ने अपने संबोधन में कही। कहा कि केंद्र सरकार के उड़ान योजना के तहत सेल/ बोकारो स्टील प्लांट के इस हवाईअड्डा का विस्तारीकरण करने हेतु 25 सितंबर 2018 को राज्य के तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास एवं तत्कालीन केंद्रीय उड्डयन राज्यमंत्री जयंत सिंहा ने शिलान्यास किया था और वर्ष 2022 में यहां से उड़ान प्रारम्भ होजाना था । निर्माणकार्य बहुत तेजी से प्रारंभ हुआ और 2022 तक इस हवाईअड्डा का लगभग 80% कार्य पूरा कर लिया गया मगर बचा कार्य जो राज्य सरकार के जिम्मे था उसे रघुवर सरकार के हट जाने के बाद बनी नई सरकार द्वारा जानबूझकर लटका दिया गया। बैठक में शशि भूषण ओझा 'मुकुल', रघुवर प्रसाद, ललन कुमार निषाद, वीरेंद्र चौबे, महेंद्र राय, ज्ञानचंद जायसवाल, आर के शर्मा, अभय कुमार गोलू, योगेंद्र चौधरी और शैलेंद्र झा सहित कई समाजसेवी, व्यवसाई, बुद्धिजीवी उपस्थित होकर अपना विचार दिए । सर्वसम्मति से तय किया गया कि नागरिक अधिकार मंच बोकारो हवाईअड्डा से अविलंब व्यावसायिक हवाई उड़ान प्रारम्भ कराने हेतु सड़क पर आंदोलन को तेज करेगा और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री भारत सरकार, राज्य के महामहिम राज्यपाल, माननीय मुख्यमंत्री झारखंड, मुख्य सचिव, उपायुक्त बोकारो तथा सेल के डायरेक्टर इंचार्ज से जल्द ही मिलेगा ।

# सरदार पटेल पब्लिक स्कूल बोकारो में आयोजित झारखंड पात्रता परीक्षा रद्द, परीक्षार्थियों ने किया हंगामा





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 18 वर्षों के बाद जेटेट का एग्जाम आज सुबह 10 बजे से 1 तक प्रथम पाली में लिया जाने वाला था। लेकिन सेक्टर 9 के सरदार पटेल पब्लिक स्कूल में एक सेट का 32 प्रश्न पत्र परीक्षा केंद्र नहीं पहुंचने से परीक्षार्थियों ने जमकर हंगामा किया। हालांकि दोपहर बाद झारखंड लोक सेवा आयोग इस परीक्षा केंद्र की परीक्षा रद्द कर दी। इससे पूर्व परीक्षार्थियों का आरोप है कि प्रशासन ने पूरी तरह से परीक्षार्थियों को कैद में कर रखा था। सिर्फ बोकारो डीसी अजय नाथ झा के द्वारा आश्वासन दिया जा रहा था कि 1 घंटे में प्रश्न पत्र आ जाएगा। प्रश्न पत्र का सेट धनबाद चला गया है। लेकिन 1 बजे एग्जाम खत्म होने के बाद भी प्रश्न पत्र नहीं आया। ऐसे में प्रशासन के कार्य शैली पर सवाल उठना लाजिमी है। इसे हम भ्रष्टाचार ही कह सकते है। परीक्षार्थियों ने बताया कि सुबह 8 बजे हम लोगों को केंद्र में प्रवेश करने का आदेश निर्गत किया गया था 10 से एग्जाम था लेकिन प्रश्न पत्र पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। जबकि 1 घंटे में धनबाद से प्रश्न पत्र आ सकता था और एग्जाम भी दिया जा सकता था। परीक्षार्थियों ने कहा कि हम लोगों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया है। परीक्षार्थियों के हंगामे को देखते हुए डीसी एसपी मौके पर मौजूद रहे ।पुलिस की तैनाती भी मौके पर की गई थी लेकिन प्रशासन के किसी भी अधिकारी ने इस पर मीडिया से बात नहीं की। बोकारो पहुंचे मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने इस मामले को लेकर कहा कि यह जेपीएससी की लापरवाही है। डीसी से मामले की रिपोर्ट लेकर सरकार के संज्ञान में इसे देने का काम किया जाएगा। मामला काफी गंभीर है।

# कवियों ने बोकारो पुस्तक मेले में बांधा समां, साहित्यिक संध्या ने मोहा मन




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समय इंडिया ट्रस्ट नई दिल्ली अपनी सहयोगी संस्था पुस्तक मेला समिति रांची के संयुक्त तत्वावधान में जारी 4 दिवसीय बोकारो पुस्तक मेला के तीसरे दिन भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के बाहर स्थित हाल, आई.टी.आई. मोड़, चास, में सजे धजे मंच पर किया गया। उत्साही श्रोताओं के बीच कवियों ने अपनी प्रभावशाली रचनाओं से ऐसा समां बांधा कि पूरा वातावरण देर तक तालियों की गूंज से गूंजता रहा। कवि सम्मेलन में संयोजिका और जोहार कलमकार मंच झारखंड के डॉ. ममता बनर्जी का स्वागत अंगवस्त्र और पुस्तक देकर समय इंडिया के प्रबंध न्यासी चंद्र भूषण ने किया। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता एवं प्रशंसनीय समीक्षा डॉ राशि सिन्हा ने की। कवि सम्मेलन में आए सभी कवियों को परम्परागत रूप से स्वागत एवं सम्मानित किया गया।मुख्य रुप से पंकज प्रेमी के गीत 'चलो गुणगुणाए खुशी का तराना, डॉ. नरेंद्र कुमार राय की आपस में प्रेम से रह, करुणा कालिका की क्लासमेट की कापी सुनकर श्रोता गदगद हो गये।गंगेश कुमार पाठक की पुस्तक की व्यथा' पुस्तक छोडकर हमने मोबाईल को है, अपनाया,गाकर खुब वाह वाही लूटी। जाहिद सूफी की गजल 'दिल का गम छुपाना है, शीला तिवारी की चले आते हो मिलने याद जब मेरी सताती है। कवि सम्मेलन का संचालन डॉ. ममता बनर्जी मंजरी ने किया। श्रोताओं ने कवियों की कविताओं का भरपूर आनंद उठाया और सराहा। अंत में धन्यवाद ज्ञापन जीजीएसइएसटीसी के निदेशक प्रियदर्शी जरूहार और साहित्यकार पल्लवी प्रसाद ने की।

# पुलिस ने दो नामजद आरोपियों को किया गिरफ्तार



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बरोरा थाना क्षेत्र में शनिवार को हुई फायरिंग की सनसनीखेज घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है. इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. जबकि अन्य की तलाश जारी है. गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस ने पिस्टल और कट्टा बरामद किया है. साथ ही जिंदा कारतूस भी. रविवार को ग्रामीण एसपी मोहम्मद याकूब ने प्रेस वार्ता कर पूरे मामले का खुलासा करते हुए बताया कि पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए छापेमारी कर दो आरोपी विशाल चौहान और अनीश चौहान को गिरफ्तार कर लिया है. उन्होंने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपियों का आपराधिक इतिहास रहा है. इनके खिलाफ पहले से भी कई मामले दर्ज हैं. पुलिस के अनुसार शुरूआती जांच में यह मामला पुरानी रंजिश से जुड़ा सामने आया है. फिलहाल अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है. पुलिस ने जल्द ही पूरे गिरोह को पकड़ने का भरोसा जताया है. घटना शनिवार सुबह करीब 10 बजे की है. जब बरोरा निवासी रविंद्र चौहान पर पुरानी रंजिश के चलते जानलेवा हमला किया गया. जानकारी के अनुसार चार बाइक पर सवार करीब आठ हमलावर माथाबांध ग्राउंड के पास बरोराझ्रडुमरा मुख्य मार्ग पर पहुंचे और अचानक अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी. इस हमले में रविंद्र चौहान घायल हो गए थे, जिन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया था. घटना के बाद पीड़ित के बयान पर बरोरा थाना में गौरव चौहान, अनीश चौहान, पवन यादव, विशाल चौहान, नीरज उर्फ मोटका समेत तीन अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी.

# रोटरी क्लब धनबाद सेंट्रल ने लगाया निशुल्क सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण शिविर



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रोटरी क्लब ऑफ धनबाद सेंट्रल द्वारा न्यू श्री क्लिनिक, धनबाद के सहयोग से निःशुल्क सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण शिविर (द्वितीय डोज) का सफल आयोजन रविवार को न्यू श्री क्लिनिक में डॉ नीतू सहाय एवं डॉ विभाष सहाय के नेतृत्व में किया गया।इस शिविर में रोटरी क्लब के सदस्यों एवं डैफोडिल अकादमी, करकेंद की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी लाभार्थियों को टीके की दूसरी खुराक प्रदान की गई, जो सर्वाइकल कैंसर से दीर्घकालिक सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।इस कार्यक्रम के इवेंट चेयरमैन रोटेरियन राहुल डोकानिया रहे। शिविर में प्रमुख रूप से रोटेरियन दिवेन तिवारी, रोटेरियन सुनील गोयल, रोटेरियन नितेश बुबना, रोटेरियन सुषांत कुमार एवं रोटेरियन दीपक बंसल उपस्थित रहे।कुशल चिकित्सा टीम एवं रोटरी सदस्यों के सहयोग से यह शिविर सुचारु एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह पहल महिलाओं के स्वास्थ्य, जागरूकता एवं निवारक देखभाल के प्रति क्लब की निरंतर प्रतिबद्धता को दशार्ती है।रोटरी क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन सीए विनीत तुलस्यान ने न्यू श्री क्लिनिक, सभी सदस्यों एवं स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त करते हुए इस सेवा कार्य को सफल बनाने हेतु धन्यवाद दिया।रोटरी क्लब ऑफ धनबाद सेंट्रल के सदस्यों ने कहा रोटरी क्लब का उद्देश्य समाज को एक सर्वाइकल कैंसर मुक्त भविष्य की ओर अग्रसर करना है।हम सर्वाइकल कैंसर को समाप्त कर सकते हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com